दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 15 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-234 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

शारदीय नवरात्र



पंचमी (मां स्कंदमाता)

नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं।

11.40 लाख रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन का दिवाली बोनस



नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे कर्मचारियों को मिलने वाले प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस की गणना के लिए अधिकतम मासिक वेतन सीमा 7,000 तय की गई है। इस आधार पर 78 दिन के बोनस की अधिकतम रकम 17,951 बनती है। यह अधिकतम गणना की रकम है। कर्मचारियों को मिलने वाला वास्तविक बोनस उनकी पात्रता और लागू नियमों के आधार पर अलग हो सकता है। रेलवे के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में 1,670 मिलियन टन माल की ढुलाई की गई, जो उस साल का रिकॉर्ड था। इस दौरान रेलवे से करीब 7.41 अरब यात्रियों ने सफर किया। रेल मंत्री ने कहा कि बोनस का मकसद कर्मचारियों को उनकी मेहनत के लिए प्रोत्साहित करना और रेलवे के कामकाज को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना है।

त्योहारों के समय केन्द्रीय कैबिनेट ने लोगों को दिया बड़ा तोहफा

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता अगले 5 साल जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक अगले पांच वर्षों के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए कुल 53,428 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट के फैसले के तहत योजना और इसकी विभिन्न उप-योजनाओं के नाम बदले जाएंगे, दिव्यांगजन पेंशन योजना में पात्रता मानदंड और सहायता राशि में संशोधन किया जाएगा, जबकि वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और पारिवारिक लाभ योजनाएं मौजूदा स्वरूप में जारी रहेंगी। सरकार के अनुसार, इस फैसले से देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 3.20 करोड़ लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। ग्रामीण विकास विभाग अगले तीन महीनों के भीतर संशोधित दिशा-निर्देश जारी करेगा और उन्हें लागू किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम का नाम बदलकर 'प्रधानमंत्री सामाजिक सहायता योजना' किया जाएगा, जिसके तहत मौजूदा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का नाम प्रधानमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना का नाम प्रधानमंत्री विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना का नाम प्रधानमंत्री दिव्यांगजन पेंशन योजना और राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना का नाम प्रधानमंत्री परिवार लाभ योजना रखा जाएगा।

3 पेंशन योजनाओं से इंदिरा गांधी नाम हटा, दिव्यांगों को अब जन्म से पेंशन

बिहार में बिना परमिट गाड़ी चलाने पर अब 7 दिन का ही जुर्माना

परिवहन विभाग का नया आदेश

पटना (एनएसबी)। राज्य में बिना परमिट चल रहे वाहनों पर लगने वाले जुर्मानें पर परिवहन विभाग ने राहत दी है। अब अवैध परिचालन के लिए अधिकतम 30 दिनों के बजाय सात दिनों का ही जुमार्ना वसूला जाएगा। इस संबंध में राज्य परिवहन आयुक्त कार्यालय ने आदेश जारी कर सभी जिला परिवहन पदाधिकारियों (DTO) को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। परिवहन विभाग के अनुसार, राज्य परिवहन प्राधिकार की विभिन्न बैठकों में ऐसे मामले सामने आए थे, जिनमें बिना वैध परमिट के वाहन सड़कों पर चलाए जा रहे थे। इससे सरकारी राजस्व की चोरी हो रही थी। इसके बाद संबंधित वाहनों के पिछले 30 दिनों के परिचालन की जांच कर अवैध परिचालन की अवधि के आधार पर जुमार्ना लगाने और वसूली करने का निर्देश दिया गया था।

वाहन मालिकों को मिली राहत

कोई भी आपदा प्रभावित किसान अनुदान से वंचित न रहे : सम्राट

2,48,704 किसानों के खातों में भेजी गयी कृषि इनपुट अनुदान राशि



पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अगस्त, 2026 के अंतिम सप्ताह में अतिवृष्टि एवं विभिन्न नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण आयी बाढ़ से फसल क्षति झेलने वाले 2,48,704 किसानों के बैंक खातों में कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से 112.52 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की।

इस अवसर पर सीएम ने कहा कि किसानों को संकट के समय सहायता पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि प्रभावित किसानों को समय पर फसल क्षति की आर्थिक सहायता मिले ताकि वे खेती-किसानी के कार्यों को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि जो जानकारी मुझे दी गई है उसके अनुसार 4,57,616 किसानों ने अनुदान के लिए आवेदन किया है, जिसमें से 2,48,704 प्रभावित किसानों के खाते में 112.52 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण आज डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में किया गया है। दशहरा के बाद 22 अक्टूबर से विशेष अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करें कि बाढ़ से जिन किसानों को फसल क्षति हुई है, उन्हें भी अनुदान राशि उपलब्ध करायी जाय, कोई भी आपदा प्रभावित किसान इससे वंचित न रहें।सीएम ने कहा कि कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत असिंचित फसल क्षेत्र के लिए 8,500 रुपए प्रति हेक्टेयर, सिंचित क्षेत्र के लिए 17,000 रुपए प्रति हेक्टेयर तथा साश्वत / बहुवर्षीय फसल के लिए 22,500 रुपए प्रति हेक्टेयर के रूप में किसानों को अनुदान दिया जाता है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री विजय कुमार सिन्हा, राम कृपाल यादव, रत्नेश सादा, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे, जबकि वीसी के माध्यम से संबंधित जिलों के डीएम जुड़े हुये थे।

सीएम ने बिहार मोटरसाइकिल दल को किया रवाना

पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष के निकट बने मंच से राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2026 के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली में बिहार का प्रतिनिधित्व करने वाले बिहार मोटरसाइकिल दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली पटना से प्रारंभ होकर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश होते हुए गुजरात पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी सद्भाव और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेंद्र प्रसाद यादव, गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

वैशाली में दिनदहाड़े ग्यारह लाख की लूट

कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल पर अपराधियों ने दिया अंजाम



हाजीपुर (वैशाली) (एनएसबी)। वैशाली जिले में कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्सलेन पुल के पाया नंबर 15 के पास बुधवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर 11 लाख रुपये लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने रुपये लेकर जा रहे व्यक्ति के साथ मारपीट की और पिस्तौल के बट से सिर पर वार कर उन्हें जख्मी कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश रुपये लेकर पटना की ओर फरार हो गए। पीड़ित की पहचान जुरावनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पूर्वी गांव निवासी चंद्रेश्वर साह के पुत्र मनोज कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने इस संबंध में रुस्तमपुर थाना में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

बैंक से रुपये निकालकर घर लौट रहे थे मनोज : पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार, मनोज कुमार बुधवार को दोपहर करीब दो बजे कच्ची दरगाह स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की रुस्तमपुर शाखा से 11 लाख रुपये निकालकर घर लौट रहे थे।

16 अक्टूबर से बिहार में बालू खनन फिर शुरू



पटना (एनएसबी)। बिहार में चार महीने के विराम के बाद 16 अक्टूबर से बालू खनन और उठाव शुरू होगा। सरकार की तैयारी फिलहाल 212 बालूघाटों से खनन की है। इनमें पीले बालू के 181 और उजले बालू के 31 घाट शामिल हैं। खनन शुरू होने से निर्माण कार्यों के लिए बालू की उपलब्धता बढ़ेगी। खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि पारदर्शी खनन व्यवस्था, खनिज संसाधनों का संरक्षण और राजस्व वृद्धि सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री डॉ. प्रमोद ने कहा राजस्व संग्रह में वृद्धि, पारदर्शिता प्राथमिकता मंत्री ने बताया कि खान एवं भूतत्व विभाग को वित्तीय वर्ष 2026-27 में सितंबर तक 1,220.53 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में यह राशि 862.64 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रह में 357.89 करोड़ रुपये यानी 41.48 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंत्री के अनुसार अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई के तहत सितंबर तक 393 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 3,614 वाहन जब्त किए गए हैं। इस दौरान 52.71 करोड़ रुपये का जुमार्ना वसूला गया। पिछले वर्ष इसी अवधि में 333 गिरफ्तारियां हुई थीं, 2,824 वाहन जब्त किए गए थे और 39.87 करोड़ रुपये का जुमार्ना वसूला गया था।

अवैध खनन पर सख्ती, राजस्व में वृद्धि का लक्ष्य

नौ नए घाटों से मार्च से खनन की उम्मीद : मंत्री ने कहा कि विभाग ने पिछले चार महीनों में 10 अनीलामित बालूघाटों की निविदा प्रक्रिया पूरी की है। इनमें नौ घाटों से मार्च 2027 से खनन शुरू होने की संभावना है। इनसे करीब 76 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने का अनुमान है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन पर सख्ती जारी रहेगी और निर्धारित पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। यह भी पढ़ें- बिहार में बालू खनन पर 4 महीने तक रोक, न मानने पर होगी कड़ी कार्रवाई; सरकार ने दिए निगरानी बढ़ाने के दिया निर्देश।

IAS विजय बने नगर विकास के अपर सचिव



पांच आईपीएस अधिकारी हैदराबाद में प्रशिक्षण के लिए जाएंगे

पटना (एनएसबी)। राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों का स्थानांतरण कर नई जिम्मेदारी सौंपी है। शिक्षा विभाग के अपर सचिव विजय कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, खेल विभाग के निदेशक विवेक रंजन मैत्रेय को अगले आदेश तक सूचना प्रावैधिकी विभाग के अपर सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इस संबंध में बुधवार को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई।

डीआईजी समेत पांच आईपीएस अफसर प्रशिक्षण के लिए जाएंगे हैदराबाद : दूसरी ओर, भागलपुर के डीआईजी विवेक कुमार सहित पांच आईपीएस अफसर मिड करियर ट्रेनिंग कार्यक्रम-फेज तीन के लिए हैदराबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी जाएंगे। यह कार्यक्रम 26 अक्टूबर से 20 नवंबर तक चलेगा। गृह विभाग ने इससे जुड़ा आदेश जारी करते हुए अफसरों के प्रतिस्थानी भी तय कर दिए हैं। प्रशिक्षण पर जाने वाले भागलपुर डीआईजी विवेक कुमार की जगह मुंगेर के डीआईजी, जबकि आरा के अश्वारोही विशेष सशस्त्र पुलिस के समादेष्टा मनीष कुमार सिन्हा की जगह भोजपुर के एसपी कार्यभार संभालेंगे। इसके अलावा, ईओयू के एसपी राजेश कुमार, बिहार पुलिस अकादमी के सहायक निदेशक अम्ब्रीश राहुल और केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती के एसपी अमृतेन्दु शेखर ठाकुर भी प्रशिक्षण पर जाएंगे। इनकी जगह आंतरिक व्यवस्था से प्रतिस्थानी तय किए जाएंगे।

सेवानिवृत्त डीआईजी शफीउल हक के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही समाप्त: मुंगेर के डीआईजी रहे मो. शफीउल हक के विरुद्ध चलने वाली विभागीय कार्यवाही को गृह विभाग ने बिना दंड के समाप्त कर दिया है। शफीउल हक का निधन सेवानिवृत्ति के बाद इसी साल 27 अगस्त को हो चुका है।

शिक्षकों की ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए जल्द खुलेगी विंडो

पटना (एनएसबी)। बिहार में शिक्षकों का ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए इंतजार कुछ ही महीनों में खत्म होने वाला है। बताया जा रहा है कि नवंबर महीने में शिक्षक अपने मनचाहे जिले में ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए शिक्षा विभाग की नजर बिहार के सभी 38 जिलों पर है। चार प्रमंडलीय क्लस्टरों में बांटकर निगरानी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, नवंबर महीने में 3 से 8 नवंबर के बीच ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए विंडो खुल सकता है। ऐसे में छठ महापर्व के बाद शिक्षकों को उनके मनचाहे जिले में ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बिहार के 3.50 लाख शिक्षक तबादले के लिए आवेदन करेंगे। इस तरह से लंबे समय से ट्रांसफर का इंतजार कर रहे शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है।

संक्षिप्त खबरें

वेस्टइंडीज ने भारत को 24 रन से हराया



हैदराबाद । वेस्टइंडीज ने चौथे टी-20 में भारत को 24 रन से हरा दिया। इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर हो गई है। आखिरी मुकाबला 17 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 247 रन बनाए। कप्तान शाई होप ने 50 बॉल पर नाबाद 102 रन बनाए। होप ने सीरीज में दूसरा शतक लगाया। इससे पहले उन्होंने रांची में खेले गए दूसरे मैच में सेंचुरी लगाई थी। जवाब में भारत 19.3 ओवर में 223 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। संजू सैमसन ने 23 बॉल पर 56 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाए। तिलक वर्मा ने 43 और नीतिश रेड्डी ने 41 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से कीमो पॉल ने 5 विकेट लिए।

जमुई में बच्ची की मौत पर बवाल, तोड़फोड़

जमुई। शहर के अतिथि पैलेस चौक के समीप स्थित शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएन झा के निजी अस्पताल में बुधवार की रात 10 माह की बच्ची की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। घटना से आक्रोशित स्वजनों ने अस्पताल प्रबंधन और कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जमुई-लखीसराय मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से आवागमन बाधित हो गया। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने स्वजनों के आरोपों को खारिज करते हुए भीड़ पर तोड़फोड़ और अस्पताल कर्मियों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

कॉकरोच पार्टी 16 अक्टूबर को दिल्ली में करेगी प्रदर्शन

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने 16 अक्टूबर को प्रदर्शन का ऐलान किया। दीपके ने बुधवार को वीडियो मैसेज जारी कर कहा कि, सभी लोग 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे तिरंगा लेकर कनॉट प्लेस पहुंचे। ये लोग मुझे भी जेल में डाल सकते हैं लेकिन मुझे परवाह नहीं। दीपके बुधवार दोपहर दिल्ली पहुंचे थे। एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय भीड़ उन पर चिल्लाने लगी। एक पैसेंजर ने कहा- क्यों देश को खराब कर रहा भाई। इस पर दीपके ने बस थम्स अप का इशारा किया और चुपचाप चले गए। उधर सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका और सौरव दास को दिल्ली की स्पेशल कोर्ट ने 5 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया है।

मुस्कान-साहिल को फांसी, सौरभ हत्याकांड में मिली किए की सजा



मेरठ (एजेंसी)। आखिरकार वो घड़ी आ गई जिसका इंतजार सभी को था. नीले ड्रम वाले सौरभ हत्याकांड को लेकर 14 अक्टूबर यानी आज सजा पर फैसला आ गया है. अदालत ने सौरभ के हत्यारों मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला को कड़ी सजा सुनाई है. दोनों को सजा ए मौत दी गई. अदालत ने सजा सुनाने से पहले पूछा कि क्या कभी कोई पहले अपराध किया है. इस पर साहिल ने इनकार कर दिया. बता दें, मुस्कान-साहिल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया था. वकीलों ने कहा कि दिल खुश हो गया. यह फैसला बहुत अहम है. दोनों को मृत्युदंड ही दिया जाना चाहिए. इन लोगों को जीने का कोई अधिकार नहीं है. अंत में सारे लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए.एक अन्य वकील ने बताया कि दोनों पर 30 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है. साथ ही फांसी की सजा सुनाई है. यह सजा अपने आप में एक नजीर है. एक महिला वकील ने कहा कि मेरे कार्यकाल में पहली बार किसी को फांसी दी जा रही है. जज ने साफ कहा कि इनका अपराध माफ करने लायक नहीं है।

देश का सबसे बड़ा IPO 21 व 23 तक खुलेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की डिजिटल सर्विसेज कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ 21 से 23 अक्टूबर तक खुलेगा। कंपनी 27 करोड़ शेयर जारी करेगी। एक शेयर की कीमत यानी प्राइस बैंड 1,065 से 1,119 तय किया है। कंपनी का टारगेट आईपीओ से 30 हजार करोड़ रुपए जुटाने का है। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, एंकर इन्वेस्टर्स यानी बड़े इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए बिडिंग की तारीख 19 अक्टूबर तय की गई है। यानी इश्यू खुलने से दो दिन पहले एंकर इन्वेस्टर्स बोली लगा सकेंगे। आम निवेशकों के लिए यह आईपीओ तीन दिनों तक खुला रहेगा।

फतुआ में पुलिस व अपराधी के बीच मुठभेड़, कुख्यात का हाफ एनकाउंटर



फतुहा के नियाजीपुर गांव के पास हुई कार्रवाई

फतुआ (एनएसबी)। फतुहा में हथियार बरामदगी के दौरान पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। थाना क्षेत्र के नियाजीपुर गांव के पास हुई इस कार्रवाई में आलमगंज निवासी शुभम कुमार (25) गोली लगने से घायल हो गया। इस कार्रवाई में कुल दो देसी कट्टा, तीन कारतूस, पांच मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक, हथियार बरामद करने पहुंची एसटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम पर शुभम ने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। घायल शुभम को इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है। ग्रामीण एसपी कोमल मीणा ने बताया,एसटीएफ से सूचना मिली थी कि कदमकुआं थाना क्षेत्र स्थित पटना कॉलेज परिसर में कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसके बाद कदमकुआं थानाध्यक्ष की टीम ने परिसर में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद पांच लोगों में से दो आरोपी अंशु और कृष को खदेड़कर पकड़ा गया।

बिहार में बकरीपालन को नई दिशा देने की पहल

बिहार राज्य बकरी पालक सहकारी परिसंघ लिमिटेड (गोट फेडरेशन) के कार्यालय का उद्घाटन किया गया

दैनिक नवसंदेश

पटना। बिहार में बकरीपालन को संगठित, व्यावसायिक एवं लाभकारी गतिविधि के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बिहार राज्य बकरी पालक सहकारी परिसंघ लिमिटेड (गोट फेडरेशन) के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। पशुपालन निदेशालय, पटना के प्रथम तल्ला के पूर्वी दक्षिणी भाग में इसके कार्यालय का संचालन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक का कक्ष और कार्यालय स्थापित है।

इस अवसर पर गोट फेडरेशन के अध्यक्ष सह सचिव डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, शीर्षत कपिल अशोक, भाप्रसे, निदेशक, पशुपालन, श्रीकांत शास्त्री, भाप्रसे, गोट फेडरेशन के प्रबंध निदेशक, सुभाष नारायण, बिप्रसे, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका, हिमांशु शर्मा सहित पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी



गोट फेडरेशन के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन।

उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, केंद्रीय क्षेत्र, पटनाय उत्तर बिहार क्षेत्र, मुजफ्फरपुर तथा पूर्णिया क्षेत्र, पूर्णिया, संयुक्त निदेशक, सहकारिता विभाग निकेश कुमार एवं सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार की भी उपस्थिति रही।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए गोट फेडरेशन के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक ने फेडरेशन के उद्देश्यों, कार्यों एवं दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बकरीपालन बिहार के ग्रामीण परिवारों, विशेषकर छोटे एवं सीमांत किसानों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है। सहकारिता आधारित व्यवस्था के माध्यम से बकरीपालकों को संगठित कर उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में फेडरेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके अंतर्गत गोट बैंक, पशु मार्ट, मीट कीओस संचालित करने की योजना बनाने, गोट रियरिंग फार्म स्थापित करने पर किया जाएगा।

उन्होंने फेडरेशन के कार्यो में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं पशुपालक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

फेडरेशन के प्रबंध निदेशक सुभाष नारायण - सह- संयुक्त सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, ने अपने संबोधन में पद के दायित्वों एवं कर्तव्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए उनके निष्ठापूर्वक निर्वहन का संकल्प व्यक्त किया।

उन्होंने फेडरेशन को एक सक्रिय, प्रभावी एवं जनोपयोगी संस्था के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि इसकी गतिविधियों का वास्तविक लाभ राज्य के बकरीपालकों तक पहुँच सके।

बिहार राज्य बकरी पालक सहकारी परिसंघ लिमिटेड की स्थापना से राज्य में बकरीपालन के क्षेत्र में सहकारिता आधारित संस्थागत व्यवस्था को सुढ़ करने की दिशा में नई संभावनाएँ विकसित होंगी। फेडरेशन के माध्यम से बकरीपालकों के संगठन, तकनीकी मार्गदर्शन, उन्नत प्रबंधन, विपणन सुविधाओं तथा बेहतर बाजार संपर्क को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य किया जा सकेगा। इस पहल से विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं, छोटे पशुपालकों एवं बकरीपालन पर निर्भर परिवारों की आजीविका संवर्धन की संभावनाएँ बढ़ेंगी।

गोट फेडरेशन के कार्यालय का उद्घाटन बिहार में बकरीपालन को संगठित स्वरूप प्रदान करने तथा पशुपालकों की आय वृद्धि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

खबरें : एक नजर में

नालंदा मेडिकल कॉलेज में बीफार्मा फार्मासिस्टों ने स्वास्थ्य मंत्री से भर्ती में शामिल करने की मांग

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नालंदा मेडिकल कॉलेज और हास्पिटल के निरीक्षण के दौरान बीफार्मा छात्र- छात्रों ने स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर फार्मासिस्ट भर्ती में बीफार्मा फार्मासिस्टों को मौका देने का मांग किया । छात्रों ने बताया कि वर्ष 2024 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुच्छेद 309 के प्रयोग कर फार्मासिस्ट भर्ती नियमावली में संशोधन कर हम बीफार्मा फार्मासिस्टों को फार्मासिस्ट भर्ती से बाहर कर दिया गया जिस वजह से 2473 पदों की बहाली में मात्र 872 सीट भरा और 1600 सीट रिक्तरह गया । छात्र छात्रों का कहना है कि अगर सरकार नियम का संशोधन कर बाहर कर सकती है तो पुनः नियम संशोधित कर मौका दे सकती है। छात्रों का कहना था कि जब हम निबंधित फार्मासिस्ट है तो सरकार हमें निबंधित फार्मासिस्ट के रूप में काम करने का मौका दे। गौरतलब हो कि बीफार्म फार्मासिस्टों को फार्मासिस्ट बहाली में शामिल करने के लिए बीफार्म फार्मासिस्टों द्वारा 6 से 9 अक्टूबर तक भूख हड़ताल और धरना भी गर्दनीबाग में दिया गया था। 9 अक्टूबर को गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक पैदल मार्च किया जा रहा था जिसमें दर्जनों बीफार्म फार्मासिस्टों को पुलिस द्वारा डिटेन किया गया था बाद ने छात्रों द्वारा प्रशासन के आश्वासन पर विधि व्यवस्था में सहयोग करने हेतु रात में आंदोलन वापिस ले लिया गया था।

उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए जिला उपभोक्ता आयोग, पटना के महत्वपूर्ण फैसले, फ्लैट में वादा की गई सुविधाएँ नहीं देने पर बिल्डर पर 11.25 लाख रुपये का मुआवजा, बीमा दावा खारिज करना भी सेवा में कमी माना गया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, पटना ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए दो महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय सुनाए हैं। एक मामले में फ्लैट में बिक्री समझौते के अनुसार सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराने पर बिल्डर को 11.25 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। वहीं, दूसरे मामले में वाहन दुर्घटना के बाद बीमा दावा अनुचित तरीके से खारिज किए जाने पर बीमा कंपनी को मरम्मत खर्च, ब्याज, मानसिक उत्पीड़न के लिए मुआवजा तथा मुकदमे का खर्च देने का आदेश दिया गया है।

फ्लैट में सहमत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराने पर बिल्डर को मुआवजा देने का आदेश : उपभोक्ता शिकायत संख्या 39/ 2017 में शिकायतकर्ता सजल कुमार शर्मा बनाम आरडी़ इको डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य के मामले में आयोग ने 8 अक्टूबर 2026 को निर्णय सुनाया। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि फ्लैट का कब्जा दिए जाने के बावजूद बिक्री समझौते में उल्लिखित लिफ्ट, जनरेटर, अगिशमन उपकरण तथा अतिरिक्तविद्युत बिंदु जैसी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराई गईं। शिकायतकर्ता को इन सुविधाओं की व्यवस्था अपने खर्च पर करनी पड़ी।

आयोग ने मामले में उपलब्ध दस्तावेजों और बिक्री समझौते के आधार पर शिकायत को स्वीकार करते हुए विपक्षी पक्षों को निर्देश दिया कि वे शिकायतकर्ता को 10 लाख रुपये मुआवजे के रूप में, मानसिक पीड़ा एवं शारीरिक उत्पीड़न के लिए एक लाख रुपये तथा मुकदमे के खर्च के रूप में 25 हजार रुपये का भुगतान करें। इस प्रकार कुल 11. 25 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया गया है। आदेश के अनुसार, इसकी प्रति प्राप्त होने की तिथि से 120 दिनों के भीतर अनुपालन करना होगा। निर्धारित अवधि में अनुपालन नहीं होने पर इसके बाद 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देय होगा।

अनुचित तरीके से बीमा दावा खारिज करने पर बीमा कंपनी को भुगतान का निर्देश : दूसरे मामले में उपभोक्ता शिकायत संख्या 320/2019, श्रीमती जूही कुमारी बनाम रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में आयोग ने 29 सितंबर 2026 को निर्णय सुनाया। शिकायतकर्ता की महिंद्रा स्कर्पियो एस6 प्लस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसकी मरम्मत पर 85,092 रुपये खर्च हुए। शिकायतकर्ता ने बीमा कंपनी के समक्ष दावा प्रस्तुत किया, लेकिन कंपनी ने नो क्लेम बोनस से संबंधित कथित गलत जानकारी का हवाला देते हुए 31 मई 2019 को दावा खारिज कर दिया था।

मामले में उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद आयोग ने बीमा दावा खारिज करने के आधार को अस्वीकार्य माना। आयोग ने भारतीय मोटर टैरिफ के प्रावधान जीआर-27 का उल्लेख करते हुए कहा कि नए बीमाकर्ता द्वारा नो क्लेम बोनस दिए जाने की स्थिति में पूर्व बीमाकर्ता से निर्धारित 21 दिनों के भीतर उसका सत्यापन किया जाना चाहिए। इस मामले में निर्धारित अवधि में सत्यापन नहीं किया गया था। आयोग ने बीमा कंपनी के दावा अस्वीति संबंधी पत्र को निरस्त करते हुए शिकायत को आंशिक रूप से स्वीकार किया और कंपनी को वाहन की मरम्मत के लिए 85,092 रुपये, 31 मई 2019 से वास्तविक भुगतान तक 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज, मानसिक पीड़ा एवं उत्पीड़न के लिए 20 हजार रुपये तथा मुकदमे के खर्च के रूप में 10 हजार रुपये देने का निर्देश दिया। आदेश का अनुपालन आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर करना होगा। दोनों निर्णय उपभोक्ताओं को उनके वैध अधिकारों के संरक्षण तथा सेवा में कमी की स्थिति में उचित राहत उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

पटना से मनेर, जानीपुर और हाजीपुर के लिए चलेंगी पीएम ई-बसें, संख्या बढ़कर 52 हुई, इनमें से 8 पिंक ई-बसें भी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना एवं आसपास में परिवहन सुविधा अब और बेहतर होगी। केंद्र की ओर से बिहार को 27 नई पीएम ई-बसें मिल गई हैं। इसके साथ ही राज्य में पीएम ई-बसों की कुल संख्या 52 हो गई है। पहले से 25 बसों का परिचालन पटना और आसपास के इलाकों में किया जा रहा था।

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के अनुसार, नई ई-बसों को पटना शहर से बाहर के रूटों पर भी संचालित किया जाएगा। इनमें मनेर, जानीपुर, हाजीपुर, नौबतपुर, जंदाहा, बिक्रम और जगनपुरा आईएसबीटी शामिल हैं।

8 पिंक बसें महिलाओं के लिए : निगम के तय रूट चार्ट के अनुसार, बिहटा-अम्हारा, दानापुर शिवाला और जानीपुर के लिए 10-10 बसें चलेंगी। पालीगंज के लिए 4 बसें, जबकि नौबतपुर, मनेर, हाजीपुर-जंदाहा, आईएसबीटी जगनपुरा और बिक्रम के लिए 2-2 बसों का संचालन किया जाएगा।

इसके अलावा बेड़े में 8 पिंक बसें भी शामिल हैं। कारगिल चौक से पालीगंज के लिए 2, दानापुर शिवाला के लिए 3 और जानीपुर के लिए 3 पिंक बसों का परिचालन होगा।

बता दें कि बिहार को केंद्र सरकार की पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत कुल 400 एसी इलेक्ट्रिक बसें मिलनी हैं। इनमें से 150 बसें पटना को और 50-50 बसें गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और पूर्णिया को मिलेगी।

पुलिसिया पिटाई से हुई मौत पर नेता प्रतिपक्ष ने पीड़ित परिवार से बात कर इंसाफ दिलाने और दोषी पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के नेता एजाज अहमद ने कहा कि बेतिया के औरैया निवासी दिलशाद अंसारी की मौत हादसा नहीं बल्कि पुलिस के द्वारा की गई हत्या है। उन्होंने कहा की पुलिस ने जो थ्योरी सामने लाई है उसी से स्पष्ट होता है की किस तरह से सुनियोजित ढंग से उनकी हत्या कर दी गई और मनगढ़ंत कहानी बनाकर पेश किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को जैसे ही इस मामले की जानकारी मिली उन्होंने तुरंत दिलशाद अंसारी के परिवार के लोगों से बात कर आश्वासन दिया कि जल्द ही उन्हें न्याय मिलेगा और जो भी पुलिस पदाधिकारियों की इस मामले में संलिप्तता है उन सभी को जेल की सलाखों में भिजवाने का काम किया जाएगा और पीड़ित पश परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। जैसे ही इस मामले की जानकारी तेजस्वी जी को मिली उन्होंने ने तुरंत पार्टी की ओर से एक टीम भेजने का कार्य किया और उस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से सारी बातों की जानकारी प्राप्त कर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी को सारी बातों की जानकारी दी।


नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि जब पुलिस ही जो कानून का रक्षक वही भक्षक बन जाए, तो उस राज्य की जनता की सुरक्षा कैसे हो सकती है। इस मामले में संलिप्त सभी पुलिस वाले को जेल की सलाखों में भेजे जाने की मांग की है और कहा की इंसाफ की लड़ाई को राष्ट्रीय जनता दल मजबूती से लड़ेगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कार्य करेगी।

खबरें — खास-खास

दशहरा महोत्सव का समापन, लोक संस्कृति और सुरों की मधुरता से सजा गांधी मैदान

पटना (दैनिक नवसंदेश)। गांधी मैदान में आयोजित दशहरा महोत्सव का समापन बुधवार को लोक संस्कृति, संगीत और नृत्य की मनोहारी छटा के बीच गरिमापूर्ण एवं भव्य तरीके से हुआ। पारंपरिक लोकगीतों की मिठास, लोकनृत्यों की जीवंतता और सुरीली गायकी ने महोत्सव की अंतिम संध्या को यादगार बना दिया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण सांस्कृतिक उल्लास और उत्सव की उमंग से सराबोर रहा।

कार्यक्रम में कलाकारों ने बिहार की समृद्ध लोक परंपराओं को मंच पर जीवंत कर दिया। 'आज मिथिला नगरिया निहाल सखियाँ' जैसे मधुर लोकगीत के साथ झिझिया, कृषि नृत्य



और झूमर की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बिहार की सांस्कृतिक विरासत के विविध रंगों से रूबरू कराया। इन प्रस्तुतियों में मिथिलांचल एवं मगध की मिठास, लोक आस्था, ग्रामीण जीवन और सामूहिक उल्लास की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली।

वहीं, प्रसिद्ध गायिका भव्या पंडित ने अपनी सुरीली आवाज और मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गीतों ने संगीतमय वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। डांडिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति ने उत्सव में उमंग, ऊर्जा और रंगों का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। संगीत और नृत्य की इस खूबसूरत जुगलबंदी ने दर्शकों को सांस्कृतिक आनंद से भर दिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा के द्वारा कलाकारों एवं इस आयोजन से जुड़े अधिकारियों एवं अन्य सम्बंधित लोगों को सम्मानित किया गया।

दशहरा महोत्सव की इन प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति की विविधता, लोक परंपराओं की जीवंतता और लोक संगीत के विविध रूपों को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया। लोकगीतों से लेकर आधुनिक मंचीय गायकी तक, महोत्सव ने कला और संस्कृति के विभिन्न आयामों को एक साझा मंच प्रदान किया।

तीन दिनों के भीतर काम पर लौटें राजस्व कर्मचारी और अमीन, विभाग की अपील

मंत्री की अध्यक्षता में दोनों संघों के प्रतिनिधियों के साथ हुई उच्चस्तरीय वार्ता, मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई का दिया गया आश्वासन


मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्यव्यापी सामूहिक अवकाश पर गए राजस्व कर्मचारियों और अमीनों से तीन दिनों के भीतर अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होकर काम पर लौटने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि लोकहित और जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए सभी संबंधित कर्मियों को प्रेस विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से तीन दिनों के भीतर योगदान देना सुनिश्चित करना होगा।

राजस्व कर्मचारियों और अमीनों की विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार, 14 अक्टूबर को विभागीय मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा एवं वार्ता हुई। इस दौरान बिहार राजस्व कर्मचारी संघ और बिहार अमीन संघ के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को विस्तारपूर्वक रखा और मांग पत्र भी सौंपा।

मंत्री ने संघों की मांगों पर गंभीरता, संवेदनशीलता और सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए नियमानुसार उचित कार्रवाई का स्पष्ट आश्वासन दिया। इसके बाद विभाग ने सामूहिक अवकाश पर गए सभी संबंधित राजस्व कर्मचारियों और अमीनों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पर वापस लौटने की अपील की है।

विभाग के अवर सचिव निरंजन यादव की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनहित और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए कर्मी अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होकर योगदान दें।

अब किराये के भवनों में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्रों और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मिलेंगे 1,500 रुपये प्रतिमाह

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने किराये के भवनों में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्रों और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के मासिक किराए की राशि बढ़ाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। किराये के भवनों में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्रों एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के मासिक किराए की राशि में पिछले कई वर्षो से वृद्धि नहीं होने के कारण इन संस्थानों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्री निशांत के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा भवन किराए की राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत अब इन स्वास्थ्य संस्थानों के लिए प्रति संस्थान 1,500 रुपये प्रतिमाह की राशि निर्धारित की गई है। पूर्व में भवन किराए के लिए 500 से 600 रुपये प्रतिमाह का प्रावधान था। संशोधित किराया दर को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीति प्रदान की गई है। इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य के सभी 38 जिलों के लिए कुल 6 करोड़ 40 लाख 80 हजार रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस राशि का उपयोग संबंधित जिला स्वास्थ्य समितियां आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य केंद्रों के भवन किराए के भुगतान के लिए करेंगी। जिससे किराये के भवनों में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्रों और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन सुचारु रुप से चलेगा।


स्वास्थ्य मंत्री निशांत।

पटना शिक्षक एवं स्नातक चुनाव में आदर्श आचार संहिता का हो सख्ती से पालन : आयुक्त

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना प्रमंडलीय आयुक्त-सह-निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार ने पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करने तथा चुनाव प्रचार के दौरान किसी भी ऐसे कार्य से बचने को कहा, जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हो। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को अपना निर्वाचन अभिकर्ता एवं मतदान अभिकर्ता शीघ्र नियुक्त कर इसकी सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता को किसी प्रकार का प्रलोभन देना अथवा अनुचित सुविधा उपलब्ध कराना स्वीकार्य नहीं है। निगरानी के लिए पटना, नालंदा एवं नवादा जिलों में फ्लाइंग सड की प्रतिनियुक्ति की गई है, निर्वाचन संबंधी गतिविधियों पर नजर रख रही हैं।

बैठक में बताया कि मतदान कक्ष में पीठासीन पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए आधिकारिक बैंगनी रंग के स्केच पेन से ही मतदाता अपनी पसंद के अभ्यर्थी के पक्ष में अधिमान्यता अंकित करेंगे। किसी अन्य कलम से अधिमान्यता अंकित करने पर मतपत्र अमान्य हो सकता है। उन्होंने अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों से इस संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की।



मतदान के दिन अभ्यर्थी, उनके निर्वाचन अभिकर्ता एवं कार्यकर्ताओं को मतदान केंद्रों के भ्रमण के लिए एक-एक, कुल तीन वाहनों की अनुमति होगी।

इलेक्ट्रानिक मीडिया पर विज्ञापन प्रसारित कराने से पहले अभ्यर्थियों को जिला स्तर पर कार्यरत मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से अनुमति प्राप्त करनी होगी। पटना जिले में एमसीएमसी कोषांग समाहरणालय के तीसरे तल पर कार्यरत है।

निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन अथवा अन्य निर्वाचन संबंधी शिकायतों की सूचना देने के लिए व्हाट्सएप नंबर 8114593939 जारी किया गया है। इस नंबर पर संबंधित घटनाओं के फोटो अथवा वीडियो क्लिप भेजे जा सकते हैं, ताकि प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पटना तक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। निर्वाचन संबंधी शिकायतों एवं गड़बड़ियों की जानकारी संबंधित प्रेक्षकों को भी दी जा सकती है।

पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र : संतोष कुमार मल्ल मोबाइल नंबर 8882134237

पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र : बी. कार्तिकेय धनजी मोबाइल नंबर 9810922727

'23 अक्टूबर को मतदान, 27 अक्टूबर को मतगणना'। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान 23 अक्टूबर 2026 को प्रातः 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा। मतगणना 27 अक्टूबर 2026 को प्रातः 8 बजे से बाँकीपुर गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होगी। बैठक में आयुक्त के सचिव विनय कुमार ठाकुर, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रोशन अली, स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थी व उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

16 अक्टूबर को डीवाईएफआईएस एफआई के छात्र -युवा राज्य निर्वाचन आयोग का घेराव करेंगे

पटना (दैनिक नवसंदेश)। एसएफआई और डीवाईएफआई बिहार राज्य कमिटी की संयुक्त बैठक में फैसला लिया की राज्य के छात्र नौजवान लोकतंत्र बचाने के लिए 16 अक्टूबर को सड़क पर उतरेंगे।

मनोज कुमार चंद्रवंशी ने कहा की असंवैधानिक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मनमाने और गैरकानूनी तरीके से मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में लाखो मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर कर एक साजिश के तहत सत्ताधारी दलों को लाभ पंहुचाया है। वोट चोरी कर सत्ता हथियाने में सहयोग किया है। छात्र नौजवान सड़क पर उतरकर मांग करेंगे की निर्वाचन आयोग तत्काल प्रत्येक पात्र मतदाता के संवैधानिक मतदान अधिकार की रक्षा सुनिश्चित करे और मतदाता सूची से पात्र नागरिकों के नाम हटाने की प्रक्रिया पर रोक लगाए।

जंतर मंतर दिल्ली में सीपीएम के वरिष्ठ नेताओं तथा एसएफआई, डीवाईएफआई के कार्यकर्ताओ पर पुलिसिया जुल्म से साबित हो गया है की एनडीए सरकार लोकतंत्र का गला घोटकर तानाशाही सरकार चला रही है! ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रहेगा।

लोकतंत्र, संवैधानिक अधिकारों और प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए आमजन एकजुट है।

16 अक्टूबर को ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर छात्र नौजवान राज्य निर्वाचन आयोग का घेराव करेंगे । घेराव का नेतृत्व डीवाईएफआई के केंद्रीय कमिटी सदस्य मनोज कुमार चंद्रवंशी, राज्य अध्यक्ष डा आसिफ अली, राज्य सचिव उमेश शर्मा तथा एस एफ आई के राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी, राज्य सचिव देवदत्त कुमार सहित अन्य करेंगे।

किसानों को प्रमाणित एवं उन्नत बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता, इससे घटेगी खेती की लागत : विजय कुमार सिन्हा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य सरकार किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं उन्नत बीज उपलब्ध कराने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से बीज अनुदान योजना संचालित कर रही है। योजना के तहत पात्र किसानों को 100 प्रतिशत तक अनुदान पर बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इच्छुक किसान 15 नवंबर तक बिहार कृषि ऐप के माध्यम से अनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि खेती की सफलता की पहली शर्त गुणवत्तापूर्ण बीज है। किसानों को समय पर प्रमाणित एवं उन्नत बीज उपलब्ध कराना कृषि विभाग की प्राथमिकता है। राज्य सरकार का प्रयास है कि आर्थिक कारणों से कोई भी पात्र किसान बेहतर बीजों से वंचित न रहे। गुणवत्तापूर्ण बीजों के इस्तेमाल से फसलों की उत्पादकता बढ़ाने, खेती की लागत नियंत्रित करने और किसानों की आय में सुधार करने में मदद मिलेगी। कृषि मंत्री ने कहा है कि बीज की गुणवत्ता में कमी की शिकायत मिलने पर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बिहार कृषि मोबाइल ऐप और अन्य डिजिटल माध्यमों से किसानों को बीज की उपलब्धता तथा कृषि योजनाओं की जानकारी समय पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया है, ताकि किसान निर्धारित समय के भीतर आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषि योजनाओं में भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पात्र किसानों तक पहुंचना चाहिए।


कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ।

बीज अनुदान योजना के तहत मिल रहा है 100 प्रतिशत तक अनुदान, 15 नवंबर तक बिहार कृषि ऐप से करें आवेदन

बीज की गुणवत्ता में कमी की शिकायत पर होगी जांच, दोषियों के विरुद्ध की जाएगी कड़ी कार्रवाई

कृषि योजनाओं में भ्रष्टाचार पर जीरो टलरेंस की नीति अपना रही है सरकार, किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचेगा योजनाओं का लाभ

संक्षिप्त खबरें

बाढ़ प्रभावित किसानों के बैंक खातों में 11.08 करोड़ रुपये की अनुदान राशि हस्तानांतरित

भोजपुर के 7 प्रखंडों की 84 पंचायतों के किसानों को मिला कृषि इनपुट अनुदान



आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य में अगस्त, 2026 के अंतिम सप्ताह में अतिवृष्टि एवं विभिन्न नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण उत्पन्न बाढ़ से प्रभावित फसलों की क्षति की प्रतिपूर्ति हेतु राज्य सरकार द्वारा कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत किसानों से डीबीटी पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए गए थे। इसी क्रम में आज दिनांक 14 अक्टूबर, 2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के कर-कमलों द्वारा राज्य के 18 बाढ़ प्रभावित जिलों के कुल 2,48,704 किसानों के बीच 112.52 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर भोजपुर जिले के 7 प्रखंडों की 84 पंचायतों के कुल 36,060 किसानों के बैंक खातों में कुल 11,08,25,534 रुपये (लगभग 11.08 करोड़ रुपये) की अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। शेष पात्र किसानों को अनुदान राशि का भुगतान भी विभाग द्वारा शीघ्र किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा, अपर समाहर्ता (आपदा) तथा जिला कृषि पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

जमाबंदी सुधार एवं उत्तराधिकार नामांतरण विशेष अभियान की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जमाबंदी सुधार एवं उत्तराधिकार नामांतरण विशेष अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जमाबंदियों में छूटे लगान, रकबा, खाता एवं खेसरा विवरण दर्ज करने तथा त्रुटियों के सुधार की अंचलवार प्रगति की समीक्षा की गई। राजस्व महा-अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, नामांतरण एवं उत्तराधिकार नामांतरण, परिमार्जन, ई-मापी तथा जमाबंदियों की आधार सीडिंग के कार्यों पर भी चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों, विशेषकर लंबे समय से लंबित आवेदनों के प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन तथा धीमी प्रगति वाले अंचलों में कार्य को गति देने पर बल दिया गया। आम नागरिकों को भूमि संबंधी सेवाएँ पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के लिए नियमित निगरानी एवं आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, भोजपुर, सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व प्रशाखा, सभी अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शराब के नशे में हंगामा करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाने की पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक चांदा गांव निवासी इंद्रजीत यादव है। वह शिवशंकर राय का पुत्र बताया जाता है। थानाध्यक्ष सुनीत कुमार सिंह ने बताया कि चांदी चैक पर शराब के नशे में हंगामा करने की शिकायत मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर इंद्रजीत यादव को गिरफ्तार कर लिया।

बखोरापुर काली मंदिर में कल से 24 घंटे का अखंड कीर्तन

बड़हरा/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। बड़हरा प्रखंड के प्रसिद्ध मां काली बखोरापुर वाली मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर 16 अक्टूबर को 24 घंटे के अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट की ओर से आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम षष्ठी तिथि को सुबह सात बजे शुरू होकर 17 अक्टूबर को सप्तमी तिथि के दिन सुबह सात बजे तक चलेगा। इसमें बिहार और उत्तर प्रदेश की चार प्रसिद्ध कीर्तन मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं समाजसेवी बीडी सिंह करेंगे। पूजनोत्सव में मुख्य सलाहकार रामबचन सिंह, योगेंद्र इंस्टीट्यूट के चेयरमैन सरोज कुमार और समाजसेवी अमित कुमार दुबे सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। मंदिर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुनील कुमार सिंह ह्यगोपालह्न ने बताया कि अध्यक्ष बीडी सिंह के मार्गदर्शन में ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

नदी में डूबने से किशोर की मौत, घर में मचा कोहराम

आरा (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाना के रामदिहल टोला गांव स्थित उतरवारी नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृत किशोर चांदी थाना क्षेत्र के रामदिहल टोला गांव निवासी इंदल कुमार का 14 वर्षीय पुत्र लवजी यादव है। किशोर के पिता इंदल कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम वह खेत में पटवन करने के लिए जा रहे थे। नदी पार करने के दौरान वह डूब गया।

अज्ञात युवक का शव बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के करमन टोला स्थित एक घर के बरामदे से एक अज्ञात 36 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

हथियार, कारतूस एवं खोखा के साथ बदमाश गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। तरारी थाना पुलिस द्वारा हथियार,कारतूस एवं खोखा के साथ दो बदमाश को गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के भकुरा गांव से हुई। तलाशी के दौरान उनके पास एक देशी कट्टा, दो कारतूस एवं एक खोखा बरामद हुआ। गिरफ्तार बदमाशों में तरारी थाना क्षेत्र के भकुरा गांव निवासी स्व. महंगु सिंह का पुत्र मनजी सिंह एवं उसी गांव के निवासी स्व. शिव कुमार पांडेय का पुत्र रवि शंकर पांडेय उर्फ नाटा पांडेय शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। बताया जाता है कि तरारी थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की भकुरा गांव में दो व्यक्ति हथियार के साथ घूम रहे हैं और किसी घटना करने के फिराक में है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस भकुरा गांव पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात पुलिस ने तरारी थाना में उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

कारतूस के साथ दो बदमाश, गिरफ्तार एक फरार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। उदवंतनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के एड़ौरा गांव में छापेमारी कर चार कारतूस के साथ दो बदमाश को गिरफ्तार किया गया। हालांकि एक बदमाश भागने में सफल रहा। तलाशी के दौरान उनके घर से चार कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार बदमाशों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के एड़ौरा गांव निवासी कामेश्वर सिंह का पुत्र राकेश कुमार एवं उसी गांव के निवासी राजेश सिंह का पुत्र मनोरंजन कुमार शामिल है। जबकि फरार आरोपी मनोरंजन कुमार के पिता राजेश सिंह बताएं जा रहे है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। पुलिस ने उदवंतनगर थाना में मनोरंजन कुमार, उसके पिता राजेश सिंह एवं राकेश कुमार के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

शारदीय नवरात्र के चैथे दिन मां आरण्य देवी मंदिर में लोगों ने की पूजा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र के चैथे दिन बुधवार को देवी दुर्गा के चैथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की गई। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के दरबार में आज सुबह से ही श्रद्धालु-भक्तों ने पुरे भक्तिभाव से माता का पूजा कर प्रसाद चढ़ाया। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा है। शाम 4 बजे से मंदिर परिसर में दीप जलाने के लिए महिला-पुरुष भक्तों की भीड़ उमडी रही। दीप जलाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने में मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी, महिला पुलिस कर्मी एवं स्टाफ काफी सक्रिय दिखे। मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि सप्तमी तिथि से दशमी तिथि तक मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भैरव बाबा के गली के रास्ते मंदिर में प्रवेश करेंगे। वही माता के मंदिर का मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में कार्य करेगा।

सड़क हादसे के दौरान रोहतास के दो युवकों की मौत

चरपोखरी थाना के सियाडीह के समीप की घटना



आरा (दैनिक नवसंदेश)। सड़क हादसे के दौरान रोहतास के दो युवकों की मौत हो गई। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सियाडीह गांव के समीप अज्ञात वाहन ने दो दोस्तों को रौंद दिया। दोनों आरा से दुर्गा पूजा पंडाल का समान खरीदकर वापस लौट रहे थे। घटना मंगलवार शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतकों में रोहतास जिले के सासाराम थाना के सासाराम गांव वार्ड नंबर-23 निवासी नंदू राम का 22 वर्षीय पुत्र बाल्मीकि कुमार एवं उसी गांव के निवासी स्व.मुन्ना प्रसाद उर्फ शिव शंकर प्रसाद का 26 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार शामिल है। दोनों दोस्त बताया जा रहे हैं। इधर, मृतक बाल्मीकि कुमार के भाई कार्तिक कुमार ने बताया कि वह अपने दोस्त प्रकाश कुमार के साथ दुर्गा पूजा पंडाल का कपड़ा लेने के लिए मंगलवार की शाम करीब पांच बजे बाइक द्वारा आरा आया था। मंगलवार की रात जब वह दोनों पूजा पंडाल का कपड़ा लेकर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान सियाडीह गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तब पुलिस द्वारा इसकी सूचना परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन चरपोखरी थाना पहुंचे पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक बाल्मीकि कुमार अपने छह भाई व एक बहन में छोटा था। प्रकाश कुमार अपने दो भाई व दो बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां संध्या किरण व दो बहन नेहा भारती एवं सुगंधा देवी है। उसके बड़े भाई उज्जवल कुमार की मौत कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी।

गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)।कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के मझौली गंगा घाट के समीप गंगा नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा गांव निवासी अलगू गोड़ का 41 वर्षीय पुत्र तारकेश्वर गोड़ है। वह पेशे से मजदूर था। मृतक के छोटे भाई सहदेव गोड़ ने बताया कि बुधवार की सुबह वह मझौली घाट पर गंगाजल एवं मिट्टी लाने गए थे। उसी बीच वह गंगा नदी के किनारे स्नान करने लगे। तभी पैर फिसल जाने कारण वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। राजद नेता रघुपति यादव सदर अस्पताल पहुंच मृतक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली एवं उन्हें ढांढस बंधाया।

भैसुर ने भावह की गोली मारकर की हत्या, सनसनी

रिश्ते का कत्लः पुत्री ने बड़े पिता पर लगाया आरोप



गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। गड़हनी थाना के अगिआवं गांव में बुधवार की सुबह भैसुर ने भावह की गोली मारकर हत्या कर दी। महिला को काफी करीब से दो गोली मारी गई है। एक गोली उसके दाहिने साइड पेट में एवं दूसरी गोली हाथ पर लगी है। गोली लगने के कारण महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। संपत्ति विवाद को लेकर हत्या करने की बात सामने आ रही है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास खिलाने में सनसनी मच गई। मृतका गड़हनी थाना के अगिआंव गांव निवासी अमित कुमार राय की 36 वर्षीया पत्नी सीमा देवी उर्फ चुलबुला है। मृतका की छोटी पुत्री ने बताया कि पूर्व में भी झगड़ा हुआ था। तब उसके बड़े पिता ने उसकी मां को जान से मारने की धमकी दी थी। बुधवार की अहले सुबह करीब छह बजे जब उसकी मां मोबाइल द्वारा मौसी से बात कर रही थी। उसी दौरान उसके बड़े पिता आए और उसकी मां सीमा देवी उर्फ चुलबुला की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका की छोटी पुत्री ने बड़े पिता सुमन राय पर हत्या करने का आरोप लगाया है।एसडीपीओ-वन सुशील कुमार ने बताया कि 14 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े छह बजे गड़हनी थाना को सूचना प्राप्त हुई के थाना क्षेत्र के अगिआंव गांव में एक महिला को गोली लगी है। सूचना पाकर पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो, देखा की सीमा देवी की डेड बॉडी बरामदे में पड़ी है। महिला के पति अमित कुमार राय हरियाणा में रहते हैं। इसके अलावे पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। बताया जाता है कि मृतका अपने पति अमित कुमार राय एवं छोटी एक बेटी रूही उर्फ प्रीति के साथ हरियाणा में रहती थी और उसका पति हरियाणा स्थित निजी होटल में काम करते था।

महाराजा कॉलेज में महिला छात्रावास की चारदीवारी का निर्माण शुरू

छात्राओं को जल्द मिलेगी छात्रावास की सुविधा



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद सिंह महाविद्यालय (महाराजा कॉलेज) में महिला छात्रावास को शुरू करने की दिशा में पहल तेज हो गई है। बुधवार को छात्रावास परिसर के चारों ओर चारदीवारी के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इसके लिए परिसर की जमीन की मापी भी की गई। निर्माण कार्य शुरू होने से महाविद्यालय में नामांकन कराने वाली छात्राओं को जल्द ही छात्रावास की सुविधा मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। महाविद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि छात्राओं को जल्द ही छात्रावास की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। चारदीवारी का निर्माण छात्रावास परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे परिसर को सुरक्षित रखने के साथ ही छात्राओं के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। महिला छात्रावास की सुविधा शुरू होने से आरा और आसपास के क्षेत्रों के अलावा दूरदराज के इलाकों से पढ़ाई करने आने वाली छात्राओं को विशेष लाभ होगा। अभी ऐसी छात्राओं को रहने के लिए किराये के मकान या अन्य विकल्पों पर निर्भर रहना पड़ता है। छात्रावास उपलब्ध होने से उन्हें सुरक्षित आवास मिल सकेगा और पढ़ाई जारी रखने में सहूलियत होगी। चारदीवारी का निर्माण शुरू होने से छात्रावास के जल्द चालू होने की उम्मीद जगी है।

कुल्हड़िया स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की मांग, 24 अक्टूबर को धरना-प्रदर्शन



कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। कुल्हड़िया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं की मांग को लेकर रेल यात्री कल्याण समिति की कुल्हड़िया-सह-कोईलवर शाखा ने आंदोलन का निर्णय लिया है। समिति की ओर से 24 अक्टूबर को स्टेशन परिसर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर को पत्र भेजकर कार्यक्रम की सूचना दी है। समिति के अनुसार, कुल्हड़िया रेलवे स्टेशन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री विभिन्न स्थानों के लिए यात्रा करते हैं। क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयां और शिक्षण संस्थान होने के कारण भी रेल यातायात की उपयोगिता काफी अधिक है। इसके बावजूद यात्रियों को अपेक्षित रेल सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। समिति ने पत्र में टाटानगर-अमृतसर मार्ग पर चलने वाली ट्रेन संख्या 18183/18184 के कुल्हड़िया स्टेशन पर ठहराव की मांग उठाई है। समिति का कहना है कि ट्रेन का ठहराव नहीं होने से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में परेशानी होती है और उन्हें दूसरे स्टेशनों पर निर्भर रहना पड़ता है।समिति ने रेलवे प्रशासन से यात्रियों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित करने तथा स्टेशन पर आवश्यक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। समिति का कहना है कि धरना-प्रदर्शन का उद्देश्य शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को रेलवे प्रशासन तक पहुंचाना है।

भोजपुर के बाजारों में मिलावटी मावा और खाद्य पदार्थों की बिक्री पर कार्रवाई की मांग

आरा/शाहपुर/पीरो (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिले के विभिन्न बाजारों में मिलावटी मावा, छेना एवं अन्य दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग उठी है। सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार पांडेय ने इस संबंध में बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव सह खाद्य सुरक्षा आयुक्त को पत्र भेजकर जिले के प्रमुख बाजारों में विशेष जांच अभियान चलाने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में शाहपुर, सहजौली, बिहिया, बिहिया चैरस्ता, करनामेपुर, भरौली एवं गांगी बाजार सहित विभिन्न बाजारों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि मिठाई दुकानों पर मिलावटी मावा, छेना, अखाद्य तेल, वनस्पति घी, रासायनिक रंगों एवं प्रतिबंधित सामग्रियों के इस्तेमाल की आशंका बनी रहती है। ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अखिलेश कुमार पांडेय ने कहा कि विशेष रूप से दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ पूजा सहित अन्य त्योहारों के अवसर पर मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है। मांग में वृद्धि के कारण मिलावट की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे समय में खाद्य सुरक्षा विभाग की सक्रियता और नियमित निगरानी बेहद जरूरी है। ताकि लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की विशेष टीम गठित कर मिठाई दुकानों, मावा एवं छेना विक्रेताओं तथा खाद्य पदार्थों के निर्माण और बिक्री से जुड़े प्रतिष्ठानों की जांच कराने की मांग की है। साथ ही संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराने, मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा अन्य लागू नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई करने की अपील की है।

आकर्षक श्रृंगार एवं सजावट साथ होंगे मां आरण्य देवी के दर्शन

प्राकृतिक एवं कृत्रिम फूलों से होगा श्रृंगार और सजावट



आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के मंदिर में इस बार शारदीय नवरात्र में भव्य श्रृंगार एवं सजावट का अनुपम दृश्य भक्तों एवं श्रद्धालुओं को दीदार करने का मौका मिलेगा। इसको लेकर सजावट एवं श्रृंगार का कार्य की तैयारी शुरू हो गई है। देश-विदेश के नाना प्रकार के फुलो से श्रृंगार का कार्य किया जाएगा। मां आरण्य देवी का पहनाया जाने वाला माला आठ-दस किस्म के खुशबदार फूलों से निर्मित होगा। इसको लेकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता के फुल-श्रृंगार के सुप्रसिद्ध कलाकार विश्वनाथ पात्रा उर्फ बोका दादा की सात सदस्यीय टीम पिछले 10 अक्टूबर से माता के मंदिर में सजावट व श्रृंगार के लिए दिन-रात लगी हुई है। टीम में बंगाल निवासी कलाकार रोबिन मित्रा, तापस, गोउर एवं अमित आदि है। कलाकार आरा शहर के शीशमहल चैक स्थित मारवाडी धर्मशाला में कृत्रिम फुलो से हाथ द्वारा सजावट और श्रृंगार के समानो को तैयार कर रहे हैं। कलाकारो ने बताया की फ्रेमिंग कर सजावट में स्टोन, मोती एवं जडी से काम हो रहा है। श्रृंगार में आर्किट, गुलाब, जुही एवं गेंदा आदि का उपयोग होगा। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि की शाम संध्या आरती के पश्चात श्रृंगार और सजावट का कार्य शुरू किया जाएगा। मध्य रात्रि में करीब तीन बजे सजावट एवं श्रृंगार का कार्य पूरा हो जाएगा। सप्तमी तिथि की प्रातः 4 बजे मां आरण्य देवी की मंगला आरती होगी। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में शुद्ध बेसन से निर्मित बुंदिया का वितरण होगा।

आरण्य डांडिया नाइट ने युवतियों और महिलाओं ने मचाया धमाल



आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरण्य डांडिया नाइट सीजन 6 ने एक बार फिर से डांडिया के क्षेत्र में धमाल मचाया। मंगलवार को शहर के होटल आरा ग्रैंड में डांडिया का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें सैकड़ो की संख्या में डांडिया प्रेमी मौजूद थे, सर्वप्रथम मुख्य अतिथि चिकित्सक डॉ. जयमीत अंकुर, पंकज प्रभाकर और ग्रांड होटल के प्रोपराइटर अभिषेक सिंह उर्फ बबलू सिंह, संस्था के सदस्य अमरेंद्र नाथ राय, मनीष वर्मा, अमित राज, शशि यादव और कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं के द्वारा मां दुर्गा एवं गणेश जी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अलग-अलग डांडिया थीम पर लोग डांडिया पर डांस करते एवं आनंद लेते हुए नजर आए। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों, युवतियों और महिलाओं और पुरुषों ने जमकर लुफ्त उठाया। संस्था के द्वारा अगला डांडिया कार्यक्रम 17 अक्टूबर को ग्रांड होटल में होना तय हुआ है।

बहन की हत्या में आरोपित भाई गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना पुलिस द्वारा बहन की हत्या के मामले में आरोपित भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के मिल्की अनाइठ मोहल्ले से की गयी। वह नवादा थाना क्षेत्र के मिल्की अनाईठ मोहल्ला निवासी हरेंद्र ठाकुर का पुत्र राहुल कुमार है। वह मृत किशोरी का सगा भाई है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दें कि बीते रविवार की रात नवादा थाना क्षेत्र के मिल्की अनाइठ मोहल्ले में स्थित घर के शौचालय के पास से थाना क्षेत्र के मिल्की अनाइठ मोहल्ला निवासी हरेंद्र ठाकुर की पुत्री रिंकू कुमारी का शव बरामद हुआ था। मृत किशोरी के पिता हरेंद्र ठाकुर द्वारा बेटे राहुल कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

मादक पदार्थ एवं नगद रुपए के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

गांजा, नगदी एवं इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। धनगाई थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ एवं नगद रुपए के साथ सगे भाई धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया, उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के एनएच 319 कुसहा टोला पुल स्थित काराकाट के दुकान से की गयी। तलाशी के दौरान उनके पास से 78 ग्राम गांजा, 12,390 रुपए नगद एवं एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। गिरफ्तार धंधेबाज धनगाई थाना क्षेत्र के सावन टोला गांव निवासी अशोक चैधरी के दो पुत्र निशांत कुमार एवं विकास कुमार शामिल हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी, उन्होंने बताया कि धनगाई थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि एनएच 319 कुसहा टोला पुल स्थित करकट की दुकान में मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात धनगाई थाना में पुलिस ने उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

हेरोइन एवं नगद रुपए के साथ मां-बेटे गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नारायणपुर थाना पुलिस द्वारा हेरोइन एवं नगद रुपए के साथ धंधेबाज मां-बेटे को को गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के जमुनी टोला स्थित उनके घर के बाहर से की। तलाशी के दौरान उनके पास से 2.22 ग्राम हेरोइन एवं 2,380 रुपए नगद बरामद हुआ। गिरफ्तार धंधेबाजो में नारायणपुर थाना क्षेत्र के जमुनी टोला गांव निवासी ललन यादव की पत्नी कबूतरी देवी एवं पुत्र रामबदन यादव शामिल है।

संक्षिप्त खबरें

नशे मे हंगामा कर रहे आधा दर्जन नशेडी गिरफ्तार

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थाना क्षेत्र के सढवाड़ा गांव में शराब पीकर हो-हल्ला और हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हरपुर गांव के सुजीत कुमार, विष्णु पासवान और राजा कुमार तथा सढवाड़ा गांव के किशुन चौधरी, अर्जुन पासवान और राघवेंद्र यादव बताया गया है। पुलिस सूत्रो अनुसार शाम गश्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सढवाड़ा गांव में कुछ लोग हंगामा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया। सभी को थाने लाकर जांच की गई। जिसमें शराब पीने की पुष्टि होते ही सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले मे अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

वागत बोर्ड पर छह माह बाद भी नाम में सुधार नहीं, दुर्गा पूजा में भी रोशनी का अभाव



नगर परिषद क्षेत्र में लगा स्वागत बोर्ड।

बेनीपुर (एनएसबी)। नगर परिषद बेनीपुर के कामकाज पर सवाल उठ रहे हैं। नगर परिषद क्षेत्र के प्रवेश द्वार पर लगे स्वागत बोर्ड पर मुख्य पार्षद और उपमुख्य पार्षद के नाम में लिंग संबंधी त्रुटि होने के बावजूद करीब छह माह बीत जाने पर भी सुधार नहीं किया गया है।दरभंगा बेनीपुर मुख्य पथ पर शहर की पहचान और स्वागत के लिए बड़े-बड़े बोर्ड लगाए गए हैं। इन बोर्डों पर मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी के नाम अंकित हैं। नाम में त्रुटि रहने से नगर परिषद की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।वहीं दुर्गा पूजा जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर भी नगर परिषद क्षेत्र में समुचित प्रकाश व्यवस्था नहीं होने की शिकायत सामने आ रही है। प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने सौंदर्यीकरण और प्रकाश व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई है।इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी विकास कुमार ने देखवा लेने की बात कहते हुए कहा कि अभी में है।

कुशेश्वरस्थान में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को लेकर एनडीए का सघन जनसंपर्क अभियान

कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)। प्रखंड अंतर्गत भाजपा मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी के नेतृत्व में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने हरिनगर गौड़ा ब्रम्हपुर कटवारा में घर-घर जाकर मतदाताओं से सघन संपर्क साधा और समर्थन की अपील की। मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी सर्वेश कुमार तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी घनश्याम राय चुनावी मैदान में हैं। जनसंपर्क अभियान में जिलाध्यक्ष विनय पासवान राजेश पासवान सुबित पाठक, सत्यम सिंह, शोभाकांत पाठक, मो.इरफान , मो. एहसान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भिंडवार डेंटल एंड मैक्सिलोफेशियल ट्रॉमा सेंटर के डॉ पंकज प्रकाश भिंडवार बने सचिव


डॉ पंकज प्रकाश भिंडवार।

दरभंगा (एनएसबी)। दोनार के सहनी पोखर स्थित भिंडवार डेंटल एंड मैक्सिलोफेशियल ट्रॉमा सेंटर के मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ पंकज प्रकाश भिंडवार को मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चिकित्सा प्रकोष्ठ के पहले सचिव के रूप में नियुक्त किया है। संगठन के बिहार प्रदेश इकाई में लगातार डॉक्टरों की संख्या बढ़ रही है। बिहार के वैसे डॉक्टर जिन्होंने चिकित्सा के माध्यम से जनता की सेवा के साथ-साथ सामाजिक सेवा को भी प्रमुखता से अपनाया है। वैसे समाज सेवी हृदय के डॉक्टर लगातार मानवाधिकार में सामाजिक न्याय की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।इसी को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने बिहार प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ का गठन किया है ताकि चिकित्सक को साथ ले कर जनसेवा के साथ-साथ गरीब, असहाय जनता को स्वस्थ ,सवल व सक्षम बनाया जा सके। पहली बार मानवाधिकार एवम सामाजिक न्याय के चिकित्सा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। डॉ पंकज प्रकाश अभी तक दरभंगा जिला इकाई के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे। देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अवार्ड राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा श्री सम्मान से उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। कोरोना के समय बेहतरीन योगदान देने के लिए रियल हीरो ऑफ इंडिया 2021 के रूप में भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। बॉलीवुड के सुपरस्टार सुनील शेट्टी, 3 ईडियट्स फिल्म बॉलीवुड स्टार शरमन जोशी समेत कई सुपरस्टार ने उन्हें न सिर्फ सम्मानित किया है बल्कि उनके कार्यो की सराहना भी की है। दरभंगा की पूरी टीम ने डॉक्टर पंकज को प्रदेश सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ के रूप में नियुक्त होने पर खुशी जताई है। विजय कुमार जुमनानी ने कहा की डॉक्टर पंकज की नेतृत्व में जिला में हम लोगों ने कई बड़े कार्यक्रम किए हैं। एक बेहतरीन नेतृत्व शक्ति के व्यक्ति हैं। उनके नेतृत्व में जिस तरह दरभंगा जिला लगातार जनहित में काम कर रही थी अब प्रदेश के कार्यकारिणी भी संचालित होगी। साथ ही पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने कहा कि डॉक्टर पंकज जिला अध्यक्ष रहते हुए दरभंगा में कई बड़े मुहिम को शुरू किया जिसमें से 10 रुपये वाले क्लिनिक मे लोगों ने इलाज करवाया। वहीँ अजय कुमार अन्नपूर्णा, डॉ रजनीकांत ने भी डॉक्टर पंकज के कार्य की खूब सराहना की।

डीएमसीएच में कर्मियों के शराब पीते वायरल वीडियो पर हुई बड़ी कार्रवाई

दरभंगा (एनएसबी)। डीएमसीएच में ड्यूटी के दौरान महिला और पुरूष कर्मियों की शराब पार्टी का वीडियो प्रकाश में आने से हड़कंप मच गया है। इसको लेकर मंगलवार दिनभर कर्मचारियों के बीच चर्चा का बाजार गर्म रहा है। तरह-तरह की बातें लोग करते रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित इस वीडियो की पुष्टि दैनिक नवसन्देश नहीं करता है। हालांकि, वीडियो में दिख रहे कर्मी डीएमसीएच में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत बताया जा रहा हैं।

वीडियो में दो महिला थैले से नमकीन और डिस्पाजल प्लास्टिक ग्लास निकालती है। इसके बाद पुरूष कर्मी कमर से ट्रेटा पैक पाउच वाला शराब निकालकर देता है। फिर दो महिला कर्मी चार ग्लास में शराब और पानी डाल कर पीते दिख रहे हैं। शराब पार्टी का वीडियो सर्जरी विभाग ओपीडी की सीढ़ियों के निकट का बना है। इसमें शामिल पुरुष कर्मी ट्राली मैन है और महिलाएं जीविका कर्मी है। इनके बारे में

चार महिला और एक पुरुष शराब पीते आ रहे हैं नजर, वीडियो जून 2026 का



डीएमसीएच का वायरल वीडियो।

जानकारी होने पर आउटसोर्सिंग एजेंसी ने सभी कर्मियों को तत्काल निलंबित कर दिया है। फिर मामला ठंडा पड़ने पर शराब पार्टी में शामिल महिला और पुरुष कर्मी कार्यरत हो गये। जिसके बाद वीडियो के दोबारा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने से फिर बातें होने लगी । लोग कार्य स्थल पर जाम टकराने वाले कर्मियों को ढूढ़ रहे हैं। वीडियो के संबंध में डीएमसीएच अधीक्षक डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि वीडियो की जानकारी मिली है। इसे सत्यापित कर शराब पार्टी में शामिल कर्मियों को चिह्नित और कार्रवाई का आदेश दिया गया है। इधर, ट्राली मैन के सुपरवाइजर रमण सिंह ने बताया कि वीडियो में दिख रहे कर्मी को महीनों पूर्व बर्खास्त किया जा चुका है। किसी दूसरे कर्मी के शामिल होने की पुष्टि होगी तो उसके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने गंभीरता से लेते हुए बेंता थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया । उनके निर्देश पर बेंता थाना अवर पुलिस निरीक्षक संदीप चौधरी ने डीएमसीएच पहुंचकर वायरल वीडियो मे शामिल लोगों की पहचान करवाई तो सभी की पहचान हो गई है। दारोगा के आवेदन पर बेंता थाना में कांड संख्या 226/26 दर्ज कर तीन महिला एवं एक पुरुष पर मामला दर्ज किया गया है। मामले को लेकर तहकीकात शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एवरेस्ट ह्यूमन रिसोर्सेज कंसन्ट्रेशन इण्चआरसी के चारों स्टाफ है। अमित कुमार की पहचान ट्रॉली मैन के रूप में हुई है। तीनों महिला की भी पहचान हो गई है। इन लोगों के खिलाफ जल्द हीं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो जून महीने का हीं है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। इधर बताया जा रहा है कि तीन महिला व एक पुरुष को कार्य से हटा दिया गया है। तीनों महिला सफाई का कार्य करती थी। वहीं पुरुष अमित कुमार ट्रॉली मैन के रूप में कार्य कर रहा था।

डीएम ने किया आईसीडीएस योजनाओं की समीक्षा

■ सीडीपीओ, प्रखंड समन्वयक एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को दिए निर्देश



बैठक करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

दरभंगा (एनएसबी)। अम्बेडकर सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी कौशल कुमार ने समेकित बाल विकास सेवाएँ के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आभा आईडी, टेक होम राशन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लाभार्थियों का पंजीकरण कर लंबित आवेदनों का नियमानुसार निष्पादन करें । बच्चों एवं पात्र लाभार्थियों की आभा आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जाए। टीएचआर वितरण में पात्र लाभार्थियों को पोषाहार उपलब्ध कराने तथा वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प के अंतर्गत स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, भवन आदि की समीक्षा की और सभी प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयकों एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण करने, लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिले। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस चांदनी सिंह एवं अन्य प्राधिकारी उपस्थित थे।

नेशनल स्कूल को शीघ्र मिलेगा राष्ट्रीय संरक्षण स्मारक का दर्जा : डॉ. गोपाल जी ठाकुर


टावर चौक के पास स्थित नेशनल स्कूल का जर्जर भवन।

■ पुरातत्व निदेशालय के निर्देश पर कला संस्कृति विभाग के अधिकारयों ने किया निरीक्षण

दरभंगा (एनएसबी)। ऐतिहासिक गौरव और स्वतंत्रता संग्राम की अमूल्य धरोहर दरभंगा लालबाग स्थित ह्वाराष्ट्रीय विद्यालयह्व को राज्य संरक्षित स्मारक घोषित कराने की दिशा में तेजी से पहल शुरू कर दी गई है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा मे सचेतक डा. गोपाल जी ठाकुर ने इस संबंध में बताया कि इस संबंध में उन्होंने भारत सरकार के कला संस्कृति मंत्रालय, बिहार के मुख्यमंत्री तथा पुरातत्व विभाग को पत्र देकर शीघ्र पहल करने का आग्रह किया था। इसके फलस्वरूप बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग के पुरातत्व निदेशालय के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन, दरभंगा द्वारा स्थल निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है।

जिला प्रशासन शीघ्र ही इस स्कूल के स्थल का मौजा, खाता, खेसरा, रखवा एवं अवैध कब्जे के संबंध में पूर्ण विवरण पुरातत्व निदेशालय को भेजा जाएगा ताकि स्कूल के जमीन से अतिक्रमण हटाया जा सके और इसे राष्ट्रीय संरक्षण स्मारक घोषित कर पर्यटन क्षेत्र में विकसित किया जा सके।सांसद डा ठाकुर नेकहा कि नेशनल स्कूल 1942 के असहयोग आंदोलन जीवंत तस्वीर है । राष्ट्रसेवी स्वर्गीय कमलेश्वरी चरण सिन्हा एवं स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों से जुड़ी यह ऐतिहासिक धरोहर न केवल दरभंगा बल्कि मिथिला की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय स्वाभिमान और गौरवशाली विरासत की प्रतीक है। इसका संरक्षण एवं जीर्णोद्धार आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इस ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण से भावी पीढ़ियों को अवगत कराने की आवश्यकता है। लालबाग स्थित राष्ट्रीय विद्यालय भवन के साथ राजकिला, शहर के तीनों ऐतिहासिक तालाबों का डेस्टिनेशन सेंटर के रूप में चयन, मिथिला की प्राचीन पांडुलिपियों का पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षण सहित दरभंगा और मिथिला क्षेत्र के ऐतिहासिक सांस्कृतिक तथा धार्मिक धरोहरों को पुनर्जीवित कर उसे राष्ट्रीय फलक पर स्थापित करने के लिए वे संकल्पित है।

नीरज कुमार खेड़िया बने बिहार प्रदेश अग्रवाल सम्मेलन बिहार पश्चिम के प्रदेश उपाध्यक्ष


नीरज खेरिया को पत्र देते योगेश तुलस्यान, डॉ. आर बी खेतान, डॉ. एस एन सर्राफ आदि।

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार में अग्रवाल सम्मेलन के प्रादेशिक अध्यक्ष (पश्चिम) योगेश तुल्सयान दो दिन के दौड़े पर दरभंगा आये। अग्रवाल समाज के आदि पुरूष महाराजा अग्रसेन की जयंती समारोह पर अग्रसेन पूजा समिति , दरभंगा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। आयोजन में उन्होंने नीरज कुमार खेड़िया की समाजिक सेवा क्षमता देखते हुए बिहार प्रदेश (पश्चिम) क्षेत्र का उपाध्यक्ष नियुक्त किया।साथ ही श्री तुल्सयान ने आतम प्रकाश सराफ को दरभंगा शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किया।

इधर नीरज कुमार खेड़िया के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर एवं आतम प्रकाश सराफ के दरभंगा शाखा अध्यक्ष नियुक्त करने होने पर समाज के बीच खुशी का माहौल बन गया। मौके पर पूर्व महापौर अजय जालान, रेड क्रास के स्टेट रिप्रेजेंटेटिव डॉ राम बाबू खेतान , डॉ एस एन सर्राफ ,डॉ लता खेतान, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन दरभंगा शाखा अध्यक्ष विनोद सरावगी, संरक्षक सदस्य रतन खेड़िया, गणपत वर्मा, रूकमानंद अग्रवाल, राज कुमार सरावगी, ओम प्रकाश सराफ के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के निर्माण कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बुधवार को हनुमाननगर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक से कार्य के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता रविंद्र कुमार रवि एवं उपस्थित संवेदक को निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। संबंधित अभियंताओं को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूरा कराने को कहा।इस अवसर पर अंचलाधिकारी, हनुमाननगर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, हनुमाननगर, भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, भवन निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

पांच विद्यालय क्लाइमेट स्मार्ट स्कूल के मॉडल के रूप में होंगे विकसित

■ अन्य तीन विद्यालयों ने भी जताई

दरभंगा (एनएसबी)। शिक्षा भवन में बुधवार को जीपीएसवीएस, यूनिसेफ एवं बीआईएजी के सहयोग से मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नामित शिक्षकों, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों, लेखापालों तथा प्रत्येक प्रखंड से एक मास्टर ट्रेनर की सहभागिता में समीक्षा-सह-योजना निर्माण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित अनुश्रवण एवं तकनीकी सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के सभी घटकों, चरणों एवं चरणवार प्रक्रियाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जीपीएसवीएस, यूनिसेफ एवं बीआईएजी के तकनीकी सहयोग से किया जाएगा। इसके लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा शीघ्र ही प्रखंडवार फोकल शिक्षकों के उन्मुखीकरण हेतु कैलेंडर जारी किया जाएगा।

पांच विद्यालय बनेंगे क्लाइमेट स्मार्ट स्कूल के मॉडल

बैठक में जिले के पांच विद्यालयों को क्लाइमेट स्मार्ट स्कूल के मॉडल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत आदर्श मध्य विद्यालय, लहेरियासराय, प्रोजेक्ट कन्या हाई स्कूल, बैरमपुर, बिरौल, +2 गांधी कोसी हाई स्कूल, रसियारी, किरतपुर, नंद किशोर उच्च विद्यालय, हिरणी, कुशेश्वरस्थान एवं +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, केवटगामा, कुशेश्वरस्थान पूर्वी विद्यालयों का चयन किया गया है।इसके अतिरिक्त +2 जेएमएच कमतौल, +2 सीनालाल उच्च विद्यालय, नदियामी, तारडीह तथा एमएस पोखराम उत्तरी, बिरौल ने भी अपने विद्यालयों को क्लाइमेट स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने की पहल की है। क्लाइमेट स्मार्ट स्कूल के तीन प्रमुख अवयव जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन, हरित एवं स्वच्छ विद्यालय, जल संरक्षण हैं. इस अवसर पर राज्य सलाहकार डॉ. पल्लव कुमार ने क्लाइमेट स्मार्ट स्कूल के तीनों प्रमुख अवयवों पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संकटों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, विद्यालय समुदाय की क्षमता विकसित करने, जल संरक्षण तथा हरित एवं स्वच्छ विद्यालय की दिशा में प्रभावी प्रयास करने की आवश्यकता बताई। जीपीएसवीएस-यूनिसेफ-बीआईएजी के जिला समन्वयक डॉ. श्याम कुमार सिंह ने जिले में निरंतर तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। संचालन मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार झा ने किया।

राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के अंडर-17 में एकलव्य दरभंगा और अंडर 19 में मगध प्रमंडल चैंपियन

विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित


प्रतियोगिता में खेल पदाधिकारी से सम्मानित होते खिलाड़ी।

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडलीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026-27 के अंतर्गत चार दिवसीय राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ।

अंतिम दिन अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।जबकि अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में एकलव्य दरभंगा ने मगध प्रमंडल को 19-12 गोल से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, अंडर-19 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में मगध प्रमंडल ने पटना प्रमंडल को 13-9 गोल से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबलों से पूर्व जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय कर खिलाड़ियों को अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने को कहा। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार, जिला खेल संघ के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह एवं जिला हैंडबॉल संघ के सचिव रविंद्र कुमार सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के 10 ऑफिशियल को जिला प्रशासन, दरभंगा की ओर से मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में एकलव्य कोच सिवान के शाहिद हुसैन, एकलव्य कोच दरभंगा के अमित कुमार जायसवाल, श्याम सुंदर, अमन कुमार, श्री संतोष कुमार वर्मा, आनंद कुमार, अखिलेश कुमार, खुशबू कुमारी, तनु कुमारी एवं सुमन कुमारी शामिल रहे। सफल आयोजन में योगदान देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें कुमार अनुराग, राजेश कुमार,देवनंदन झा, सुश्री कात्यायनी दुबे, राकेश कुमार, ज्योति कुमारी, सोनी कुमारी, शहरे कृष्ण एवं राजन पासवान सहित अन्य शामिल थे। वहीं मंच संचालन एवं खेल कमेंट्री कर रहे उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिरौल के शिक्षक केशव कुमार को भी जिला खेल पदाधिकारी ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों की चिकित्सा सहायता के लिए डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. बैद्यनाथ प्रसाद, राजेंद्र कुमार, एएनएम रानी कुमारी एवं प्रियंका कुमारी उपस्थित रहीं। समापन के बाद सभी खिलाड़ी अपने-अपने जिलों के लिए रवाना हुए।

संक्षिप्त खबरें

शारदीय नवरात्र के दौरान दर्जनों पंडित की उपस्थिति में विभिन्न देवी देवताओं का हो रहा पाठ



दुर्गा पूजा के दौरान पाठ करते।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के परसौनी स्थित बलि लाल झा तालाब के भिंडा पर अवस्थित शिव दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को शुभदायिनी मां भगवती कूष्मांडा की पूजा अर्चना श्रद्धा पूर्ण वातावरण में की गई. दुर्गा पूजा के दौरान दर्जनों पंडित की उपस्थिति में श्रीमद् देवी भागवत पुराण पारायण, दुर्गा पाठ, हनुमान चालीसा, रामायण पाठ सहित कई देवी देवताओं की पाठ की जा रही है. सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है. शाम की आरती में श्रद्धालु अपने श्रद्धा भक्ति भाव से आरती अर्चना में भाग लेकर पुण्य का भागी बन रहे हैं. श्रद्धालुओं को आने, पूजा पाठ करने, ठहरने और जाने की सहज व्यवस्था भी की गई है. समिति के अध्यक्ष इंद्र मोहन झा ने बताया कि यहाँ 44 वर्षों से पारंपरिक और भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन सनातनीय शास्त्रीय विधान से दर्जनों पंडित की उपस्थिति में विधि विधान से की जा रही है. आचार्य देवी संगीता किशोरी श्री धाम वृंदावन के द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण का आयोजन किया गया है. दूर-दूर से श्रद्धालु कथा का अमृत मान कर रहे हैं. पुजा व पाठ शांति सौहार्द और भव्यता के साथ किया जा रहा है. श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गये है. इस मौके पर समिति के सचिव बसंत झा एवं मुरली झा उपस्थित थे।

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा पूरे विधि-विधान और धूमधाम से की गई

मधुबनी (एनएसबी)। शहर सहित जिले के विभिन्न देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचे इस दिन सुबह स्नान-ध्यान के बाद भक्तों द्वारा मां कूष्मांडा का ध्यान किया जाता है। माता को धूप, गंध, अक्षत, लाल पुष्प, और उनका प्रिय भोग (जैसे कुम्हड़ा/पेठा या मालपुआ) अर्पित कर आरती की जाती है। नवरात्र के पांचवें दिन पूजी जाने वाली मां स्कंदमाता का स्वरूप ममता, वात्सल्य और शक्ति का अद्भुत संगम है। धार्मिक दृष्टिकोण से वह भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की माता हैं। लेकिन जब हम उनके इस दिव्य स्वरूप को विज्ञान, मनोविज्ञान और न्यूरोलॉजी के दृष्टि से देखते हैं, तो इसके पीछे गहरे वैज्ञानिक और व्यावहारिक अर्थ सामने आते हैं। वैज्ञानिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण से मां स्कंदमाता को 'क्रियात्मक ज्ञान' का प्रतीक माना जाता है। पंडित पंकज झा शास्त्री का कहना है कि केवल ज्ञान होना पर्याप्त नहीं है, जब तक कि उसका सही उपयोग न किया जाए। स्कंदमाता का स्वरूप सिखाता है कि जब विचार (ज्ञान) को कर्म से जोड़ा जाता है, तभी सृजन होता है। माँ स्कन्द माता अपने पुत्र कार्तिकेय को केवल जन्म नहीं दिया, बल्कि उन्हें ब्रह्मांड का नेतृत्व करने योग्य (देवताओं का सेनापति) बनाया। विज्ञान भी इसी सिद्धांत पर काम करता है—जहाँ थ्योरी (ज्ञान) को प्रैक्टिकल (कर्म) में बदलकर नए आविष्कार किए जाते हैं। मां स्कंदमाता एक तरफ अत्यंत कोमल रूप में अपने बच्चे को गोद में लिए हैं, तो दूसरी तरफ वह सिंह (शेर) पर सवार हैं। ममता और आक्रामकता का वैज्ञानिक संतुलनः जीव विज्ञान में इसे 'मैटर्नल अग्रेशन' या मां की सुरक्षात्मक वृत्ति कहा जाता है। एक मां अपने बच्चे के लिए जितनी दयालु होती है, उसके संरक्षण के लिए उतनी ही आक्रामक और शक्तिशाली (शेर जैसी) हो सकती है। यह स्वरूप प्रकृति के इसी रक्षात्मक नियम को दशार्ता है कि पोषण र शक्ति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। ज्योतिष में मां स्कंदमाता को मुख्य रूप से बुध ग्रह की देवी माना गया है। यह बुद्धि, संवाद, शिक्षा, और व्यापार का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके अलावा इनका संबंध सूर्यमंडल से भी है और इनकी आराधना से कुंडली में मंगल तथा बृहस्पति (गुरु) से जुड़े शुभ फल भी प्राप्त होते हैं।

अबलों को सबल बनाने वाली माता हैं रहिकेश्वरी अष्टभुजी दुर्गा, क्षेत्र में दूर-दूर तक है ख्याति

मधुबनी (एनएसबी)। जिला के प्रखंड मुख्यालय रहिका स्थित माता रहिकेश्वरी दुर्गा देवी की ख्याति दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। मंदिर का इतिहास अति प्राचीन है। यहाँ स्थापित मंदिर के बिल्कुल समीप निवास करने वाले वलियासे मूल के ब्राह्मण परिवार के स्वप्न में आकर माता दुर्गा ने उनके निवास स्थान पर धरती के अंदर दबे होने की बात कही। जहाँ खुदाई के दौरान माता दुर्गा की अष्टधातु की प्रतिमा मिली। खुदाई के क्रम में बना कुआँ यहाँ आज भी मौजूद है। माता का स्वरूप अष्टभुजी है। शेर पर सवार माता दुर्गा महिषासुर मर्दिनी की मुद्रा में यहाँ ऐतिहासिक रूप से विराजमान हैं। यहाँ जगदंबा के इसी स्वरूप की पूजा नवदुर्गा के रूप में भी की जाती है। मंदिर के पुरोहित परंपरा का निर्वहन करते हुए वर्तमान पुरोहित पंडित धीरेन्द्र मिश्र बताते हैं कि रहिकेश्वरी माता उनकी कुल देवी हैं। माता द्वारा स्वप्न में दिए गए संकेत के अनुसार यहाँ पूजेगरी वाले वंशज को यहाँ से ठीक पश्चिम अवस्थित अरेर गाँव से लाकर यहाँ बसाया गया। जिसका निर्वहन अभी तक पारंपरिक रूप से किया जाता है। पूजेगरी विनोद झा कहते हैं कि यहाँ की पूजा पद्धति भी बिल्कुल भिन्न है, जो अन्यत्र और कहीं उपलब्ध नहीं है। माता रहिकेश्वरी पूजा समिति के वर्तमान अध्यक्ष मिथिला आंदोलनी मनोज झा ने बताया कि यहाँ स्थापित देवी दुर्गा अबलों को सबल बनाने वाली माता हैं। इनका स्वर्णमयी स्वरूप बहुत ही सुंदर और आकर्षक है। पूर्व समय में आसपास के करीब पाँच कोस के गांवों में कहीं भी दुर्गा पूजा का आयोजन नहीं होता था, तबसे आज तक माता रहिकेश्वरी देवी दुर्गा आस्था के केंद्र विंदु में हैं। लोग दूर दराज से अपनी मन्नतें लेकर श्रद्धा पूर्वक यहाँ पहुंचते हैं। माता अष्टभुजी दुर्गा अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करती। अपने भक्तों की झोलियाँ भरने वाली जगदंबा के रूप में इनकी प्रसिद्धि है। वैसे तो यहाँ नित्य ही दूर दराज से श्रद्धालु भक्त जनों का आना जाना लगा रहता है। आश्विन दुर्गा पूजा में यहाँ का माहौल भक्तिमय होता है।



भगवती।

मद्यनिषेध टीम की कार्रवाई : दो अलग-अलग स्थानों से 107 कार्टन विदेशी शराब जब्त

मधुबनी (एनएसबी)। जिले में मद्यनिषेध कानून के प्रभावी अनुपालन तथा अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मद्यनिषेध विभाग की विभिन्न टीमों ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की है। दोनों स्थानों से कुल 107 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित मात्रा लगभग 960 लीटर है। इस मामले में संबंधित मकान मालिक के विरूद्ध झंझारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

ज्ञातव्य हो कि मद्यनिषेध विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से विदेशी शराब का भंडारण किया गया है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए विभाग की विभिन्न टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झंझारपुर मे दो स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब को नियमानुसार अभिरक्षा में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल आरोपित फरार बताए जा रहे हैं। उनकी पहचान, संलिप्तता तथा अवैध शराब के भंडारण और आपूर्ति से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मद्यनिषेध विभाग की टीम मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी है। जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 1 जनवरी 2026 से 13 अक्टूबर 2026 तक जिले में कुल 23,005 छापेमारी की गई। इस दौरान मद्यनिषेध कानून के उल्लंघन के मामलों में 3,363 अभियोग दर्ज किए गए तथा 3,340 लोगों की गिरफ्तारी हुई। कार्रवाई के दौरान कुल 94,483.935 लीटर शराब जब्त किये गये। इसमें 72,559.750 लीटर देशी शराब तथा 21,924.185 लीटर विदेशी शराब शामिल है। इसके अतिरिक्त 29.242 किलोग्राम गांजा और 5.600 किलोग्राम अन्य मादक पदार्थ भी जब्त किए गए। अवैध कारोबार में इस्तेमाल किए जा रहे 435 वाहनों को भी जब्त किया गया है।



जब्त शराब।

प्रशासन एलर्ट एंड एक्टिव तथा छापेमारी अभियान तेज

आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने तथा अवैध शराब के उत्पादन, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने मद्यनिषेध एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को अलर्ट एंड एक्टिव रहने तथा छापेमारी अभियान तेज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि पर्व-त्योहार के दौरान अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर नियमित निगरानी रखें तथा गुप्त सूचनाओं के आधार पर संवेदनशील स्थानों पर सघन छापेमारी अभियान चलाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अवैध शराब के भंडारण स्थलों, संभावित आपूर्ति मार्गों तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए। साथ ही, सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। उन्होंने मद्यनिषेध एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को पर्व के दौरान लगातार क्षेत्र भ्रमण करने, सूचना तंत्र को मजबूत रखने तथा विधि-व्यवस्था से संबंधित किसी भी संभावित समस्या पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखने और आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करने को कहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि दुर्गा पूजा के दौरान शांति, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

धान की उन्नत किस्मों एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने पर जोर निदेशक (बीज) ने किया धान अनुसंधान प्रक्षेत्र का निरीक्षण



फसल देखते।

■ 'राजेन्द्र सरस्वती' धान की फसल की स्थिति का लिया जायजा, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं हरी खाद के उपयोग को बताया महत्वपूर्ण

मधुबनी (एनएसबी)। कृषि अनुसंधान को प्रभावी बनाने, उन्नत धान की किस्मों की उत्पादकता का आकलन करने तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के निदेशक (बीज) डॉ. डी. के. रॉय ने अपनी टीम के साथ क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, झंझारपुर स्थित धान अनुसंधान प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान की फसल की वृद्धि, विकास एवं वर्तमान स्थिति का विस्तृत जायजा लिया तथा वैज्ञानिक फसल प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

निरीक्षण के क्रम में निदेशक (बीज) ने जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में रोपित सुगंधित धान की उन्नत किस्म 'राजेन्द्र सरस्वती' की फसल का अवलोकन किया। फसल की समग्र स्थिति संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने फसल की बेहतर वृद्धि एवं संभावित उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक तकनीकों के समुचित उपयोग तथा कृषि प्रबंधन के निर्धारित मानकों का पालन करने पर बल दिया।

मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के लिए हरी खाद का उपयोग जरूरी

डॉ. रॉय ने कहा कि दीर्घकालिक कृषि उत्पादकता बनाए रखने के लिए मिट्टी की उर्वरता एवं स्वास्थ्य का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में ढैंचा जैसी हरी खाद वाली फसलों का उपयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हरी खाद से मिट्टी में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ाने, पोषक तत्वों की उपलब्धता में सुधार करने तथा मृदा की गुणवत्ता बनाए रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने कृषि उत्पादन के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को भी समान प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई।

कम अवधि में तैयार होने वाली सुगंधित किस्म किसानों के लिए उपयोगी

निदेशक (बीज) ने 'राजेन्द्र सरस्वती' धान किस्म की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कम अवधि में तैयार होने वाली यह सुगंधित किस्म किसानों के लिए उपयोगी साबित हो सकती है। उचित कृषि प्रबंधन, समयानुकूल देखभाल एवं उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर इसकी उत्पादन क्षमता का बेहतर उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने धान की उत्पादकता बढ़ाने, उपलब्ध कृषि संसाधनों का दक्षतापूर्वक उपयोग करने तथा वैज्ञानिक खेती की पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, झंझारपुर के प्रभारी पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, फार्म प्रभारी डॉ. एस. के. मंडल, तकनीकी अधिकारी धीरेंद्र कुमार एवं आशीष राय सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

बेनीपट्टी में क्रेडिट एक्सप्रेस ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक के अपहरण कांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार

■ प्रेम प्रसंग के प्रतिशोध में रची गई थी अपहरण की साजिश, अपहृत राहुल रंजन और घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो बरामद



जानकारी देते एसडीपीओ अमित कुमार।

बेनीपट्टी (एनएसबी)। बेनीपट्टी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के बेहटा स्थित क्रेडिट एक्सप्रेस ग्रामीण लिमिटेड शाखा के प्रबंधक राहुल रंजन के अपहरण कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अशोक कुमार समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहृत राहुल रंजन को सकुशल बरामद करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो भी जब्त कर ली है।

डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि, अपहरण की घटना प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद के प्रतिशोध में अंजाम दी गई थी। गिरफ्तार मुख्य आरोपी अशोक कुमार की पत्नी का शाखा प्रबंधक राहुल रंजन के साथ प्रेम प्रसंग होने की बात सामने आई है। इसी रंजिश में अपहरण की साजिश रची गई थी। डीएसपी अमित कुमार के मुताबिक, 13 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे बेहटा स्थित शाखा से घर लौट रहे लगभग 20 वर्षीय राहुल रंजन को स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने अगवा कर लिया। घटना के बाद आरोपी उन्हें अपने साथ लेकर चले गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। वरीय पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेनीपट्टी के नेतृत्व में बेनीपट्टी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहृत शाखा प्रबंधक को बरामद कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल के पास से अपहरण में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो भी बरामद की।

3 नए हाइवे पेट्रोलिंग/डायल-112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

मधुबनी (एनएसबी)। बुधवार को पुलिस केंद्र, मधुबनी में वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा 3 नए हाइवे पेट्रोलिंग,डायल 112 की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर कर्तव्य पथ पर रवाना किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक(रक्षित) सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित रहे। इन वाहनों की तैनाती से जिले के प्रमुख मार्गों पर गश्ती तेज होगी, सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी और आम जनता को त्वरित आपातकालीन सेवा प्राप्त होगी।

भोजपंडौल के अंकुरित भगवती स्थान की महिमा दूर-दूर तक, 78 वर्षों से हो रही विधि-विधान से पूजा

बिस्फी (एनएसबी)। मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखंड अंतर्गत भोजपंडौल पंचायत स्थित अंकुरित भगवती स्थान की महिमा दूर-दूर तक फैली हुई है। यहां मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। भक्तों का अटूट विश्वास है कि सच्चे मन से मां भगवती से मांगी गई मुराद अवश्य पूरी होती है।

स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, भोजपंडौल स्थित दुर्गा मंदिर का इतिहास काफी प्राचीन और रोचक है। यहां पिछले 78 वर्षों से दरभंगा महाराज की पूजा पद्धति के अनुसार विधि-विधानपूर्वक मां भगवती की आराधना की जा रही है।

पीपल के पेड़ में मिली थी मां भगवती की प्रतिमा

मंदिर से जुड़ी मान्यता के अनुसार, वर्ष 1950 से पहले मां भगवती की प्रतिमा एक विशाल पीपल के पेड़ के भीतर विराजमान थी। बताया जाता है कि गांव के स्वर्गीय शिवनारायण झा को एक रात स्वप्न आया, जिसमें मां ने स्वयं के पीपल के पेड़ में विराजमान होने की बात कही। इसके अगले दिन शिवनारायण झा की सलाह पर ग्रामीणों ने पेड़ के एक हिस्से की खुदाई की, जहां मां की प्रतिमा दिखाई दी। इसके बाद ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक प्रतिमा को बाहर निकालकर पूजा-अर्चना की और उसी स्थान पर एक छोटे मंदिर का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित की। समय के साथ श्रद्धालुओं की आस्था और ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का भव्य स्वरूप विकसित हुआ। वर्तमान में यहां करीब दो करोड़ रुपये की लागत से भव्य मंदिर बनकर तैयार है। मंदिर परिसर में मां भगवती के शांत स्वरूप में सिंह पर विराजमान प्रतिमा के साथ भगवान शिव-पार्वती, गणेश, हनुमान और सूर्य भगवान की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। सूर्य भगवान का रथ 'कुमराजी ठाकुर ब्रह्मण बाबू' के नाम से प्रसिद्ध है।



अकूडी भगवती।

ग्रामीणों के सहयोग से होती है पूजा-अर्चना

पूजा समिति के अध्यक्ष रामकुमार मिश्रा, सचिव मंटून झा, कोषाध्यक्ष डॉ. सुशील चौधरी तथा संतोष झा, आनंद झा, मुकेश झा, कुलानंद मिश्र और निखिल कुमार झा सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की जाती है। पंडित मनोहर झा और पंडित दीनानाथ झा वैदिक विधि-विधान से मां भगवती की पूजा संपन्न कराते हैं। समिति के सदस्यों ने कहा कि अंकुरित भगवती स्थान श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। यहां आने वाले भक्त मां के दरबार में अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं। भक्तों का विश्वास है कि मां भगवती अपने दरबार में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को निराश नहीं करतीं।

भारतीय प्राचार्य संघ ने डॉ. संत कुमार चौधरी को किया सम्मानित

'स्कूल लीडर ऑफ द ईयर अवाड्र्स 2026' में भारत के सबसे प्रेरणादायी शिक्षकों में शामिल



सम्मानित होते डॉक्टर संत।

मधुबनी (एनएसबी)। भारतीय प्राचार्य संघ (अस्सोसिएशन ऑफ इंडियन प्रिंसिपल्स-ए.आई.पी) ने मैकमिलन एजुकेशन इंडिया के सहयोग से प्रतिष्ठित स्कूल लीडर ऑफ द ईयर अवाड्र्स 2026 का सफल आयोजन किया। इस राष्ट्रीय पहल का उद्देश्य उन उत्कृष्ट शिक्षाविदों, प्राचार्यों, निदेशकों और संस्थागत नेताओं को सम्मानित करना था, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में दूरदर्शिता, नवाचार, समावेशिता, सामुदायिक सहभागिता और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जम्मू एवं कश्मीर के माननीय मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला उपस्थित रहे। साथ ही, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव श्री संजय कुमार ने मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भारतीय प्राचार्य संघ के कार्यकारी अध्यक्ष श्री दिलीप शर्मा, मैकमिलन एजुकेशन इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री राजेश पसारी, सिटी इनोवेट्स के सीईओ श्री कशिश झांब सहित अनेक प्रतिष्ठित शिक्षा जगत के नेता उपस्थित रहे। इस आयोजन में मानव-केंद्रित स्कूल नेतृत्व पर विचारोत्तेजक चचाएँ भी हुईं, जिनमें शिक्षकों की बदलती भूमिका, तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कम्पीटेंसी-बेस्ड लर्निंग द्वारा शिक्षा को पुनर्परिभाषित करने के अवसरों पर विशेष विमर्श किया गया। इस समारोह में शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स एवं न्यू दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के अध्यक्ष डॉ. संत कुमार चौधरी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. चौधरी बिहार, दिल्ली, जयपुर, रांची, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों का संचालन कर रहे हैं। उनके योगदान को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहा गया। डॉ. चौधरी ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने वचन दिया कि वे आगे भी गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि शंकरा ग्रुप द्वारा मधुबनी, बिहार में स्थापित कृषि विज्ञान केंद्र युवाओं को कृषि एवं उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त बना रहा है। साथ ही, शंकर नेत्रालय के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने डॉ. चौधरी के योगदान को भारत के शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायी बताया और कहा कि उनके नेतृत्व में संस्थान न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक उत्थान और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्कूल लीडर ऑफ द ईयर अवाड्र्स 2026 ने भारतीय प्राचार्य संघ, मैकमिलन एजुकेशन इंडिया और व्यापक शिक्षा समुदाय की इस सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट किया कि भारत में नेतृत्व उत्कृष्टता को पोषित करते हुए एक मजबूत, न्यायसंगत और भविष्य-उन्मुख शिक्षा प्रणाली का निर्माण किया जाए।

बज्जिका दिवस सह 26वें महाकवि अवधेश्वर अरुण बज्जिका सेवी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

बज्जिका भाषा साहित्य के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 5 लेखक सम्मानित

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। अरुणादित्य ट्रस्ट एवं तथागत सांस्कृतिक फाउंडेशन के संयुक्त तत्त्वावधान में बुधवार को सुस्ता माधोपुर स्थित शहीद प्रमोद बी.एड. कॉलेज के प्रांगण में 'बज्जिका दिवस सह 26वाँ महाकवि अवधेश्वर अरुण बज्जिका सेवी सम्मान समारोह- 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

कुमार आदित्य ने मंगलाचरण के साथ ही ट्रस्ट के इस अभियान पर विशद रूप से प्रकाश डाला। इसके पश्चात डॉ यशवंत कुमार ने विषय प्रवेश कराया। प्रथम सत्र का मंच संचालन डॉ रणवीर राजन एवं द्वितीय कवि सम्मेलन सत्र का मंच संचालन सविता राज ने किया। बज्जिकांचल विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र राकेश ने उद्घाटन वक्तव्य देते हुए बज्जिका भाषा के महत्त्व को रेखांकित किया एवं अरुण जी के साथ गुजरे क्षण एवं व्यक्तित्व, कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। समारोह के मुख्य वक्ता एवं प्रसिद्ध आलोचक डॉ. रामप्रवेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य के आगे लोक चलता है, उसके पीछे शास्त्र चलता है। अरुण जी लोक के चितेरे और सर्जक थे। बज्जिका रामायण के राम लोक जन में घुले-मिले रहने वाले हैं। वे लोकनायक, राम, प्रतीक शास्त्र तथा आस्था व आकांक्षा के प्रतीक हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार डॉ. संजय पंकज ने स्वयं को महाकवि अरुण जी का मानस पुत्र बताते हुए कहा कि वे सांस्कृतिक भावधारा तथा आध्यात्मिक चेतना के सामाजिक रचनाकार थे। रामकथा परंपरा में बज्जिका अनुवाद के माध्यम से उनका योगदान अभूतपूर्व है। वहीं वरिष्ठ साहित्यकार श्री ज्वाला सांध्यपुष्प ने कहा कि अरुण जी युगांतकारी कवि थे। बज्जिका भाषा, संस्कृति और प्रेम की संवाहक रही है। मुख्य अतिथि संबोधन में शहीद प्रमोद डिग्री कॉलेज के प्राचार्य श्याम नंदन कुमार यादव ने कहा कि जो समाज अपने पूर्वजों को याद करता है, वह अनुकरणीय और प्रेरणादायी है।



समारोह के अतिथियों के साथ सम्मानित बज्जिका सेवी रचनाकार एवं लेखक गण।

अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ शारदा चरण ने कहा कि साहित्य और शास्त्र का सुंदर समन्वय अरुण जी की कृतियों में स्पष्ट दिखता है। समारोह के दौरान बज्जिका भाषा एवं साहित्य में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रो दिनेश कुमार सिंह, डॉ उषा किरण, हंसलाल साह, सुनील कुमार एवं प्रो अमिताभ कुमार सिन्हा को महाकवि डॉ अवधेश्वर अरुण बज्जिका सेवी सम्मान के तहत अंग वस्त्र, प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दूसरे और अंतिम सत्र में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उदय नारायण सिंह ने की। कवि सम्मेलन मे रविकिशोर चंचल, मनिभूषण अकेला, अवधेश तृषित, पुष्पा गुप्ता, सविता राज, ज्योति सिन्हा, प्रो. दिनेश कुमार, राम किशोर चकवा, दिनेश धुरंधर एवं सुनील कुमार सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर समां बांधा। कार्यक्रम के अंत में आयोजक तथा अरुणादित्य ट्रस्ट के सचिव कुमार आदित्य ने सभी आगत अतिथियों, साहित्यकारों एवं प्रबुद्ध जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

संक्षिप्त खबरें

मुजफ्फरपुर में नाव परिचालन के नियम सख्त, ओवरलोडिंग पर होगी कार्रवाई

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले में नदियों में सुरक्षित नाव परिचालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिलाधिकारी कुमार गौरव और वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि गंडक, बूढ़ी गंडक और बागमती सहित विभिन्न नदियों में क्षमता से अधिक यात्रियों, मवेशियों और वाहनों को नाव पर लादकर परिचालन करना दुर्घटना को आमंत्रण देना है। सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले नाव परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बिना निबंधन चलने वाली नावों को जब्त कर संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने प्रत्येक नाव में क्षमता के अनुरूप लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, प्राथमिक उपचार किट और अन्य बचाव उपकरण रखना अनिवार्य किया है। नावों का परिचालन केवल चिह्नित घाटों से होगा। आंधी, तूफान और तेज हवा के दौरान नाव चलाने पर रोक रहेगी। जिला परिवहन पदाधिकारी को अंचलवार शिविर लगाकर नावों का निबंधन कराने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और घाटों पर जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया है। जरूरत के अनुसार प्रमुख घाटों पर नियंत्रण कक्ष भी स्थापित होंगे। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ही नाव से यात्रा करने की अपील की है।


सुरक्षित नाव परिचालन के मामले मे निर्देश जारी करते डीएम और एसएसपी।

बिना निबंधन की नाव होगी जब्त, सूर्यास्त के बाद परिचालन पर प्रतिबंध

राघोपुर नाव हादसा के बाद सुरक्षित नौका परिचालन को लेकर गंभीर हुआ प्रशासन

जेएनयू में छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार पर भाजपा महिला मोर्चा ने जताया आक्रोश

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जेएनयू में मणिपुर के कांग्रेस सांसद डॉ. आंगोमचा बिमोल अकोइजाम से जुड़े प्रकरण और छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने उग्र आक्रोश मार्च निकाला। यह मार्च भाजपा जिला कार्यालय से शुरू होकर सेवा ज्योति चौक होते हुए भारत माता नमन स्थल और समाहरणालय तक पहुंचा। इसके उपरांत कार्यकताओं ने सेवा ज्योति चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ मोनालिशा रॉय ने जेएनयू घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मामलों को बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कर तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। डॉ रॉय ने यह भी कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जहां प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है, वहीं शिक्षण संस्थानों में सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करना भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन पश्चिमी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष याचना शाही ने किया। इस मौके पर महिला मोर्चा की नेताओं ने स्पष्ट किया कि जनप्रतिनिधियों को अपने बयानों और आचरण में पूरी जिम्मेदारी बरतनी चाहिए और ऐसे संवेदनशील मामलों में राजनीति करने के बजाय न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। आक्रोश मार्च और पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ ममता रानी, जिला उपाध्यक्ष ममता देवी, जिला मीडिया प्रभारी अंजली साह, मनोरमा पासवान, अनुराधा, अंजू सिन्हा, जिला प्रवक्ता जुनैद खान, उमंग कुमार, अभिषेक कुमार, अनुराधा सहनी समेत प्रदेश एवं जिला स्तर की कई पदाधिकारी तथा सैकड़ों की संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित थी।



प्रखंड और अंचल कार्यालय में कामकाज प्रभावित, प्रमाणपत्र बनवाने पहुंचे लोगों को हो रही परेशानी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। गायघाट प्रखंड में राजस्व अधिकारी और कर्मचारियों की हड़ताल से सरकारी कामकाज प्रभावित होने लगा है। जाति, आवासीय समेत अन्य जरूरी सेवाओं पर ब्रेक लगने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। विभिन्न प्रमाणपत्र बनवाने और राजस्व संबंधी कार्यों के लिए कार्यालय पहुंच रहे लोगों को निराश होकर लौटना पड़ सकता है। हड़ताल के कारण राजस्व से जुड़े कार्यों के निष्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। खासकर छात्रों, नौकरी के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रमाणपत्रों की जरूरत वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। समय पर प्रमाणपत्र नहीं मिलने से कई जरूरी कार्यों में देरी होने की स्थिति बन सकती है। राजस्व अधिकारी और कर्मचारियों की हड़ताल से अंचल कार्यालय की सेवाएं प्रभावित होने के बीच लोगों को कामकाज सामान्य होने का इंतजार है। हालांकि, हड़ताल के कारणों, कर्मचारियों की प्रमुख मांगों और कामकाज बहाल होने की समय-सीमा को लेकर आधिकारिक स्तर से जानकारी मिलने के बाद हीं स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

मुख्यमंत्री के मोतीपुर में आगमन को लेकर मुजफ्फरपुर में 24 घंटे का नो-ड्रोन फ्लाई जोन घोषित

महवल औद्योगिक क्षेत्र के पास सख्त पहरा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुख्यमंत्री के 15 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर स्थित महवल औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित आगमन और उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास पांच किलोमीटर की परिधि को अस्थायी रेड जोन और नो-ड्रोन फ्लाई जोन घोषित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर डीएम और एसएसपी ने दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को किया ब्रीफ

प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, यह प्रतिबंध 14 अक्टूबर को शाम चार बजे से 15 अक्टूबर को शाम चार बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान निर्धारित क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर रोक रहेगी। इसके अलावा हॉट एयर बैलून, पैरा मोटर, पैराग्लाइडर, पावर्ड हैंड ग्लाइडर और अन्य गैर-पारंपरिक उड़ने वाली वस्तुओं के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पश्चिमी-1 को प्रतिबंध का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। प्रशासनिक अधिकारियों को प्रतिबंधित क्षेत्र में निगरानी रखने और आदेश का उल्लंघन रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट है। वहीं मोतीपुर स्थित मेगा लेदर फुटवियर एंड एक्सेसरीज क्लस्टर के उद्घाटन के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के महवल औद्योगिक क्षेत्र में आगमन को लेकर जिला पदाधिकारी कुमार गौरव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से ब्रीफ किया। इस दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा एवं आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।


मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यक्रम को लेकर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफ करते डीएम और एसएसपी।

मुजफ्फरपुर के बैरिया बस स्टैंड पर रंगदारी मामले में बुल्लू सिंह सहित दो गिरफ्तार, बुल्लू पर 4 केस दर्ज


पुलिस गिरफ्त में बुल्लू सिंह और टुल्लू सिंह।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। नगर के बैरिया बस स्टैंड पर बसों की टाइमिंग को लेकर हुए विवाद और रंगदारी के मामले में अहियापुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों में अभिजीत कुमार उर्फ बुल्लू भी शामिल है। पुलिस ने बुल्लू को बुधवार को कोल्हुआ पैगम्बरपुर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। मामला बैरिया बस स्टैंड पर बसों के परिचालन और टाइमिंग को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है।

आरोप है कि इस विवाद के दौरान रंगदारी की मांग को लेकर मामला सामने आया, जिसके बाद पुलिस ने जांच और कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने अभिजीत कुमार उर्फ बुल्लू को उसके घर से गिरफ्तार किया। खबर के अनुसार, बुल्लू के खिलाफ रंगदारी समेत चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि और संबंधित मामलों को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है। इस मामले में दूसरी गिरफ्तारी टुल्लू सिंह की हुई है। बताया गया है कि टुल्लू सिंह पर मारपीट और आर्म्स एक्ट से संबंधित आरोप हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को बैरिया बस स्टैंड पर विवाद और रंगदारी से जुड़े मामलों के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैरिया बस स्टैंड मुजफ्फरपुर का एक प्रमुख बस परिचालन केंद्र है। यहां बसों की टाइमिंग और परिचालन को लेकर होने वाले विवादों का असर परिवहन व्यवस्था पर पड़ सकता है। इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की आगे की कार्रवाई पर नजर रहेगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस आगे की जांच और कानूनी प्रक्रिया जारी है।

देहरादून में 16.6 किलो गांजा जब्ती मामले की जांच मुजफ्फरपुर पहुंची

बेनीबाद से सप्लायर रामललित राय गिरफ्तार

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 16.600 किलो गांजा जब्त किए जाने के मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (ठउइ) की जांच मुजफ्फरपुर तक पहुंच गई है। इस मामले में कथित सप्लायर रामललित राय को गिरफ्तार किया गया है। जांच एजेंसी बैंक खातों में हुए लाखों रुपये के लेनदेन और गिरफ्तार आरोपियों के बयानों के आधार पर मामले की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी रामललित राय को 14 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे बेनीबाद थाना परिसर से पकड़ा गया।



उत्तराखंड पुलिस की गिरफ्त में गांजा सप्लायर रामललित राय।

देहरादून में गांजा बरामदगी के बाद जांच के दौरान मुजफ्फरपुर से जुड़े कथित सप्लाई नेटवर्क का पता चला। इसके बाद एनसीबी ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। इस मामले की शुरूआत देहरादून में एक कबाड़ गोदाम से 16.600 किलो गांजा बरामद होने के बाद हुई थी। गांजा जब्ती के मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद एनसीबी ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ में सामने आए तथ्यों और वित्तीय लेनदेन की जांच के आधार पर एजेंसी को मुजफ्फरपुर से जुड़े कथित सप्लायर के बारे में जानकारी मिली। जांच में सामने आए बैंक लेनदेन का मामला भी एनसीबी की कार्रवाई का अहम आधार बताया जा रहा हैं।

कबाड़ गोदाम से मिला था गांजा, बैंक खाते में 3.63 लाख रुपये के लेनदेन की जांच कर रही एनसीबी

मिली जानकारी के अनुसार गांजा तस्करी के आरोपी ने कथित सप्लायर के बैंक खाते में 3.63 लाख रुपये भेजे थे। एजेंसी इस रकम के स्रोत, लेनदेन के उद्देश्य और गांजा बरामदगी के मामले से उसके संभावित संबंधों की जांच कर रही है। देहरादून में हुई गांजा बरामदगी के बाद मुजफ्फरपुर में गिरफ्तारी से इस मामले की जांच का दायरा बढ़ गया है। एनसीबी अब कथित सप्लाई नेटवर्क, आरोपियों के बीच संपर्क और पैसों के लेनदेन से जुड़े पहलुओं की पड़ताल कर रही है। फिलहाल उपलब्ध जानकारी के आधार पर यह स्पष्ट नहीं है कि इस मामले में और कितने लोग जुड़े है और उनकी क्या भूमिका रही है। जांच एजेंसी की पड़ताल पूरी होने और आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही पूरे नेटवर्क के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बच्चों के सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण के निर्माण को लेकर कार्यशाला में व्यक्त की गई सामूहिक प्रतिबद्धता

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरपुर के सभागार कक्ष में बुधवार को जागरूकता, समर्थन, सहायता एवं कार्यवाही तथा बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर अंतर विभागीय समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तेज कुमार प्रसाद, जिला एवं सत्र न्यायधीश श्वेता कुमारी सिंह एवं समग्र शिक्षण एवं विकास संस्थान के भगवान जी पाठक ने दीप प्रावजलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

तत्पश्चात मंचासीन पदाधिकारियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला विकास प्राधिकरन के सचिव तेज कुमार प्रसाद ने की। कार्यशाला में जिले के विभिन्न संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। इनमें सीडब्लूसी के अध्यक्ष, मुख्यालय डीएसपी बाल संरक्षण पदाधिकारी राकेश कुमार के आलावा सारे प्रखंडों से पीएलवी तथा अन्य संबंधित कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान कवच परियोजना के उद्देश्यों एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में इसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात (एएसएचए एसओपी) मानक पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बाल संरक्षण से संबंधित सेवाओं, सहायता, समन्वय एवं आवश्यक कार्यवाही को प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला में जिला एक्शन प्लान तैयार करने पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। संबंधित पदाधिकारियों एवं हितधारकों के साथ चार्ट के माध्यम से विभिन्न बाल संरक्षण मुद्दों, विभागीय भूमिकाओं, आवश्यक गतिविधियों एवं आपसी समन्वय को चिन्हित करते हुए कार्ययोजना तैयार की गई।



कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करती जिला जज एवं अन्य अतिथिगण।

कार्यशाला के माध्यम से बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, बच्चों से संबंधित समस्याओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा जिले में बाल संरक्षण तंत्र को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम एवं बाल दुर्व्यवहार के विरुद्ध शपथ ली गई तथा बच्चों के सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण के निर्माण हेतु सामूहिक रूप से प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

संक्षिप्त खबरें

अखाड़ाघाट में समानांतर फोरलेन पुल के एप्रोच पथ निर्माण की कवायद तेज

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। शहर में बूढ़ी गंडक नदी पर अखाड़ाघाट में बनने वाले समानांतर फोरलेन पुल के एप्रोच पथ निर्माण को लेकर प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। परियोजना के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के वरीय परियोजना अभियंता ने जिलाधिकारी को आधिकारिक अधियाचना भेजी है। भेजी गई अधियाचना में मौजा शेखपुर में 0.0513 एकड़ भूमि के अधिग्रहण का अनुरोध किया गया है।

भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू, शेखपुर मौजा में 0.0513 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के लिए पुल निर्माण निगम ने डीएम को भेजी अधियाचना

इसके लिए निर्धारित कानूनी प्रक्रिया अविलंब शुरू करने की मांग की गई है, ताकि एप्रोच पथ के निर्माण से संबंधित कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। अखाड़ाघाट में प्रस्तावित समानांतर फोरलेन पुल शहर की यातायात व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके एप्रोच



समानांतर पुल के एप्रोच पथ निर्माण के लिए कवायद मे जुटे विभाग के लोग।

पथ के निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध होना जरूरी है। ऐसे में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परियोजना के अगले चरण की राह आसान हो सकती है। अब जिला प्रशासन की ओर से अधियाचना पर नियमानुसार कार्रवाई की जानी है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी आने से पुल और उसके एप्रोच पथ के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

गायघाट में राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल, जाति-आवासीय समेत कई सेवाओं पर लगा ब्रेक

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुसहरी अंचल के निलंबित सीओ महेंद्र कुमार शुक्ला और राजस्व अधिकारी करुण करण समेत तीन लोगों के खिलाफ मुसहरी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसएसपी के निर्देश पर कांटी क्षेत्र निवासी मो. तौसीफ रजा के आवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। मामले में राजस्व कर्मचारी एकता सिंह को भी आरोपित बनाया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने की पुष्टि डीएसपी पूर्वी-2 मनोज कुमार सिंह ने की है। आवेदन के अनुसार ब्रह्मपुरा मौजा की ऑफलाइन जमाबंदी फाड़ दिए जाने का आरोप लगाया गया है। आवेदक का कहना है कि इसके बाद वह पिछले वर्ष से मुसहरी अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहा था,लेकिन उसकी न तो ऑफलाइन जमाबंदी बहाल की गई और न ही ऑनलाइन जमाबंदी जोड़ी गई। इसी मामले को लेकर उसने पुलिस से शिकायत की थी। हालांकि, मामले में आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और पुलिस जांच के निष्कर्ष सामने आना बाकी है। ज्ञात हो कि मंगलवार को सदर थाना में मुसहरी के निलंबित सीओ महेंद्र कुमार शुक्ला, राजस्व अधिकारी करुण करण और राजस्व कर्मचारी विकास कुमार के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं अहियापुर थाना में शहबाजपुर स्थित सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी की करीब 70 डिसमिल जमीन के जाली दस्तावेजों के आधार पर दाखिल-खारिज किए जाने के आरोप में भी प्राथमिकी दर्ज है। इस मामले में सीओ महेंद्र कुमार शुक्ला और राजस्व अधिकारी करुण करण को जेल जाना पड़ा था। लगातार सामने आ रहे इन मामलों से अंचल कार्यालय में जमीन संबंधी अभिलेखों और दाखिल-खारिज की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नए मामले में पुलिस की जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मुसहरी के निलंबित सीओ और राजस्व अधिकारी समेत तीन पर एक और प्राथमिकी दर्ज

सीतामढ़ी रक्त केंद्र में ब्लड सेपरेशन यूनिट शुरू करने को लेकर रक्तदाता समूह ने सिविल सर्जन से की मांग

सीतामढ़ी (एनएसबी)। रक्तदाता समूह सीतामढ़ी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. रवींद्र कुमार यादव से मिलकर सदर अस्पताल स्थित रक्त केंद्र में ब्लड सेपरेशन यूनिट शीघ्र शुरू करने की मांग की। समूह के टीम लीडर



सिविल सर्जन को मांग पत्र सौंपते रक्तदाता समूह के प्रतिनिधि।

नीरज कुमार गोयनका एवं रक्तदाता समूह शिवहर के संयोजक संजय कुमार ने रक्त केंद्र की व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में लंबित सेपरेशन यूनिट को शीघ्र चालू करने, रक्त केंद्र में आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने, रक्तदाताओं को रक्तदान के बाद प्रमाण पत्र देने तथा रक्त केंद्र का अलग बैंक खाता खोलने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। सिविल सर्जन ने प्रतिनिधिमंडल को मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का प्रयास करने तथा सेपरेशन यूनिट शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ब्लड सेपरेशन यूनिट शुरू होने से एक यूनिट रक्त से लाल रक्त कोशिकाएं (पीआरबीसी), प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अलग-अलग किए जा सकेंगे। इससे मरीजों को उनकी जरूरत के अनुसार रक्त के संबंधित घटक उपलब्ध होंगे और एक यूनिट रक्त से तीन मरीजों को लाभ मिल सकेगा। आवश्यक कदम शीघ्र उठाये जाएंगे।

ज्ञातव्य है कि सेपरेटर यूनिट लगने से एक यूनिट ब्लड को तीन भागों में विभक्त किया जा सकेगा। पीआरबीसी प्लेटलेट्स एवं प्लाज्मा जिस किसी मरीज को जिस चीज की आवश्यकता होगी वह वही कंपोनेंट लेगा, इससे एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकेगी।

मंदिर निर्माण की डीएम ने परखी गुणवत्ता

पुनौरा धाम मंदिर निर्माण समय-सीमा में करने के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुनौरा धाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बुधवार 14 अक्टूबर 26 को मंदिर परिसर स्थित सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में मंदिर निर्माण सहित परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। निर्माण एजेंसी अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने कार्यों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान उपलब्ध मानव संसाधन, मशीनरी, निर्माण सामग्री एवं उपकरणों के साथ अस्थायी निर्माण कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा सड़क नेटवर्क, संपर्क मार्ग तथा परिसर से जुड़े अन्य आधारभूत कार्यों पर भी चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने परियोजना को



मंदिर परिसर स्थित सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।



मंदिर निर्माण एवं परिसर में चल रहे विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करते जिलाधिकारी, मौके पर उपस्थित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि व अन्य ।

सरकार की प्राथमिकता वाली महत्वपूर्ण योजनाओं में बताते हुए निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी एवं प्रगति में निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया।

मंदिर परिसर में जलजमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं बुडको के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर जलजमाव की समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिसर के विकास से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को आपसी समन्वय के साथ लंबित प्रक्रियाओं का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से आगे बढ़ सके।

बैठक के बाद जिलाधिकारी ने मंदिर निर्माण एवं परिसर में चल रहे विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण भी किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त श्वेता भारती के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक ने किया बेला थाना का वार्षिक निरीक्षण दिए कई आवश्यक निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन द्वारा बेला थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना दैनिकी, हाजत, वायरलेस, सीसीटीएनएस प्रणाली, सिरिस्ता कार्यों तथा विभिन्न लंबित कांडों के अनुसंधान की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही, थाना की कार्यप्रणाली एवं



बेला थाना का वार्षिक निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अमित रंजन।

अभिलेखों के संधारण का सूक्ष्म अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान वारंटों की लंबित स्थिति असंतोषजनक पाई गई। इस संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को चालू माह के अंत तक वारंटों के निष्पादन में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया।

आगामी दुर्गा पूजा पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण, पूजा पंडालों एवं संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित करने, असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया, ताकि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके। साथ ही, संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान करने, निर्धारित समय-सीमा के भीतर कांडों का निष्पादन करने, कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने तथा आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी कर्मियों को सतर्कता, जनसेवा की भावना एवं कानून-व्यवस्था के उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त, विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने तथा पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देश दिए गए।

तिरहुत शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद निर्वाचन-2026 को लेकर मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न

निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों से कराया गया अवगत

सीतामढ़ी (एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद निर्वाचन-2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों, माइक्रो ऑब्जर्वर तथा वीडियोग्राफरों का प्रशिक्षण दो पालियों में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि द्वितीय सत्र में द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित कर्मियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण के दौरान मतदान सामग्री प्राप्त करने एवं उसका मिलान करने, सामग्रियों की समुचित जांच, मतदान केंद्र के अधिष्ठापन, मतपेटी तैयार करने, मतदान प्रारंभ होने से पूर्व की आवश्यक औपचारिकताओं तथा मतदान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को अमिट स्याही लगाने,



मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिलाधिकारी व मंचासीन अन्य।

पीठासीन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक घोषणा करने, मतदान पदाधिकारियों के कर्तव्यों एवं दायित्वों, मतदान की निर्धारित विधि तथा मतदान समाप्ति के बाद निर्वाचन सामग्री को सुरक्षित रूप से वज्रगृह, मुजफ्फरपुर में जमा करने तक की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि विधान परिषद निर्वाचन का सफल संचालन सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सजगता, दक्षता और जिम्मेदारी पर निर्भर करता है। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपादन सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी मतदान पदाधिकारी प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारी एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का भली-भांति अध्ययन कर लें, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा या प्रक्रियागत त्रुटि की स्थिति उत्पन्न न हो। निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं प्रतिबद्धता के साथ करें। जिला प्रशासन द्वारा विधान परिषद निर्वाचन के सुचारु, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशिक्षण में उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सीतामढ़ी में ग्राहक सेवा केंद्र व मोबाइल दुकान से 20 मोबाइल और एक लाख रुपये की चोरी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। मेहसौल थाना क्षेत्र के शांतिनगर निवासी अजीत कुमार की ग्राहक सेवा केंद्र एवं मोबाइल दुकान के. एंटरप्राइजेज में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने दुकान से करीब 20 मोबाइल फोन और एक लाख रुपये नकद चुरा लिए। घटना 13 अक्टूबर की रात की बताई गई है। इस संबंध में दुकानदार अजीत कुमार ने 14 अक्टूबर को मेहसौल थानाध्यक्ष को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। आवेदन के अनुसार, अज्ञात चोरों ने दुकान को निशाना बनाते हुए मोबाइल फोन और नकदी की चोरी कर ली। इससे दुकानदार को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित ने पुलिस से घटना की जांच कर चोरी गए सामान की बरामदगी तथा आरोपितों की पहचान कर उनके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

तिरहुत स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचनझ2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को समाहरणालय स्थित विमर्श सभागार में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन कार्यों के सुचारू, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन के लिए गठित विभिन्न कोषांगों की कार्यप्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग, बिहार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसके सफल संचालन में प्रत्येक पदाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

कार्मिकों के प्रशिक्षण, वाहनों एवं निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता पर विशेष जोर : बैठक में कार्मिक कोषांग को निर्वाचन कार्यों के लिए आवश्यक कर्मियों की उपलब्धता, प्रतिनियुक्ति एवं प्रशिक्षण की प्रक्रिया ससमय पूरी करने का निर्देश



निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया व उपस्थित अन्य।

दिया गया। परिवहन कोषांग को आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त संख्या में वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उनके सुव्यवस्थित उपयोग की व्यवस्था करने को कहा गया।

वहीं, सामग्री कोषांग को निर्वाचन से संबंधित आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता, सुरक्षित भंडारण एवं मतदान दलों को निर्धारित समय पर सामग्री उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रेक्षक कोषांग को निर्वाचन प्रेक्षकों के आगमन एवं उनके कार्यों के निष्पादन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने को कहा गया।

अधिकृत सूचनाओं के प्रसार एवं आपसी समन्वय पर बल :जिलाधिकारी ने निर्वाचन कोषांग को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सभी आवश्यक प्रक्रियाओं

सभी कोषांगों को समयबद्ध एवं पारदर्शी कार्य निष्पादन का निर्देश

निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर

का समन्वय सुनिश्चित करते हुए कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने मीडिया कोषांग को निर्वाचन से संबंधित अधिकृत एवं प्रमाणिक सूचनाओं का समय पर प्रसार करने तथा मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने सभी कोषांगों के प्रभारी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए नियमित अनुश्रवण करने तथा निर्वाचन संबंधी तैयारियों की निरंतर समीक्षा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया में निर्धारित मानकों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि निर्वाचन कार्यों का संचालन सुचारू एवं व्यवस्थित तरीके से किया जा सके।

बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी कौशल कुमार नाग सहित निर्वाचन कार्यों के लिए गठित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

सम्पादकीय

आर्थिक संकट से जूझ रहे शिक्षकों में निराशा

बिहार के संबद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। सरकार की ओर से वेतनमान की मांग पर ठोस निर्णय नहीं होने, बकाया अनुदान का भुगतान लंबित रहने तथा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को पारिश्रमिक नहीं मिलने से शिक्षकों में गहरी निराशा और आक्रोश व्याप्त है। शिक्षकों की यह नाराजगी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। राजनीतिक और शैक्षणिक हलकों में इस बात की चर्चा है कि यदि संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक अपनी नाराजगी के कारण चुनावी प्रक्रिया से दूरी बनाते हैं अथवा अपने मताधिकार का अलग ढंग से इस्तेमाल करते हैं, तो चुनावी समीकरण प्रभावित हो सकते हैं।

संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक लंबे समय से सम्मानजनक वेतनमान, नियमित आर्थिक सहायता, बकाया अनुदान के समयबद्ध भुगतान और सेवा संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग करते रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि उच्च शिक्षा के विस्तार में संबद्ध महाविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इन संस्थानों में कार्यरत शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा संचालन और मूल्यांकन कार्यों में भी योगदान देते हैं। इसके बावजूद उनकी आर्थिक स्थिति और सेवा संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाना चिंताजनक है। शिक्षकों के बीच यह सवाल लगातार उठ रहा है कि जब उनसे नियमित शैक्षणिक कार्यों और विश्वविद्यालय की विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन कराया जाता है, तो उनके आर्थिक हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं। वेतनमान और बकाया अनुदान के मामले में लंबे समय से समाधान की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों की उम्मीदें अब निराशा में बदलती दिखाई दे रही हैं।

बकाया अनुदान का भुगतान नहीं होने से संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक चुनौतियां बढ़ गई हैं। त्योहारों के समय परिवार की जरूरतें, बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च और अन्य आवश्यक जिम्मेदारियां पूरी करना कठिन हो रहा है। दुर्गापूजा जैसे महत्वपूर्ण पर्व के अवसर पर भी आर्थिक तंगी के कारण कई शिक्षकों के उत्साह पर असर पड़ने की आशंका है। शिक्षकों का कहना है कि त्योहार केवल धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि परिवार के साथ खुशियां बांटने के अवसर भी होते हैं। लेकिन जब महीनों तक पारिश्रमिक और अनुदान का भुगतान नहीं होता, तो त्योहार की खुशियां भी आर्थिक चिंताओं के बोझ तले दब जाती हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षकों के बीच सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ना स्वाभाविक है।

शिक्षकों की नाराजगी का एक प्रमुख कारण विश्वविद्यालय की परीक्षा संबंधी गतिविधियों में योगदान देने के बावजूद मूल्यांकन पारिश्रमिक का भुगतान लंबित रहना भी है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को यदि समय पर भुगतान नहीं मिलता है, तो इससे उनकी आर्थिक परेशानियां और बढ़ जाती हैं। शिक्षकों का तर्क है कि परीक्षा और मूल्यांकन विश्वविद्यालय की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। इन कार्यों के सुचारु संचालन के लिए शिक्षक अपनी नियमित शैक्षणिक जिम्मेदारियों के अतिरिक्तसमय और श्रम देते हैं। ऐसे में मूल्यांकन कार्य का पारिश्रमिक समय पर मिलना उनका जायज अधिकार है। भुगतान में देरी से न केवल शिक्षकों का मनोबल प्रभावित होता है, बल्कि विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली के प्रति असंतोष भी बढ़ता है।

आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वेतनमान, बकाया अनुदान, मूल्यांकन पारिश्रमिक और सेवा संबंधी समस्याएं इस बार चुनावी चर्चा के प्रमुख मुद्दे बन सकती हैं। शिक्षकों के बीच यह भावना मजबूत हो रही है कि उनके प्रतिनिधि और सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए बहुत गंभीर नहीं हैं। यदि शिक्षकों की नाराजगी मतदान में उदासीनता, चुनावी दूरी या समर्थन में बदलाव के रूप में सामने आती है, तो इसका असर चुनावी परिणामों पर पड़ने से इंकार नहीं किया सकता। हालांकि, शिक्षकों के मतदान संबंधी वास्तविक रुझान का आकलन चुनाव के दौरान ही संभव होगा। फिलहाल आर्थिक संकट और लंबित मांगों ने चुनावी माहौल में इन मुद्दों की अहमियत बढ़ा दी है। शिक्षकों के लिए यह चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने अधिकारों, सम्मान और भविष्य से जुड़े सवालों को सामने रखने का अवसर भी है। ऐसे में प्रत्याशियों के लिए आवश्यक होगा कि वे संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों की समस्याओं पर अपना स्पष्ट पक्ष रखें और समाधान के लिए ठोस पहल का भरोसा दें।

प्रदर्शन संतोषजनक पर महाशक्ति बनने से दूर



मनोज चतुर्वेदी।

भारत लगातार दूसरे एशियाई खेलों में पदकों के सैकड़ा पार करने के लक्ष्य के साथ नगोया गया था। पर वह इस लक्ष्य को पाने में असफल रहा। वह हांगझू एशियाई खेलों में जीते पदकों से सात स्वर्ण सहित 21 पदक पीछे रह गया। यहां तक बात एशियाई खेल महाशक्ति बनने की है, तो उसकी डगर बहुत मुश्किल नजर आती है। इन खेलों में 169 स्वर्ण सहित 341 पदक जीतकर नंबर एक पर रहने वाले चीन तक पहुंचने की ना तो हम कल्पना करते हैं और ना हीं हालात हैं। जापान के स्वर्ण पदक ही हमारे कुल पदकों से सिर्फ दो ही कम हैं। इसलिए वह भी अभी पहुंच से बाहर ही लगता है।

भारतीय प्रदर्शन में आई गिरावट की प्रमुख वजह एथलेटिक्स और निशानेबाजी में उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाना है। इन दोनों खेलों में हमने पिछले खेलों के मुकाबले 9 स्वर्ण पदक कम जीते हैं। सही बात तो यह है कि रिकर्व तीरंदाजों, पहलवानों और मुक्केबाजों का भला हो, जिन्होंने भारतीय दल को सम्मानजनक स्थिति तक पहुंचा दिया है। इन खेलों में भारत के 21 में से 10 स्वर्ण पदक आए हैं। इन खेलों में पहले 11 दिनों में भारत के सिर्फ 10 स्वर्ण पदक ही आने पर लग रहा था कि फ्लॉप शो होने जा रहा है। लेकिन आखिरी दो दिन में जीते 9 स्वर्ण पदकों ने भारत को चौथे स्थान पर ही नहीं पहुंचाया बल्कि इज्जत भी बचा दी है।

भारत के कुछ प्रदर्शन बेहद शानदार हुए हैं। इसमें कुमकुम का रिकर्व तीरंदाजी में किया प्रदर्शन शामिल है। इस 17 वर्षीय तीरंदाजों के दम पर भारत दक्षिण कोरिया के लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने में सफल रहा है। कुमकुम के अलावा निशानेबाज नीरू ढांडा, विथ्या रामराज, रुद्रांक्ष पाटिल, धावक गुलवीर ने चार-चार पदक जीते। अब सवाल यह है कि क्या इन खिलाड़ियों को कम स्पर्धाओं में तैयारी कराकर उनके रजत पदकों को स्वर्ण में बदला जा सकता था।

कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाई खेलों के आयोजन में कम अंतर होने की वजह से खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस बनाए रखने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत चुके जोवेलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा चोटिल होने की वजह से भाग नहीं ले सके। वहीं पिछले ओसंपिक में दो पदक जीतकर झंडे गाड़ने वाली मनु

भारतीय प्रदर्शन में आई गिरावट की प्रमुख वजह एथलेटिक्स और निशानेबाजी में उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाना है। इन दोनों खेलों में हमने पिछले खेलों के मुकाबले 9 स्वर्ण पदक कम जीते हैं।

भाकर नगोया में चल ही नहीं सकी। भाकर ही नहीं अन्य पिस्टल शूटर भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। इसकी वजह पिस्टल कोच जसपाल राणा का नहीं रहना माना जा रहा है। कुछ पदकों का पीला रंग इसलिए नहीं हो सका क्योंकि खिलाड़ी अंतिम समय के दवाब को झेलने में असफल रहे। इसमें हम 10 मीटर राइफल शूटर इलावेनिल वलारिवन का नाम शामिल कर सकते हैं। उन्होंने अपने आखिरी दो शॉट्स 10.4 और 10.1 अंक के लगाए और अपनी बढ़त को खो बैठे। जापान के हिनाता ताइची ने 10.6 और 10.2 अंक के निशाने लगाकर स्वर्ण जीत लिया था।

भारतीय हॉकी टीमों का प्रदर्शन भी काफी सराहनीय रहा। यह सही है कि यहां स्वर्ण जीतने से पुरुष और महिला हॉकी टीमें 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर गई हैं। पर महिला टीम का प्रदर्शन ज्यादा मायने रखता है। एक तो कोच शोर्ड मारिन ने इसी साल जिम्मेदारी संभाली थी। भारतीय टीम उनके जिम्मेदारी संभालते समय अच्छी स्थिति में नहीं थी। पिछले ओलंपिक में तो वह क्वालिफाई तक नहीं कर सकी थी। इस टीम का चीन जैसी ऊंची रैंकिंग की टीम को हराकर चैंपियन बनना मायने रखता है। दोनों टीमों के पास एफआईएच प्रो लीग के माध्यम से ओलंपिक तैयारी के बेहतर मौके हैं।

भारत में ज्यादातर खिलाड़ी और टीमें टॉप के माध्यम से प्रमुख खेलों की तैयारियां करती हैं। पर इसके लिए खिलाड़ियों को चुनने का सिस्टम और बेहतर बनाना होगा। तीरंदाजी में स्वर्ण जीतने वाली कुमकुम मोहद टॉप की प्रमुख योजना का हिस्सा नहीं थीं। निशानेबाजी में स्वर्ण जीतने वाली सुरुचि सिंह को हाल में शामिल किया गया। सुरुचि के साथ मिश्रित वर्ग का स्वर्ण जीतने वाले सूची में शामिल ही नहीं हैं। निशानेबाजी में स्वर्ण सहित तीन पदक जीतने वाली नीरू ढांडा टॉप के मुख्य समूह से बाहर हैं। भारत यदि अपने प्रदर्शन को और वेहतर बनाना चाहता है तो उसे प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने की योजना को ज्यादा चुस्त दुरुस्त बनाना होगा।

(लेखक जनसत्ता के खेल संपादक रहे हैं)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

डा. रंजन कुमार : भारतीय शास्त्रीय संगीत और वैश्विक सांस्कृतिक कूटनीति के बीच एक सशक्त सेतु

बिहार की समृद्ध संगीत विरासत से अंतरराष्ट्रीय मंचों तक, तीन दशकों से अधिक समय से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के प्रचार-प्रसार में समर्पित हैं वायलिन वादक एवं संगीतकार डा. रंजन कुमार।

बिहार के प्रतिष्ठित हिंदुस्तानी शास्त्रीय वायलिन वादक एवं संगीतकार डा. रंजन कुमार तीन दशकों से अधिक समय से भारतीय शास्त्रीय संगीत की साधना और प्रचार-प्रसार में योगदान दे रहे हैं। पश्चिम चंपारण के बेतिया में जन्मे तथा पूर्वी चंपारण के तालवा पोखर गांव के मूल निवासी डा. कुमार ने देश-विदेश के विभिन्न मंचों पर अपनी प्रस्तुतियों से विशिष्ट पहचान बनाई है।

वे आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के ग्रेडेड कलाकार तथा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद संबद्ध एवं संगीत नाटक अकादमी के सूचीबद्ध उच्चश्रेणी के कलाकार हैं। भारत के विभिन्न हिस्सों के अलावा इंग्लैंड, फ्रांस, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, नेपाल और लक्जमबर्ग में भी सांगीतिक यात्राएं की हैं।

प्रख्यात गुरुओं से प्राप्त किया संगीत मार्गदर्शन : डा. कुमार की संगीत साधना को प्रख्यात गुरु पंडित टीएम पटनायक, पद्म भूषण डा. एमएस गोपालकृष्णन तथा विद्वान डा श्रीराम परसुराम का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। उनकी वादन शैली में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की बारीकियों के साथ गायकी अंग की विशेषताएं दिखाई देती हैं। इस शैली में वायलिन के माध्यम से गायन की सूक्ष्मताओं, भावों और



स्वर-विस्तार को अभिव्यक्त किया जाता है।

प्रधानमंत्री की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति : डा. कुमार के संगीत जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव वर्ष 2019 में आया, जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जाम्बिया के तत्कालीन राष्ट्रपति एडगर सी लुंगु के सम्मान में आयोजित विशेष संगीत कार्यक्रम में वायलिन वादन किया। प्रस्तुति के उपरांत प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लुंगु ने आगे आकर उन्हें सम्मानित किया।

पुनः जनवरी 2026 में उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ की उच्चस्तरीय सहभागिता के दौरान सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा तथा यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वन डेर लेयेन भी उपस्थित थे। इन अवसरों पर उनकी सहभागिता ने अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मंचों पर भारतीय शास्त्रीय संगीत की उपस्थिति को रेखांकित किया।

संवाद परियोजना के लिए मिला संस्कृति मंत्रालय का अनुदान : डा. रंजन कुमार को वर्ष 2011 से 2013 के दौरान भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से उनकी संगीत परियोजना 'संवाद' के लिए प्रोडक्शन ग्रांट प्राप्त हुआ। इस परियोजना के माध्यम से विभिन्न भारतीय शास्त्रीय वाद्ययंत्रों के बीच संगीतात्मक संवाद और पारस्परिक अभिव्यक्ति की संभावनाओं को प्रस्तुत किया गया।

वर्ष 2003 में बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ कलाकार के रूप में सम्मानित किया। उन्हें 'विदुषी महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान' (2022) और 'इंटरनेशनल जेपी अवार्ड' (2025) सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं। उनके अन्य सम्मानों में 'वायलिन के पर्याय', 'संगीत कला रत्न', 'कला प्रतिभा सम्मान' और 'राष्ट्रीय कला सम्मान' शामिल हैं।

संगीत जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों ने किया सम्मानित : प्रख्यात गजल गायक उस्ताद गुलाम अली ने डा. कुमार को सम्मानित किया है। संगीतविद् पद्मश्री गजेन्द्र नारायण सिंह की पुस्तकों 'सुरीले लोगों की संगत' और 'संगीत परंपरा' में भी डा. कुमार की संगीत प्रस्तुतियों एवं व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित उल्लेख होने की जानकारी उनके परिचय में दी गई है।

तीन दशकों से अधिक की संगीत साधना, प्रतिष्ठित गुरुओं से प्राप्त प्रशिक्षण और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय सहभागिता के माध्यम से डा. रंजन कुमार भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रचार-प्रसार में योगदान दे रहे हैं। उनकी यात्रा बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भारतीय शास्त्रीय संगीत की वैश्विक उपस्थिति के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखी जा सकती है।

शेमारू मी लेकर आ रहा है दिल पड़ोसी एक नया रिलेशनशिप ड्रामा, जहाँ आपके वैवाहिक जीवन में गायब चिंगारी ठीक बगल के घर से आती है

मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । विवाह, इच्छा, प्रलोभन। वह सब कुछ, जो आपको यहीं ठीक बगल के घर में मिल जाएगा। क्या होगा, यदि आप जो जीवन चाहते हैं, वह आपके पास मौजूद जीवन से सिर्फ एक दीवार की दूरी पर हो शेमारूमी- शेमारू प्रीमियर के नवीनतम छह-एपिसोड के हिंदी रिलेशनशिप ड्रामा दिल पड़ोसी में इसी सवाल का पता लगाता है, जिसका प्रीमियर 15 अक्टूबर, 2026 को होने जा रहा है।

एक छोटे शहर की कॉलोनी में सेट, यह सीरीज इच्छा, विवाह और प्रलोभन की कहानी है और एक जाहिरा तौर पर सही दिखने वाले घर की दीवारों के पीछे की खामोश दरारों की दास्तान है।

दिल पड़ोसी उस बात की थाह लेता है, जिसे लोग महसूस तो करते हैं, लेकिन कभी बयाँ नहीं करते। वे परफेक्ट पार्टनर्स, जो एक खुशहाल शादीशुदा जोड़े की तरह दिखते हैं, फिर भी उस दिनचर्या के नीचे अनकहा तनाव, दूरियाँ और ऐसी सच्चाइयाँ छिपी होती हैं, जिनका सामना करने के लिए दोनों में से कोई तैयार नहीं होता। ठीक बगल में, बहुत ही खुले विचारों वाला और आधुनिक जोड़ा एक अलग ही नियम पुस्तिका के तहत रहता है, एक खुला रिश्ता जिसमें हर कोई दूसरे की पसंद से वाकिफ है। अप्रिय सच्चाइयों और चार ऐसे पात्रों की उम्मीद करें, जिनसे आप समान रूप से प्यार करेंगे, जिनकी आलोचना करेंगे और जिन पर बहस करेंगे। यह एक ऐसी सीरीज है, जिसके बारे में आप कोई भी एपिसोड खत्म होते ही अपने दोस्तों और पार्टनर के साथ चर्चा करना चाहेंगे।

नायरा एम् बनर्जी, जय तलवार, शिवानी एम् सिंह और प्रणव कुमार अभिनीत, यह सीरीज दर्शाती है कि तब क्या होता है जब शादी में गायब हुई चिंगारी अचानक बगल के घर से आने लगती है। जब नए पड़ोसी, दीया और रौनक, तस्वीर में आते हैं, तो सब कुछ एक अप्रत्याशित मोड़ ले लेता है। जैसे-जैसे जानी-पहचानी दिनचर्या बदलने लगती है और रिश्तों के बीच की सीमाएँ धुंधली होने लगती हैं, मोहक और मंजरी खुद को ऐसी इच्छाओं, पसंद और भावनाओं के सामने पाते हैं, जिनकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी।

अंतरंगता, विवाह और महत्वाकांक्षा पर अपने बहुस्तरीय दृष्टिकोण के साथ, यह सीरीज पूछती है कि तब क्या होता है, जब आपके द्वारा बनाए गए जीवन का अहसास उस जीवन से अलग होने लगता है जिसकी आप इच्छा रखते हैं।

नायरा एम् बनर्जी दीया की भूमिका निभाती हैं, जो एक बोल्ड, महत्वाकांक्षी और आश्वस्त बस लेडी है, जो अपनी शर्तों पर जीवन जीती है और जिसके बगल में आगमन से उसके आसपास की गतिशीलता बदल जाती है। ईमानदारी से कहूँ तो, मैं दीया की तरफ आकर्षित हुई, क्योंकि वह बिना किसी संकोच के जैसी है, वैसी ही रहती है और मैं भी ऐसी ही हूँ। उसमें महत्वाकांक्षा, आत्मविश्वास और इस बात की बहुत मजबूत समझ है कि वह कौन है, और मुझे उस दायरे में कदम रखकर सचमुच बहुत मजा आया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सबसे दिलचस्प किरदार वे होते हैं, जिन्हें आप आसानी से किसी एक खांचे में फिट नहीं कर सकते, और दीया निश्चित रूप से उनमें से एक है। मुझे यह बात बहुत पसंद आई कि वह अपने साथ होने वाली घटनाओं



नायरा एम् बनर्जी, जय तलवार, शिवानी एम् सिंह और प्रणव कुमार अभिनीत, छह एपिसोड की यह हिंदी सीरीज दिल पड़ोसी, शेमारू प्रीमियर के हिस्से के रूप में 15 अक्टूबर, 2026 को रिलीज हो रही है

का इंतजार नहीं करतीय वह खुद चीजें घटित करवाती है। मुझे लगता है कि दीया लोगों को चौंका देगी, और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूँ कि क्या वे उसे पसंद करते हैं, नापसंद करते हैं या दोनों का थोड़ा सा मिश्रण करते हैं! शेमारूमी के साथ दिल पड़ोसी पर काम करना रोमांचक था, क्योंकि यह कहानी कलाकारों और उनके पात्रों को जटिल और अप्रत्याशित होने की पूरी छूट देती है।

जय तलवार मोहक का किरदार निभाते हैं, जो एक ऐसा शादीशुदा आदमी है, जो एक परिचित जीवन के आराम और एक परफेक्ट आदर्श पति बनने की उम्मीदों के बीच फंसा हुआ है, जिसे देखने की हर किसी को उम्मीद होती है। मोहक के बारे में मुझे जो सबसे ज्यादा पसंद आया, वह यह है कि वह बहुत मुखर या नाटकीय नहीं है। वह जो कुछ भी महसूस करता है उसका एक बड़ा हिस्सा सतह के नीचे होता है और एक अभिनेता के रूप में, ऐसे किरदार हमेशा रोमांचक होते हैं, क्योंकि आपको वास्तव में कुछ कहे बिना ही बहुत कुछ कहने का मौका मिलता है। यह किरदार केवल दो लोगों के बीच चयन करने के बारे में नहीं है, यह इस बात को समझने के बारे में है कि उसके भीतर क्या कमी है और दूसरों के बजाय खुद को चुनना है। कलाकारों के बीच आपसी विश्वास काफी होने के कारण शूटिंग का अनुभव भी शानदार रहा। दिल पड़ोसी के जरिए शेमारू ने मुझे एक बहुत ही जटिल भावनात्मक दायरे को तलाशने का मौका दिया और मैं वास्तव में दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा हूँ।

शिवानी एम् सिंह मंजरी की भूमिका निभाती हैं, जो एक गृहिणी है जिसकी शांत, अनुमानित दुनिया तब बदलने लगती है जब कोई उसे दोबारा खुद को महत्वपूर्ण महसूस कराता है। मंजरी एक ऐसी महिला है, जिसने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा अपने घर और परिवार को पहले रखने में बिताया है। रास्ते में कहीं न कहीं, उसने खुद से यह पूछना बंद कर दिया कि वह क्या चाहती है और किस चीज से उसे खुशी मिलती है। यही भावनात्मक जागृति एक अभिनेता के रूप में उसे मेरे लिए बहुत खास बनाती है। मंजरी ने अपने जीवन से प्यार करना बंद नहीं किया है, उसने बस यह पूछना बंद कर दिया है कि वह इसके भीतर कैसा महसूस करती है। जब कोई उस पर ध्यान देता है, तो वह पल बहुत छोटा होता है, लेकिन यह सब कुछ बदल देता है। मैं अपने द्वारा विजिट किए गए हर शहर में कई मंजरियों से मिली हूँ, और मुझे उम्मीद है कि वे बिना किसी फैसले का अनुभव किए पर्दे पर खुद को देख सकेंगी।

प्रणव कुमार रौनक का किरदार निभाते हैं, जो एक ऐसा इनफ्लुएंसर और शेफ है, जिसका आकर्षण, रचनात्मकता और सहजता एक बिल्कुल नई ऊर्जा लेकर आते हैं। दिल पड़ोसी ने मुझे जिस बात से उत्साहित किया, वह यह थी कि हर किरदार के पास उजागर करने के लिए कुछ अप्रत्याशित है। मैं शेमारू प्रीमियर का हिस्सा बनकर विशेष रूप से खुश था, क्योंकि इस प्लेटफर्म ने ऐसी कहानियों के लिए एक वास्तव में दिलचस्प जगह बनाई है, जो ट्रीटमेंट के मामले में बोल्ड और अलग हैं। रौनक ने मुझे एक बिल्कुल अलग ऊर्जा लाने का मौका दिया और इसे करते हुए मेरा समय शानदार रहा। साथ ही, एक शेफ की भूमिका निभाने से मुझे सेट पर खाने का एक बहुत अच्छा बहाना मिल गया। मुझे यह बात बहुत पसंद आई कि रौनक में सिर्फ उसके आकर्षण से कहीं अधिक कुछ है।

दिल पड़ोसी शेमारूमी की जटिल मानवीय रिश्तों के इर्द-गिर्द बनी समकालीन, शैली-आधारित हिंदी कहानियों की बढ़ती सूची में जुड़ता है और यह शेमारू प्रीमियर के हिस्से के रूप में आता है। दिल पड़ोसी को विक्टर टैगो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित किया गया है। इस बार, ड्रामा पहले से कहीं अधिक करीब है- ठीक बगल के घर में।

दिल पड़ोसी का प्रीमियर 15 अक्टूबर को शेमारू प्रीमियर के हिस्से के रूप में विशेष रूप से शेमारूमी पर होगा।

चिंतन, कला, साधना और सम्मान के प्रतीक हैं कवयित्री एवं चित्रकार प्रज्ञा कुमारी का सृजन : सिद्धेश्वर

पटना (दैनिक नवसंदेश) । युवा चित्रकार एवं कवयित्री प्रज्ञा कुमारी का चिंतन, सृजन और उनकी कलाकृतियाँ कला, साधना एवं सम्मान के महव को रेखांकित करती हैं। अपने जीवन में अनेक कलाकारों और साहित्यकारों से मिलने का अवसर मिला है, लेकिन हाल ही में जिस युवा लेखिका, कवयित्री एवं चित्रकार प्रज्ञा कुमारी के विचारों से साक्षात्कार हुआ, उनकी प्रतिभा के साथ-साथ उनका चिंतन भी मुझे अद्भुत लगा। कला, साहित्य, रचनाकार की साधना और सम्मान के प्रति उनके विचार मेरे अपने विचारों एवं चिंतन के बेहद अनुकूल हैं।

भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वावधान में यूट्यूब चौनल पर साप्ताहिक साहित्यिक एपिसोड 623 के अंतर्गत 'हेलो फेसबुक चित्रकला एवं संगीत सम्मेलन' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सिद्धेश्वर ने अपनी डायरी के माध्यम से कहा, बिहार के अररिया की युवा चित्रकार एवं कवयित्री प्रज्ञा कुमारी ने जिस संवेदनशीलता, परिपता और स्पष्टता के साथ एक वरिष्ठ रचनाकार की पीड़ा को समझते हुए अपनी बात रखी, वह सचमुच विचारणीय है। उन्होंने न केवल कला के वास्तविक मूल्य को रेखांकित किया, बल्कि सम्मान की अपेक्षा, आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और सृजनशीलता के बीच के संबंध को भी खूबसूरती से अभिव्यक्त किया है।

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ लोककवि शालिग्राम पटेल और प्रज्ञा कुमारी के बीच हुए विचार-विमर्श में एक ओर रचनाकार के मन की कसक और छटपटाहट महसूस होती है, तो दूसरी ओर एक युवा कलाकार का उदार, संवेदनशील और प्रेरणादायी दृष्टिकोण सामने आता है।

एपिसोड में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रज्ञा कुमारी



ने कहा, अवसर साहित्य यात्रा में वरिष्ठजनों के बीच मुझे अध्यक्षता का दायित्व सौंपा गया। यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व की बात है। मैं इसे अपना सौभाग्य मानती हूँ। आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और उदारता के लिए हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

मैं साहित्य और कला के क्षेत्र में निरंतर सीखने का प्रयास करती हूँ और पूरे तन-मन से सृजन में लगी रहती हूँ। आप सभी के अनुभवों और मार्गदर्शन से मुझे बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलेगा।

सिद्धेश्वर द्वारा ली गई भेंटवार्ता में प्रज्ञा कुमारी ने कहा कि प्रतिभा ईश्वर का उपहार हो सकती है, लेकिन उस प्रतिभा को निखारना और अपनी विशिष्ट पहचान बनाना कलाकार की मेहनत का परिणाम होता है। कैनवास पर हर रेखा को सँभालना, रंगों का संतुलन बनाए रखना और छोटी-छोटी बारीकियों पर ध्यान देना आसान नहीं होता। दर्शक को जो चित्र कुछ क्षणों में दिखाई देता है, उसे पूरा करने में कलाकार के कई घंटे, दिन और कभी-कभी महीने भी लग जाते हैं। चित्र जितना दिखाई देता है, उसके पीछे की साधना उससे कहीं अधिक होती है।

एक चित्रकार का अपने चित्र से लगाव कुछ वैसा ही होता है, जैसा माता-पिता का अपने बच्चे से। वह अपने चित्र में केवल रंग नहीं भरता, बल्कि अपनी कल्पना, भावनाएँ, समय और स्वयं का एक अंश भी समर्पित कर देता है। इसलिए अपने बनाए चित्र को किसी दूसरे को सौंपना, विशेषकर तब, जब उससे गहरा भावनात्मक जुड़ाव हो, हमेशा आसान नहीं होता। उसका मूल्य केवल पैसों से तय नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसके साथ कलाकार की साधना और संवेदनाएँ भी जुड़ी होती हैं।

इस आयोजन में ऑनलाइन चित्रकला प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की गई, जिसमें आशीष आनंद, जयंत, प्रज्ञा कुमारी, आस्था, सिद्धेश्वर, विज्ञान वत, सपना चंद्रा आदि की कलातियाँ विशेष रूप से चर्चा के केंद्र में रहीं।

सिद्धेश्वर के संयोजन में तथा युवा कवयित्री एवं चित्रकार प्रज्ञा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित 'अवसर चित्रकला, फोटो एवं संगीत सम्मेलन' में अनेक रचनाकारों एवं कलाकारों ने भाग लिया। इनमें सर्वश्री विज्ञान वत, जयंत, प्रज्ञा कुमारी, आशीष आनंद, सिद्धेश्वर, अनिता रश्मि, डा. शरद नारायण खरे, सपना चंद्रा, अनीता पंड्या अन्वी, नरेश कुमार आस्ता, कुमारी प्रिया, नंदकुमार आदित्य, इंदु उपाध्याय, विजयाकुमारी मौर्या, मुरारी मधुकर, पुष्पा पांडेय, कमल कोरिया, स्मिता, आस्था दीपाली और रशीद गौरी शामिल थे।

प्रस्तुति : बीना गुप्ता

एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 में एनओसीईटी-2026 का क्षेत्रीय चरण पटना में आयोजित

पटना (दैनिक नवसंदेश) । एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय सह आवासीय परिसर पटना में 14 अक्टूबर 2026 को एनटीपीसी ओपन कम्पिटिशन फॉर एग्जीक्यूटिव टैलेंट (एनओसीईटी) का क्षेत्रीय चरण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहित करना, टीम भावना को मजबूत करना तथा व्यावसायिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना था।



एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 में एनओसीईटी-2026 का क्षेत्रीय चरण आयोजित, बाढ़ की टीम प्रथम।

प्रतियोगिता में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के विभिन्न स्टेशनों के साथ-साथ बीआरबीसीएल और पतरातू की टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने कंपनी के प्रदर्शन को बेहतर बनाने, परिचालन दक्षता बढ़ाने तथा सतत विकास को गति देने के उद्देश्य से अपने नवाचारी विचार एवं व्यावसायिक समाधान प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में प्रस्तुतियों का मूल्यांकन प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। इसमें श्रीकांत केरहालकर, महाप्रबंधक (ओएस) विल्सन अब्राहम, महाप्रबंधक (मां/सं) तथा बाह्य निर्णायक के रूप में डा. प्रियंका त्रिपाठी, आईआईटी पटना की एसोसिएट प्रोफेसर शामिल थीं। मूल्यांकन के प्रमुख मानदंडों में व्यावसायिक प्रासंगिकता, प्रस्तावित समाधानों की व्यवहार्यता, व्यावसायिक योजनाओं की मजबूती, हितधारकों की सहभागिता तथा प्रस्तुति की समग्र प्रभावशीलता शामिल रहे।

प्रतियोगिता में एनटीपीसी बाढ़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कहलगांव की टीम उपविजेता रही।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी टीमों, निर्णायक मंडल के सदस्यों एवं मार्गदर्शकों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की गई। इस प्रतियोगिता ने एनटीपीसी के कर्मचारियों को अपनी नवाचारी सोच, विश्लेषणात्मक क्षमता तथा संगठनात्मक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया।

दैनिक नवसंद

कार से नेपाल ले जाए जा रहे 59 चोरी के मोबाइल बरामद, पांच गिरफ्तार

मेहसी(एनएसबी)। पुलिस ने चोरी के मोबाइल की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 59 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस दौरान कार में सवार तीन पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मोबाइल के साथ कार को भी जब्त कर लिया है।पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 13 अक्टूबर की रात गश्ती एवं विशेष छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि सफेद रंग की किआ सोनेट कार (बीआर-05-बीयू-4338) से भारी मात्रा में चोरी के मोबाइल मुजफ्फरपुर से मोतिहारी होते हुए एनएच-27 के रास्ते नेपाल ले जाए जा रहे हैंस सूचना मिलने के बाद वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने ग्राम दामोदरपुर कट के पास एनएच-27 पर वाहन जांच शुरू की। इसी दौरान सूचना के अनुरूप आ रही कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई। कार में तीन पुरुष और दो महिलाएं सवार थींस तलाशी के दौरान कार से 59 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसके बाद पुलिस ने सभी मोबाइल और कार को जब्त करते हुए चालक समेत पांचों लोगों को गिरफ्तार कर लियास पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले के बैकवर्ड और फरवर्ड लिंकेज का पता लगाने में जुटी है, ताकि चोरी के मोबाइल की खरीद-बिक्री और नेपाल तक पहुंचाने वाले नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके।

स्वच्छता को केवल अभियान नहीं जीवनशैली का हिस्सा बनाएं : कुलपति

एमजीसीयू में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का समापन

मोतिहारी(एनएसबी)। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित एक माहव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का समापन बुधवार को बुद्ध परिसर स्थित बृहस्पति सभागार में हुआ। समारोह में कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय परिसर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित किया। कुलपति ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ सार्वजनिक स्थलों और विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अभियान के नोडल अधिकारी प्रो प्रसून दत्ता



स्वच्छताकर्मियों को किया सम्मानित।

सिंह ने स्वच्छताकर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित परिसर शैक्षणिक गतिविधियों, शोध और बौद्धिक विकास के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराता है।बुद्ध परिसर के निदेशक प्रो रंजीत कुमार चौधरी ने स्वच्छता अभियान में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक ड़ मृत्युंजय कुमार सिंह ने अभियान की विस्तृत प्रतिवेदन-प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में स्वच्छता अभियान, संगोष्ठी, कार्यशाला और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।उन्होंने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक आगे भी पूर्वी चंपारण को एकल-उपयोग प्लास्टिक से मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। समारोह में स्वच्छताकर्मियों के श्रम और योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

संक्षिप्त खबरें

जलीय पारिस्थितिकी पर शोध के लिए राम प्रवेश कुमार को अंतरराष्ट्रीय सम्मान

मोतिहारी(एनएसबी)। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) के प्राणीशास्त्र विभाग के पीएचडी शोधार्थी राम प्रवेश कुमार को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'जियोडाइवर्सिटी, सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड क्लाइमेट रेजिलिएंस-2026' में 'जैव विविधता एवं संरक्षण पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान पूर्वी चंपारण के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर किए गए उत्कृष्ट शोध के लिए प्रदान किया गया।राम प्रवेश कुमार विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में ड. कुंदन किशोर रजक के निर्देशन में शोध कर रहे हैं। सम्मेलन में उन्होंने 'कम्पेरेटिव एनालिसिस अफ फिजिक-केमिकल वाटर ालिटी एंड जूप्लांकटन डाइवर्सिटी इन अर्बन एंड रूरल लेक्स' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। उनके शोध में पूर्वी चंपारण की मोती झील एवं चिलराम झील के जल की भौतिक-रासायनिक गुणवत्ता और जूप्लवक विविधता का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोध में स्थानीय जलीय पारिस्थितिकी तंत्र, जैव विविधता के संरक्षण तथा जल संसाधनों के सतत प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को रेखांकित किया गया है। शोधार्थी की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव और स्कूल अफ लाइफ साइंसेज की डीन प्रो शाहाना मजूमदार ने उन्हें बधाई दी। शोध निर्देशक ड. कुंदन किशोर रजक सहित प्राणीशास्त्र विभाग के शिक्षकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह सम्मान एमजीसीयू में शोध एवं अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ पूर्वी चंपारण के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे शोध कार्यों को भी रेखांकित करता है।

मोकामा में पर्यावरण जागरूकता अभियान 10 हजार किमी साइकिल यात्रा से दे रहे संदेश

मोकामा (एनएससबी)। मराँची राजकीयत उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे पर्यावरण कार्यक्रम में ज्ञान देव चौधरी ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने ष्पेड़ लगाओ, देश बचाओष का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाना ही राष्ट्रहित है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रहित के उत्थान और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से



कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

वे 10,000 किलोमीटर की लंबी साइकिल यात्रा कर रहे हैं। इस यात्रा के माध्यम से वे जगह-जगह लोगों को पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भगवानपुर में बाढ़ के पानी में डूबने से 37 वर्षीय युवक की मौत

परसा। थाना क्षेत्र के भगवानपुर में बाढ़ के पानी में डूबने से चांदपुरा गांव निवासी 37 वर्षीय श्याम बाबू महतो की बुधवार के सुबह करीब 9 बजे मौत हो गई। मृतक स्वर्गीय भूटेली महतो के पुत्र थे। मृतक की पुत्री सोनाली कुमारी ने बताया कि उनके पिता बुधवार की सुबह भगवानपुर चौक पर राशन खरीदने गए थे। इसी दौरान भगवानपुर नगर के पास पैर फिसलने से वह बाढ़ के पानी में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 के पुलिस पदाधिकारी राजकुमार यादव और एएसआई रंजीत कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से शव को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही पत्नी सरिता देवी, पुत्री सोनाली कुमारी, पुत्र अंकित कुमार और आकाश कुमार समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और शिक्षा की गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्ध है एनडीए : विजय कुमार चौधरी

सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी ई आनंद पुष्कर के समर्थन में आयोजित प्रेस कन्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री ने शिक्षकों के योगदान को बताया महत्वपूर्ण

छपरा। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी ई आनंद पुष्कर के समर्थन में आयोजित प्रेस कन्फ्रेंस में बिहार सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने शिक्षकों की भूमिका को समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, बल्कि वे नई पीढ़ी के चरित्र निर्माण, सामाजिक चेतना के विकास और एक सशक्त राष्ट्र की नींव रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों का सम्मान, उनकी समस्याओं का समाधान और शिक्षा व्यवस्था को सुढ़ बनाना किसी भी सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास का मूल आधार है और इस आधार को मजबूत करने में शिक्षकों का योगदान सर्वोपरि है। शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और अनुभव से ही विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। इसलिए शिक्षकों की अपेक्षाओं, समस्याओं और हितों को गंभीरता से समझना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने विवेक के आधार पर निर्णय लेने की अपील की। प्रेस कन्फ्रेंस में बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री माननीय दीपक प्रकाश ने भी संबोधित किया। उन्होंने शिक्षा के विकास में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षक समाज को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक हैं। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए शिक्षकों का सहयोग और समर्पण आवश्यक है। इस अवसर पर बिहार राज्य सवर्ण आयोग के अध्यक्ष माननीय महाचंद्र प्रसाद सिंह ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने शिक्षक समुदाय की भूमिका और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को रेखांकित किया तथा शिक्षकों से जुड़े विषयों पर संवाद और सकारात्मक पहल के महत्व पर बल दिया। प्रेस कन्फ्रेंस में बिहार नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष माननीय अजय कुमार सिंह, मांझी के विधायक सह चुनाव प्रभारी रणधीर सिंह, कुर्था के विधायक सह सारण जिला प्रभारी पप्पू कुमार वर्मा तथा एकमा के विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी ई आनंद पुष्कर के समर्थन में आयोजित इस बैठक में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े मुद्दों, शिक्षा के विकास और शिक्षक समुदाय की अपेक्षाओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने शिक्षकों की सामाजिक भूमिका और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के महत्व को रेखांकित किया। बैठक में एनडीए के पांचों घटक दलों के जिला अध्यक्ष भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनमें जदयू के सारण जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह शविकलश, रणजीत सिंह, उज्ज्वल वर्मा तथा अशोक कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष डाविशाल सिंह राठौड़, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश यादव,जदयू जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, जिला प्रवक्ता ब्रजेश कुमार,मुख्यालय प्रभारी ईप्रभाष शंकर, भाजपा जिला मंत्री विवेक सिंह, अमरजीत कुमार सिंह,अभिलेष सिंह,मनोज सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, सतीश शर्मा, अशोक सिंह,राजीव सिंह,कुसुम देवी, कंचन देवी,शामिल थे। बैठक में एनडीए के विभिन्न घटक दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

रबी महाभियान के तहत कृषि अधिकारियों व कर्मियों को मिलेगा प्रशिक्षण

कृषि में ड्रोन के प्रयोग से लेकर जैविक खेती और फसल प्रबंधन की दी जाएगी जानकारी

मोतिहारी(एनएसबी)। वासंतिक (रबी) महाभियान-2026 के तहत 15 अक्टूबर को षि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी में जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह-कर्मशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम पूर्वा 10 बजे से शुरू होगा। इसमें प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, प्रसार कर्मियों एवं संबंधित स्टेकहोल्डर्स को रबी मौसम की खेती एवं विभिन्न षि योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।प्रशिक्षण के दौरान जैविक एवं प्रातिक खेती, उद्यानिक फसलों की खेती, विशेष उद्यानिक फसलों के कलस्टर विकास, षि यांत्रिकरण तथा षि में ड्रोन के उपयोग से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा विभिन्न फसलों में रोग-कीट प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, दलहन एवं तेलहन की खेती पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में बेबी कर्न, स्वीट कर्न समेत अन्य षि गतिविधियों एवं विभागीय योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य की जानकारी भी दी जाएगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रखंड स्तर पर षि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ किसानों तक आधुनिक एवं वैज्ञानिक षि तकनीकों की जानकारी पहुंचाना है।

कायाकल्प अभियान से बदल रही स्वास्थ्य संस्थानों की तस्वीर

स्वच्छ-सुव्यवस्थित परिसर के साथ मरीजों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

मोतिहारी(एनएसबी)। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में जिले में कायाकल्प अभियान को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने की कवायद तेज कर दी गई है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के निर्देश पर विभिन्न विभागों के समन्वय से जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सुढ़ीकरण, मरम्मत एवं रंग-रोगन का कार्य कराया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थानों के भवनों और परिसरों को बेहतर बनाने के साथ स्वच्छता एवं आवश्यक सुविधाओं पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। इसका



स्वास्थ्य संस्थान।

उद्देश्य अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं मरीजों के अनुकूल बनाना है।स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाओं के विस्तार से मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण मिलने की उम्मीद है। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने में भी यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।जिले में चल रहे कायाकल्प अभियान से स्वास्थ्य संस्थानों की तस्वीर में बदलाव दिखाई देने लगा है। प्रशासन का जोर बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ स्वच्छ और बेहतर स्वास्थ्य सेवा का वातावरण तैयार करने पर है।

विद्यालयों में बच्चों को पक्सो कानून की दी जाएगी जानकारी

मोतिहारी(एनएसबी)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के 'सुरक्षित बचपन अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग, एसजेपीयू, एडीसीपी, किशोर न्याय बोर्ड, विधि महाविद्यालयों एवं विभिन्न मडल विद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में निर्णय लिया गया कि अभियान के प्रथम चरण में 26 से 31 अक्टूबर तक जिले के विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें विद्यार्थियों को पक्सो अधिनियम-2012, बच्चों के कानूनी अधिकार, सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श की पहचान तथा अनुचित व्यवहार की सूचना देने के तरीकों की जानकारी दी जाएगी।सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों से समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी बनाने का आह्वान किया।बैठक में प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों को नामित करने पर भी चर्चा हुई। नामित शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर विद्यालय स्तर पर बच्चों की सुरक्षा एवं कानूनी जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों को संचालित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना तथा जरूरत पड़ने पर उचित सहायता प्राप्त करने में सक्षम बनाना है।



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित।

तीन प्रखंडों में छापेमारी आठ बाल श्रमिक मुक्त

मोतिहारी(एनएसबी)। बाल श्रम के खिलाफ श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के निर्देश पर बुधवार को जिले के रक्सौल, पहाड़पुर एवं हरसिद्धि प्रखंडों में विशेष धावा दल ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल आठ बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। सभी मुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष प्रस्तुत कर बाल गृह में रखा गया है। रक्सौल प्रखंड क्षेत्र में तीन प्रतिष्ठानों की जांच के दौरान चार बाल श्रमिक मुक्त कराए गए। वहीं पहाड़पुर एवं हरसिद्धि में चार प्रतिष्ठानों से चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। इनमें हरसिद्धि के रानू स्वीट्स और जय माता दी साइकिल स्टोर तथा पहाड़पुर के भवानी मोटर सर्विस सेंटर और एक़े मोटर्स से एक-एक बाल श्रमिक शामिल हैं।श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश ने कहा कि प्रतिष्ठानों में बच्चों से काम कराना कानूनन अपराध है। सभी संबंधित नियोजकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण जिले में बाल श्रम के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।उन्होंने बताया कि बाल श्रमिकों से काम कराने पर 20 हजार से 50 हजार रुपये तक जुर्माना और दो वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में प्रत्येक बाल श्रमिक के लिए नियोजक से 20 हजार रुपये की राशि की वसूली भी की जाएगी।अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, डंकन हस्पिटल रक्सौल, प्रयास संस्था एवं ग्राम नियोजन केंद्र के प्रतिनिधि शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस लिखी बोलेरो की ठोकर से बीए छात्र जख्मी, पैर टूटा

मोतिहारी(एन एस बी)। मोतिहारी-अरेराज मुख्य सड़क पर तुरकौलिया चौक के समीप बुधवार को बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार बीए का छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे में छात्र का पैर टूट गया। जख्मी की पहचान हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मानिकपुर निवासी रेजा आलम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह बाइक से बीए की परीक्षा देने मधुबन जा रहा था।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तुरकौलिया चौक के समीप उजले रंग की बोलेरो सामने से आ रही पल्सर बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और रेजा आलम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पैर में गंभीर चोट आई है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित लोगों ने बोलेरो को घेरकर हंगामा किया। सूचना पर 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। चालक को हिरासत में लेकर थाना लाया गया तथा बोलेरो को जब्त कर लिया गया।पुलिस ने घायल छात्र को इलाज के लिए मोतिहारी भेजा। परिजनों ने बोलेरो के गलत दिशा से आने का आरोप लगाया है।सदर डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि उक्त वाहन पुलिस की गाड़ी नहीं है। वह पोस्ट अफिस का रुपया लेकर जा रहा था। दुर्घटना की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

मां कूष्मांडा की पूजा को दुर्गा मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

तेतरिया(एनएसबी)। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना को लेकर तेतरिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिरों व पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महम्मदपुर, मझौलिया, राजेपुर, सिधौलिया, नरहा, सिमराहा समेत विभिन्न स्थानों पर सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे। मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंजता रहा।आचार्य अखिलेश्वर झा शास्त्री सहित अन्य आचार्यों ने बताया कि मां कूष्मांडा को आदि शक्ति का स्वरूप माना जाता है। नवरात्र के चौथे दिन उनकी विधि-विधान से पूजा करने की परंपरा है। श्रद्धालुओं ने सुख-शांति, समृद्धि और आरोग्य की कामना के साथ मां की आराधना की।

जितेंद्र सिंह उर्फ चुन्नू सिंह बने जदयू किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

मोतिहारी/पहाड़पुर(एनएसबी)। बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से पहाड़पुर प्रखंड क्षेत्र के इंग्लिश नौवाडीह निवासी जितेंद्र सिंह उर्फ चुन्नू सिंह को पूर्वी चंपारण जिले के किसान प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस जिम्मेदारी के लिए उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।जितेंद्र सिंह उर्फ चुन्नू सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना, उनके अधिकारों की रक्षा करना तथा षि क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को उचित मंच तक पहुंचाने के साथ उनके समाधान के लिए भी पहल की जाएगी।इस अवसर पर उन्होंने विधायक शालिनी मिश्रा, विधायक विशाल कुमार शाह, पूर्व एमएलसी सतीश कुमार, जिला अध्यक्ष भरत पटेल, जदयू नेता गणेश सिंह, प्रदेश सचिव ब्रजकिशोर



बधाई देते लोग।

सिंह, पंकज कुमार उर्फ मंटू सिंह, कुणाल पटेल, राजकिशोर ठाकुर, जिला प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव, बबन कुशवाहा, ब्रजेश श्रीवास्तव, शकील अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अजय पटेल, हीरालाल गिरी, राजकुमार मिश्रा तथा जिला सचिव बाबू श्रीवास्तव सहित पार्टी के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया।उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूर्वी चंपारण जिले में किसान प्रकोष्ठ को मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। साथ ही किसानों की समस्याओं को लेकर संगठन के माध्यम से आवाज बुलंद की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

रसायन विज्ञान विभाग में ग्रीन केमिस्ट्री पर प्रदर्शनी का आयोजन


दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। एमएलटी कॉलेज में विद्यार्थियों द्वारा ग्रीन केमिस्ट्री विषय पर एक शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय रसायन विज्ञान विभाग एवं सोसाइटी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो सुधीर कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार झा, डॉ मयंक भार्गव, डॉ विनीत शर्मा, डॉ जयंत गांगुली, डॉ बीएन झा, डॉ प्रदीप प्रांजल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, रासायनिक अपशिष्ट के उचित प्रबंधन तथा पर्यावरण-अनुकूल रासायनिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूकता विकसित करना था। प्राचार्य प्रो.सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि ग्रीन केमिस्ट्री पर आधारित इस प्रकार की शैक्षणिक प्रदर्शनी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, नवाचार एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण तथा रासायनिक अपशिष्ट का उचित प्रबंधन गंभीर चुनौती है। ऐसे में ग्रीन केमिस्ट्री के सिद्धांतों को अपनाना सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.संजीव कुमार झा ने कहा कि वर्तमान समय में रसायन विज्ञान का उद्देश्य केवल नए रासायनिक पदार्थों का निर्माण करना ही नहीं, बल्कि ऐसी रासायनिक प्रक्रियाओं को विकसित करना भी है, जिनसे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव कम पड़े। ग्रीन केमिस्ट्री सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक पहल है। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने चार्ट, चित्र एवं शैक्षणिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रीन केमिस्ट्री के विभिन्न सिद्धांतों को प्रदर्शित किया। इसमें परमाणु मितव्ययिता हरित उत्प्रेरक हरित विलायक तथा जैविक अपशिष्ट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने इन विषयों की वैज्ञानिक उपयोगिता एवं पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका को सरल और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कपसिया मोड़ पर 69 लीटर शराब बरामद, एक गिरफ्तार वाहन चेकिंग के दौरान कार्रवाई, दूसरा युवक फरार


गिरफ्तार तस्कर।

पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)। थाना पुलिस ने बुधवार की सुबह औचक वाहन चेकिंग के दौरान कपसिया मोड़ के समीप 69 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की। इस दौरान बाइक पर सवार दो युवक शराब लेकर जा रहे थे। वाहन चेकिंग कर रहे एसआई अजय पासवान ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ लिया, जबकि दूसरा युवक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। गिरफ्तार युवक सहरसा जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत चैड़ा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। फरार युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई में जुटी है। इस संबंध में पतरघट थानाध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार वाहन चेकिंग एवं छापेमारी अभियान चला रही है। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सहरसा के प्रेक्षागृह में फार्मर रजिस्ट्री प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित


उद्घाटन करते संयुक्त कृषि निदेशक व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। प्रेक्षागृह में फार्मर रजिस्ट्री के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक कोशी प्रमंडल तथा अपर समाहर्ता राजस्व की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सिमरी बख्तियारपुर एवं सहरसा सदर; डॉ मनोज सिंह जिला परामर्शी, सहायक निदेशक, बीज विश्लेषण सहायक निदेशक, प्रक्षेत्र, फार्मर रजिस्ट्री के नोडल पदाधिकारी ने संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय, सहरसा के सहायक निदेशक; सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, सीओ, राजस्व पदाधिकारी एवं हल्का कर्मचारी उपस्थित रहे। संयुक्त कृषि निदेशक कोसी प्रमंडल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को अपने बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहभागिता से विशेष रूप से सार्थक बनाया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए फार्मर रजिस्ट्री के निर्माण में क्षेत्र स्तर पर आ रही समस्याओं, तकनीकी कठिनाइयों एवं व्यावहारिक चुनौतियों को विस्तारपूर्वक सुना। उन्होंने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक सुझाव एवं व्यावहारिक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

नवहट्टा के संतोष साह को दो मामलों में आजीवन कारावास जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने सुनाई सजा


जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय।

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। जिले के नवहट्टा थाना कांड संख्या 51/20 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने संतोष साह को दोषी करार देते हुए विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी संतोष साह, पिता स्वर्गीय प्रभाष साह, निवासी आशय बलवा, थाना नवहट्टा, जिला सहरसा को भारतीय दंड संहिता की धारा 326, 498 (ए) और 302 के तहत दोषी पाया। न्यायालय ने धारा 326 के तहत 10 वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं देने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। वहीं, धारा 498 (ए) के तहत तीन वर्ष की कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। तथा धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी गई। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने सभी सजाओं को साथ-साथ चलाने का आदेश दिया है। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक हरिशेखर मिश्र ने प्रभावी पैरवी की। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक मोहन सिंह कर रहे थे।

आर्म्स एक्ट के मामले में तीन आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा


मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी।

सहरसा कोट (एनएसबी)। सौरबाजार थाना कांड संख्या 169/25 में त्वरित विचारण के तहत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सहरसा की अदालत ने आर्म्स एक्ट के मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। दोषियों में अभिकांत यादव, रंजय यादव, निवासी नरियार, थाना सदर शामिल हैं। न्यायालय ने आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए के तहत तीनों आरोपियों को तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास और दो-दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा नहीं करने पर एक-एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। वहीं, धारा 26(1)/35 आर्म्स एक्ट के तहत दो वर्ष के सश्रम कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 15 दिनों का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने सभी सजाओं को साथ-साथ चलाने का आदेश दिया है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी राज कुमार ने प्रभावी पैरवी की। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मामले के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक गोपी राम थे।

एसपी विक्रम सिहाग ने देर रात सोनवर्षाराज थाना का किया औचक निरीक्षण

■ रात्रि गश्ती की ली जानकारी, पुलिस पदाधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश


निरीक्षण करते विक्रम सिहाग।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। सहरसा के एसपी विक्रम सिहाग ने विभिन्न थानों के निरीक्षण के क्रम में मंगलवार की देर रात सोनवर्षाराज थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए रात्रिकालीन पुलिस व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मौके पर मौजूद रात्रि ओडी पदाधिकारी कौशलेंद्र सिंह की ड्यूटी, थाना आगंतुक पंजी तथा पेट्रोलिंग वाहनों की सक्रियता और गश्ती की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार सहित पुलिस पदाधिकारियों को रात्रिकालीन गश्ती के दौरान विशेष रूप से सजग रहने तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस सेवाओं में और अधिक तत्परता लाने, रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाने और आम लोगों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी से कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतने की हिदायत दी।

अतलखा पंचायत में रात के अंधेरे में जेसीबी से नाला निर्माण का आरोप

मजदूरों की जगह मशीन से कराया जा रहा था काम, ग्रामीणों ने जताया विरोध




लगा बोर्ड, जेसीबी से नाला निर्माण।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत अतलखा पंचायत के नोनैती गांव में बुधवार की देर रात ग्राम पंचायत की योजना से कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य में पंचायत की मुखिया रुपम मिश्रा के द्वारा मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन से कार्य करने का गंभीर मामला सामने आया है। रात के अंधेरे में मशीन से काम कराए जाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध जताया।

मिली जानकारी के अनुसार, अतलखा पंचायत के नोनैती स्थित वार्ड संख्या 13 में ग्राम पंचायत की ओर से नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा था। आरोप है कि बुधवार की देर रात मजदूरों से काम कराने के बजाय जेसीबी मशीन लगाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस पर कुछ ग्रामीणों ने आपत्ति जताते हुए विरोध किया। ग्रामीणों ने लगाए योजना की राशि में अनियमितता के आरोप स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी पंचायत में पन्द्रहवीं वित्त योजना मद से नाला निर्माण के नाम पर 11 लाख 52 हजार 300 रुपये की लागत का सूचना बोर्ड लगाया गया था, लेकिन कथित तौर पर नाला निर्माण कराए बिना ही राशि की अवैध रूप से निकासी कर ली गई। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कराने की मांग की है। हालांकि, पूर्व की योजना में राशि निकासी और वर्तमान निर्माण कार्य में जेसीबी के इस्तेमाल को लेकर संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है। मामले की जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

अमीन और राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से अंचल का कामकाज प्रभावित

जमीन की मापी समेत राजस्व संबंधी कार्य ठप अंचल कार्यालय पहुंचकर निराश लौट रहे लोग



अंचल कार्यालय।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। बनमा ईटहरी अंचल में सरकारी अमीन के छह अक्टूबर से हड़ताल पर रहने के कारण जमीन की मापी समेत कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से भी अंचल कार्यालय का कामकाज बाधित है। इससे अपने जरूरी कार्यों के लिए कार्यालय पहुंच रहे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी अमीन की हड़ताल के कारण जमीन की मापी सहित अमीन से जुड़े अन्य कार्यों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर, राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने से राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में भी बाधा आ रही है। इसके चलते जमीन से जुड़े विभिन्न कार्यों के लिए अंचल कार्यालय पहुंच रहे लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि अंचल कार्यालय में जमीन और राजस्व से संबंधित कार्यों के निष्पादन की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन हड़ताल के कारण उनका काम नहीं हो पा रहा है। इससे लोगों को बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। खासकर जमीन की मापी और राजस्व संबंधी मामलों के लंबित रहने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लोगों को अब अमीन और राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने तथा अंचल कार्यालय में कामकाज सामान्य होने का इंतजार है।

नारी शक्ति का सम्मान करें, शिवबाबा से आध्यात्मिक शक्तियां लेकर बनें शिवशक्ति स्वरूप : राजयोगिनी रानी


राजयोगिनी रानी दीदी व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। नवरात्रों की भक्तिमय वेला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगाँव रोड स्थित शान्ति अनुभूति भवन में जगदम्बा माँ समान पूज्य राजयोगिनी रानी दीदी के अभिनन्दन एवं आशीर्वचन कार्यक्रम में श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। सैकड़ों भाई-बहनों की उपस्थिति में पूरा वातावरण दिव्यता, उमंग और माँ के प्रति अटूट श्रद्धाभाव से ओतप्रोत हो उठा। कार्यक्रम के शुभारम्भ में स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी बीके स्नेहा बहन ने अत्यंत भावपूर्ण एवं सम्मानपूर्ण शब्दों में बिहार एवं झारखंड ब्रह्माकुमारीज निदेशिका राजयोगिनी रानी दीदी का स्वागत किया। मौके पर राजयोगिनी रानी दीदी का भावपूर्ण रीति से मुकुट धारण कराकर, चुनरी ओढ़ाकर, पुष्पमाला से अभिनन्दन किया गया तथा आरती उतारी गई। साथ ही स्नेहा बहन, सीता बहन, पूनम बहन सहित अन्य बहनों को भी सम्मानित किया गया। अपने आशीर्वचन में रानी दीदी ने नारी-शक्ति के सम्मान को समाज की उन्नति का महत्त्वपूर्ण आधार बताया। रानी दीदी ने कहा कि नशा व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और पारिवारिक सुख-शांति को प्रभावित करता है। समाज को नशे की बुराई से मुक्त करने के लिए हरेक को संकल्प लेना चाहिए तथा दूसरों को भी इस दिशा में प्रेरित करना चाहिए। जब मनुष्य व्यसनों और बुराइयों का त्याग कर अपने जीवन को पवित्र एवं श्रेष्ठ बनाएगा, तभी माँ दुर्गा की कृपा और आशीर्वाद का सच्चा अधिकारी बन सकेगा। बच्चों ने भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में महिषी के बीडीओ भरत कुमार, वार्ड पार्षद जय प्रकाश यादव, राधेश्याम अग्रवाल, अर्जुन दहलान, अमर दहलान, महादेव भीमसरिया, कन्हैया सुरेका, सुबोध मावंडिया, अवधेश भाई, चन्देश्वरी भाई सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महिला कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के आयोजन से महिलाओं को मिल रहा बढ़ावा : साक्षी मल्लिक



महिला पहलवान को शिल्ड देते अतिथि।

सहरसा शहर (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के अवसर पर नगर निगम के सभी पार्षद के सामूहिक प्रयास से महिला सशक्तिकरण को बढावा देने हेतु एमएलटी कॉलेज के खेल मैदान पर महिला कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के प्रसिद्ध महिला पहलवान ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मल्लिक ने महिला कुश्ती पहलवानों के विजेता को मेडल प्रदान कर मनोबल बढाया।

महिला कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित कराने को लेकर नगर निगम पार्षदों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खुशी जताया। नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा नें राष्ट्रीय पहलवान साक्षी मल्लिक को पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं इकावन हजार रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, जिला खेल पदाधिकारी तोसी कुमारी, वार्ड पार्षद आशीष कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता के आरंभ में सर्वप्रथम नेपाल से आई महिला पहलवान रूबी थापा एवं गायत्री कुमारी कानपुर के बीच दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसमें नेपाली महिला पहलवान रूबी थापा ने बेहतरीन कलाबाजी का प्रदर्शन करते हुए कानपुर से आई महिला पहलवान गायत्री कुमारी को पटखनी दी। तत्पश्चात गोरखपुर की ज्योति कुमारी एवं देवरिया से महिला पहलवान नेहा कुमारी के बीच कुश्ती प्रतियोगिता हुई। जिसमें दोनों पहलवान ने पूरी दमखम दिखाते हुए मैच ड्रॉ रहा। वही दिल्ली से पधारी महिला पहलवान शिखा कुमारी एवं गोरखपुर से आई रानी कुमारी के बीच भी मैच ड्राई रहा। छपरा से आई संध्या कुमारी एवं गाजियाबाद से आई सपना कुमारी के बीच कुश्ती में गाजियाबाद से आई सपना कुमारी ने संध्या कुमारी को परास्त किया। गाजियाबाद की नेहा कुमारी ने भी बनारस की पहलवान नंदनी कुमारी को पराजित किया। इस क्रम में हरियाणा की खुशी कुमारी एवं गोरखपुर की रानी कुमारी के बीच दंगल आरंभ हुआ जिसमें गोरखपुर की रानी कुमारी ने कुश्ती प्रतियोगिता जीती। वही बनारस से आए पुरुष पहलवान भीम कुमार एवं मथुरा से आए धर्मवीर कुमार के बीच कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें धर्मवीर कुमार ने भीम पहलवान को परास्त किया। वहीं धर्मवीर कुमार एवं ओमवीर के बीच बेहतर दंगल प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के उद्घोषक अयोध्या से आए बाबा बजरंगी दास पहलवान एवं बिहार मधेपुरा के अजय पहलवान द्वारा कार्यक्रम की उद्घोषणा की गई। बंटी पहलवान के द्वारा रेफरी का काम किया गया। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण किसी भी जनप्रतिनिधि को आमंत्रित नहीं किया गया। इस मौके पर राजा मिश्रा, गुलनियाज टिंकू, फिरोज आलम, पिंटू सिंह, दीपक कुमार, कैलाश साह, राजेश सिंह, ताबीस मैहर, दुगार्कांत झा पिंटू सहित अन्य मौजूद थें।

बाढ़ प्रभावित दियारा में फसल क्षति एवं जीआर का आकलन लेने पहुंचे अधिकारी



सलखुआ (सहरसा) (एनएसबी)। पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर फरकिया दियारा के विभिन्न पंचायतों में बाढ़ के कारण फसलों को हुए नुकसान का आकलन एवं जीआर सूची के लिए आकलन किया जा रहा है। बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीत कुमार बरनवाल, सीओ रवि कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिजीत कुमार ने संयुक्त रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों की टीम ने कबीरा, अलानी, साम्हरखुर्द और चानन पंचायत का दौरा कर जलजमाव और फसलों की स्थिति को देखा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय किसानों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना। सीओ रवि कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर प्रभावित पंचायतों में फसल क्षति का भौतिक सत्यापन एवं जीआर के साथ पन्नी के लिए निरीक्षण किया गया।

बनमा ईटहरी थाना में इंस्पेक्टर ने कांडों के अनुसंधान की समीक्षा

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। बनमा ईटहरी थाना में दर्ज कांडों के अनुसंधान की समीक्षा करने इंस्पेक्टर निवास कुमार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मामलों से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया और कांडों की प्रगति की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान इंस्पेक्टर ने अनुसंधान की स्थिति, उपलब्ध साक्ष्यों और मामलों से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। थाना के पुलिस पदाधिकारियों ने उन्हें कांडों से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। निरीक्षण का उद्देश्य लंबित मामलों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा करना और जांच प्रक्रिया का जायजा लेना था। इस मौके पर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी, एसआई रितेश कुमार, एसआई साकेत बिहारी, एसआई संजीव कुमार, दिलीप मधुकर समेत थाना के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

दो नशेड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पसराहा। थाना क्षेत्र के सोनडीहा रेलवे केबिन ढ़ाला के पास से संध्या गश्ती के दौरान पुलिस ने शराब के नशे में घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि गश्ती पर तैनात एसआई अजीत कुमार ने दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा। शक होने पर दोनों को थाना लाया गया, जहाँ ब्रेथ एनालाइजर से जाँच करने पर उनके शराब पीने की पुष्टि हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बन्देहरा निवासी शिवाकांत यादव के पुत्र अमित कुमार उर्फ अमन और पीतोंझिया निवासी इंद्रदेव पंडित के पुत्र अमित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मद्य निषेध अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में खगड़िया भेज दिया है। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के शराब तस्करों और नशेड़ियों में हड़कंप मच गया है, और पुलिस लगातार इस तरह के मामलों पर पैनी नजर बनाए हुए है।

ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

बेलदौर। थाना क्षेत्र के महर्षि मेही आश्रम के पास एक फर्जीवाड़े और ठगी के आरोप में एक युवक को पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवक की पहचान मधेपुरा जिले के रघुनाथपुर गांव निवासी जवाहर यादव के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक पिछले कुछ दिनों से इस इलाके में सक्रिय था और भोले-भाले ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी कर रहा था। बुधवार को जब वह एक बार फिर संदिग्ध परिस्थितियों में महर्षि मेही आश्रम के आसपास घूम रहा था, तब ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी। उसकी संदिग्ध हरकतों को भांपते हुए स्थानीय लोगों ने उसे घेर लिया और पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान उसके जवाब संतोषजनक नहीं मिले, जिससे ग्रामीणों का शक यकीन में बदल गया।इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए कानून को अपने हाथ में नहीं लिया और तुरंत इसकी सूचना स्थानीय बेलदौर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और ग्रामीणों की गिरफ्त से आरोपी को अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी को थाने ले जाकर उससे पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस ठगी के रैकेट में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

शराब के अवैध कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

बेलदौर। थाना क्षेत्र के चौढ़ली पंचायत के बकेन टोला में देसी शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की छापेमारी में 5 लीटर देसी शराब बरामद किया है, जबकि 15 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। इस मामले में बेलदौर थाना में कांड संख्या 352ध्26 दर्ज की गई है।मिली जानकारी के अनुसार इतमादी पिकेट पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि चौढ़ली गांव के बकेन टोला वार्ड नं-01 निवासी स्व विलास शर्मा के पुत्र रविन कुमार अपने घर में अवैध रूप से देसी शराब बनाकर चोरी-छिपे बेचता है।सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी की। पुलिस को आते देख रविन कुमार मौके का फायदा उठाकर घर के पीछे की तरफ भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा किया, परंतु घर के पीछे रास्ता संकीर्ण होने के कारण वह भागने में सफल रहा।घर की तलाशी के दौरान टाट-टीन के घर से प्लास्टिक के पाँच लीटर वाले डब्बा में करीब 5 लीटर निर्मित देसी शराब बरामद हुई एवं 15 लीटर कच्चा अर्द्धनिर्मित देसी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने 15 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को घटना स्थल पर ही विनष्ट कर दिया तथा 5 लीटर देसी शराब को विधिवत जप्त कर लिया। बाद में पुलिस ने फरार शराब तस्कर विक्रेता रविन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सुषमा कुमारी की सफलता से गांव में लोगों में खुशी



परिवार के साथ सुषमा।

गोगरी (एनएसबी)। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कलेज एंड हस्पिटल, भागलपुर में सुषमा कुमारी ने स्टाप नर्स के पद पर अपना योगदान दिया है। उनके योगदान की जानकारी मिलते ही उनके गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल छा गया तथा उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। विदित हो कि खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत महद्दीपुर की रहने वाली सुषमा कुमारी ने बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा जारी स्टाफ नर्स परीक्षा परिणाम में जनरल कैटेगरी में 933वां रैंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने गांव बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुषमा कुमारी का ताल्लुक एक प्रतिष्ठित चिकित्सा पृष्ठभूमि से है। उनके दादा स्वर्गीय ड़ विश्वनाथ सिंह उर्फ फौदी डक्टर महद्दीपुर के एक चर्चित आयुष चिकित्सक थे, उनके पिता ड़ शशि शेखर एक प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक हैं और उनके चाचा राजकिशोर मेडिकल स्टोर संचालित करते हैं। उनकी माता रौशन कुमारी एक कुशल गृहिणी हैं। इसके अलावा उनकी बहनें भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं, जिनमें दूसरी बहन बीटेक और तीसरी बहन एएनएम का प्रशिक्षण ले रही हैं। अपनी इस सफलता पर सुषमा ने कहा कि मानव सेवा ही मेरा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची और भाई-बहन के अटूट विश्वास, प्रेम और समर्थन को दिया है, जिनकी वजह से वह आज इस मुकाम पर पहुंची हैं। साथ ही उन्होंने उन सभी शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस सफर में उनका साथ दिया। सुषमा की शैक्षणिक यात्रा भी काफी प्रेरणादायक रही है। उन्होंने सुरेन्द्र प्रसाद बालिका उच्च विद्यालय से मैट्रिक, हरिवंश नारायण इंटर कलेज, महद्दीपुर-बंदेहरा से इंटरमीडिएट (विज्ञान), जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कलेज एंड हस्पिटल से जीएनएम और नूतन नर्सिंग कलेज, सीतामढ़ी से पोस्ट बीएससी नर्सिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय समस्त क्षेत्रवासियों और शिक्षा प्रेमियों को दिया है।

फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर शिविर आयोजित

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड अंतर्गत ठुठी मोहनपुर पंचायत में पंचायत भवन एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, मोहनपुर में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान दर्जनों लोगों के रक्त के नमूने एकत्र किए गए। इस पहल का उद्देश्य फाइलेरिया संक्रमण की जांच एवं संभावित मामलों की पहचान कर समय रहते आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी कदम उठाना है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में पहुंचकर लोगों के रक्त के नमूने एकत्र किए तथा उन्हें फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया। विभाग की ओर से इस तरह के शिविर आयोजित कर बीमारी की पहचान, संक्रमण की निगरानी और उसके उन्मूलन की दिशा में प्रयास किए जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की स्वास्थ्य जांच से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और समय पर आवश्यक जांच कराने का अवसर मिलता है। बताते चले कि फाइलेरिया एक मच्छर जनित बीमारी है, जो लंबे समय तक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। ऐसे में बीमारी की रोकथाम, समय पर पहचान और लोगों के बीच जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पंचायत स्तर पर किए जा रहे इन प्रयासों से ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में मदद मिलती है। शिविर के दौरान पंचायत की मुखिया प्रीति कुमारी, बीएचएम अमर कुमार, लवलेश कुमार, मनीष कुमार, मंकेश कुमार, एएनएम रुबी कुमारी, संगीता कुमारी एवं आशा कार्यकर्ता प्रीति कुमारी मौजूद रहीं। स्वास्थ्यकर्मियों ने शिविर के संचालन में अपनी भूमिका निभाई और जांच संबंधी कार्यो को संपन्न कराया।

नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना

गोगरी (एनएसबी)। अनुमंडल रजिस्ट्री मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। पूजा का अनुष्ठान पंडित शुभम सावर्ण के द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान मुख्य जजमान के रूप में कवि रंजन कुमार उपस्थित रहे। गणमान्य लोगों एवं मंदिर समिति के सदस्यों के सहयोग से पूजा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर मुख्य जजमान कवि रंजन कुमार के साथ गोलू कुमार, अभिषेक यादव, राजू कुमार, मिस्टर बाबा, गोविंद यादव, दीपक शर्मा, वकील यादव, अरुण कुमार बग्गा सहित अन्य गणमान्य लोग एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से पूजा-अर्चना का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।बताते चलें की इस मंदिर मे मेला का भी आयोजन किया जाता है।



पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

दुर्गा पूजा समितियों की साथ बीडीओ ने किया बैठक

बेलदौर (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर बेलदौर प्रखंड परिसर स्थित आईटी भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार यादव ने की, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के मुखिया और स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने भाग लिया।बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ प्रेम कुमार यादव ने प्रखंड क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा समितियों को अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने पूजा पंडालों के आसपास नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थायी शौचालयों के निर्माण कराने का कड़ा आदेश जारी किया, ताकि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर मुखिया गौरीशंकर शर्मा, वीरेंद्र सहनी, मुखिया प्रतिनिधि अशोक मंडल, कौशल सिंह, विनय सिंह, लोहिया स्वच्छता अभियान के प्रखंड समन्वयक मोहम्मद शहबाज आलम सहित संजीव कुमार, अर्चना कुमारी, बिरन कुमार, पिंकी देवी, संजीत कुमार, राजेश कुमार, पप्पू, शहवाज रहमानी, मुकेश कुमार, पांडव कुमार, अशोक कुमार और हरिनंदन कुमार समेत कई स्वच्छता पर्यवेक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



बैठक में बीडीओ व अन्य।

बच्चियों की मनमोहक प्रस्तुति ने मोहा ग्रामीणों का मन

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड अंतर्गत पिपरा पंचायत के वार्ड संख्या-1 स्थित भिड़िया भगवती मंदिर परिसर में डांडिया नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में गांव की बच्चियों ने अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुति से उपस्थित ग्रामीणों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को लेकर बच्चियों में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं मनमोहक प्रस्तुतियों को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। डांडिया नृत्य के दौरान बच्चियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी आकर्षक प्रस्तुति और नृत्य की सुंदर शैली ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मंदिर परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने बच्चियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बड़े शहरों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो केवल उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की। इसी सोच के साथ डांडिया नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि गांव की बच्चियां अपनी कला और हुनर को लोगों के सामने प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम में प्रियांशी कुमारी, अंजली कुमारी, अंशु कुमारी, भारती कुमारी, शबनम कुमारी और मौसमी कुमारी सहित अन्य बच्चियों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। बच्चियों के उत्साह और उनके शानदार प्रदर्शन से आयोजन स्थल पर मौजूद लोग काफी प्रभावित नजर आए। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य संजय सिंह, दिलीप ठाकुर, अक्कल देव ठाकुर, बिलास सिंह, ललन सिंह, जोगो सिंह तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला महासचिव धीरज कुमार सहित अन्य ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बेलदौर प्रखंड के तेलिहार में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

बेलदौर(एनएसबी)। प्रखंड के तेलीहार स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं दो दिवसीय श्री हनुमंत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। इस धार्मिक आयोजन से संपूर्ण तेलीहार क्षेत्र में उत्सव और भक्ति का माहौल व्याप्त है। दुर्गा मेला के पावन अवसर पर आयोजित इस कथा में श्रीधाम वृंदावन से पधारीं प्रसिद्ध कथा वाचिका दीदी दिव्यांशी ने श्रद्धालुओं को अमृतवाणी का पान करा रही हैं। रविवार से शुरू हुए इस कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन उन्होंने अभिमन्यु पुत्र राजा परीक्षित के जन्म एवं उनके उद्धार की प्रसंग व्याख्या की। कथा के दौरान दीदी दिव्यांशी ने बताया कि जब राजा परीक्षित को महर्षि के श्राप के कारण सात दिनों के भीतर मृत्यु का भय सताने लगा, तब पूज्य शुकदेव जी महाराज ने उन्हें श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराया, जिससे उनका उद्धार संभव हो सका।कथा के दौरान प्रस्तुत की गई भगवान शिव और माता पार्वती की मनमोहक झांकी ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर कथा पांडाल में महिलाओं एवं स्थानीय श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।कार्यक्रम के दौरान तेलीहार पंचायत के मुखिया अनिल सिंह, सरपंच कुलदीप सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि श्रवण चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कथा वाचिका दिव्यांशी।

संक्षिप्त खबरें

उत्कृष्ट कार्य करने वाले आपदा मित्रों,स्वयंसेवकों पदाधिकारियों एवं कर्मियों को किया गया सम्मानित

खगड़िया (एनएसबी)। अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा विशेष कार्यक्रम सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, आपदा पूर्व तैयारी एवं सामुदायिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित करना तथा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्ष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान जिले में आपदा प्रबंधन, विशेषकर बाढ़ पूर्व तैयारी, राहत एवं बचाव कार्य, तटबंध सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, राहत सामग्री वितरण, जन-जागरूकता एवं अन्य आपदा प्रबंधन गतिविधियों में सराहनीय योगदान देने वाले आपदा मित्रों, स्वयंसेवकों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया। उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवाभाव की सराहना करते हुए आपदा प्रबंधन में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर आपदा मित्रों, स्वयंसेवकों एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा आपदा के दौरान किए गए कार्यो तथा अपने अनुभवों को साझा किया गया। उन्होंने बाढ़ जैसी विषम परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यो के दौरान आने वाली चुनौतियों, स्थानीय स्तर पर सामुदायिक सहयोग तथा जरूरतमंद लोगों तक समय पर सहायता पहुँचाने से संबंधित अपने अनुभव प्रस्तुत किए। इन अनुभवों के माध्यम से आपदा प्रबंधन में स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी एवं जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने आपदा मित्रों, स्वयंसेवकों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपदा के समय प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ स्थानीय स्वयंसेवकों एवं आपदा मित्रों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कठिन परिस्थितियों में उनका साहस, तत्परता एवं सेवाभाव आपदा प्रभावित लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिलाधिकारी विक्रम विरकर के द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि आपदा प्रबंधन केवल आपदा घटित होने के बाद राहत एवं बचाव कार्यो तक सीमित नहीं है, बल्कि आपदा से पूर्व जोखिमों की पहचान, प्रभावी तैयारी, समय पर चेतावनी एवं संभावित क्षति को न्यूनतम करना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बेहतर पूर्व तैयारी, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, आधुनिक तकनीक का उपयोग, जन-जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से आपदाओं के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से खगड़िया जिले की बाढ़ संवेदनशीलता का उल्लेख करते हुए कहा कि जिले में बाढ़ प्रबंधन के लिए निरंतर सतर्कता, तटबंधों की निगरानी, समय पर सूचना का प्रसार, सुरक्षित निकासी की व्यवस्था तथा स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। आपदा मित्रों एवं स्वयंसेवकों की भूमिका केवल आपदा के समय ही नहीं, बल्कि सामान्य परिस्थितियों में भी लोगों को जागरूक करने एवं सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं स्वयंसेवकों को भविष्य में भी इसी समर्पण एवं सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही आपदा पूर्व तैयारी को सुढ़ करने, जन-जागरूकता बढ़ाने तथा समुदाय आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। इस अवसर परजिला प्रशासन के द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्ष्ट योगदान देने वाले सभी आपदा मित्रों, स्वयंसेवकों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिले को अधिक सुरक्षित, जागरूक एवं आपदा-सक्षम बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, महाआरती में शामिल हुए सैकड़ों भक्त

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड अंतर्गत धुतौली स्थित मां दुर्गा स्थान परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। दूर-दराज के गांवों से भी भक्त पहुंचे और पूरे भक्तिभाव के साथ कथा का श्रवण किया। कथावाचक के ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण प्रवचनों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर नजर आए और भक्ति रस में डूबकर भगवान की महिमा का गुणगान करते रहे। इस धार्मिक आयोजन में परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य एवं पूर्व प्रमुख प्रभाकर प्रसाद सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष मनोज सिंह, सचिव प्रमोद कुमार सिंह, ड़ मनोज कुमार, मनोज भारती, सुधीर यादव, विनय भारती समेत कमेटी के अन्य सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई और धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। श्रद्धालुओं की भीड़ और लोगों के उत्साह से पूरे क्षेत्र में उत्सवी माहौल बना रहा। श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद मां दुर्गा स्थान परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां दुर्गा की आराधना की। आरती के दौरान दीपों की रोशनी, भक्तिमय वातावरण और श्रद्धालुओं के सामूहिक जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। 'जय माता दी' के उद्घोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र में शांति और समाज के कल्याण की कामना की।आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक कार्यक्रम ने क्षेत्र में आस्था, भक्ति और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। श्रीमद्भागवत कथा एवं महाआरती में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने आयोजन की धार्मिक महत्ता को और बढ़ा दिया।

भाजपा नेताओं ने कटाव स्थल का किया निरीक्षण

खगड़िया (एनएसबी)। सदर प्रखंड क्षेत्र के ने रहीमपुर दक्षिणी पंचायत में हो रहे गंगा के भीषण कटाव का मुआयना भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार, भाजपा नेता ष्ण कुमार उर्फ मुन्ना यादव,समाजसेवी नागेन्द्र सिंह त्यागी ने किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि यहां पर कई सालों से गंगा नदी के कटाव से उपजाउ भूमि नदी में समा रही है। इसको लेकर हमलोगों ने कई बार राज्य सरकार को अवगत कराया है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से निवेदन किया आप के गृह जिला मुंगेर का भी एक पंचायत, बेगूसराय का एक पंचायत एवं खगड़िया का तीन पंचायत इस कटाव से प्रभावित हो रहा है। इसलिए अभिलंब कटाव निरोधक कार्य करवाया जाय। इंजिनियर धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि पहले यहां का एक शिष्ट मंडल विधायक बबलू मंडल के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर के ज्ञापन सौंप चुके हैं। उन्होने कहा कि हमकों उम्मीद है कि यहां पर कटाव निरोधक कार्य जरूर होगें।



कटावस्थल का जायजा लेते भाजपा नेता।

अमनी मध्य विद्यालय में शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के मानसी प्रखंड के अमनी मध्य विद्यालय में नशा मुक्त भारत के बैनर तले निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव निशुल्क शतरंज प्रशिक्षक प्रेम कुमार यशवंत के द्वारा कुल चालीस बालक-बालिका को शतरंज के पात्रों का नाम, पावर, और प्रारंभिक चाल के बारे में बिस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण और प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चौं और युवाओ में खेल के प्रति रुचि बढाने के साथ साथ उन्हें नशें और अपराध से दुर रहने के लिए प्रेरित करना ताकि वें भविष्य में नशें के मकडज़ाल मे ना फंसें। ज्ञात हो कि पिछले बारह हफ्तों से लगातार विभिन्न स्कूलों में जाकर सप्ताह में एक बार निशुल्क शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्य में जिला अधिकारी बिक्रम विरकर, खेल पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता प्रवीण कुमार, मानसी प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार, अंचल अधिकारी लीलावती कुमारी और सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कुमार का काफी सहयोग और उत्साहवर्धन मिल रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन अमनी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार सिंह और विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्त भारत कि ओर से पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार सिंह को मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।



पूर्व मुखिया प्रमोद सिंह व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

एकमा में माइक्रोसफ्ट के तहत शिक्षकों को दिया गया एआई प्रशिक्षण

रसूलपुर/एकमा । विद्यालयी शिक्षा में आधुनिक तकनीक एवं त्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, एकमा में 'माइक्रोसफ्ट एजुकेटर्स सशक्तीकरण कार्यक्रम (शिक्षा में त्रिम बुद्धिमत्ता)' के अंतर्गत एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एकमा प्रखंड के सभी मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों से एक-एक शिक्षक ने भाग लिया।प्रशिक्षण का नेतृत्व "सुधांशु रंजन, एआई दूत, पिरामल फाउंडेशन" ने किया। कार्यक्रम में "सारिका द्विवेदी, मास्टर फैसिलिटेटर (प्रशिक्षक मार्गदर्शक)" की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, "ड. कौशल कुमार पाण्डेय, ड़ शशि भूषण शाही एवं रविस कुमार" सहित विभिन्न विद्यालयों से चयनित मास्टर प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण में सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को त्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित शैक्षणिक उपकरणों के उपयोग, पाठ योजना तैयार करने, शिक्षण सामग्री विकसित करने तथा कक्षा-कक्ष में आधुनिक तकनीक के प्रभावी समावेश की जानकारी दी गई। व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को एआई की सहायता से शिक्षण कार्य को अधिक सरल, रोचक, प्रभावी एवं विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के तरीकों से परिचित कराया गया। साथ ही, त्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार, सुरक्षित एवं उद्देश्यपूर्ण उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की डिजिटल दक्षता एवं त्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी समझ को विकसित करना तथा विद्यालयों में तकनीक-सक्षम शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करना है। प्रशिक्षण के उपरांत सभी मास्टर प्रशिक्षक अपने-अपने विद्यालयों के अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, ताकि अर्जित ज्ञान एवं कौशल का व्यापक प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल बिहार शिक्षा परियोजना एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), बिहार के सहयोग से पिरामल फाउंडेशन द्वारा संचालित शैक्षिक क्षमता-विकास प्रयासों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से विद्यालयी शिक्षा में नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा त्रिम बुद्धिमत्ता के सार्थक उपयोग को बढ़ावा देने की अपेक्षा है।

रसूलपुर उमा महेश्वर पूजन समारोह 25 अक्टूबर को, तैयारी जोरों पर

रसूलपुर। स्थानीय चट्टी स्थित श्री उमा-महेश्वर पूजन समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को बैजनाथ कुटीर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अरुण कुमार मिश्र ने की। बैठक में आगामी 25 अक्टूबर, रविवार को आयोजित होने वाले पारंपरिक पूजन समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि प्रसिद्ध कथावाचक एवं शिक्षक पंडित सूर्य नारायण मिश्र उर्फ बच्चा बाबा ने वर्ष 1950 में श्री उमा-महेश्वर पूजन समारोह की स्थापना की थी। यह पूजा वर्षो से क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्तिक परंपरा का हिस्सा रही है। भोजपुरी सांस्तिक आंदोलन के प्रणेता बच्चा बाबा के योगदान को याद करते हुए इस वर्ष भी समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने की तैयारी की जा रही है।समारोह का मुख्य आकर्षण द्विदलीय रामायण गायन का मुकाबला होगा। इसमें गोपालगंज के लोक गायक मुन्नी लाल सवलिया और मनोज शर्मा के बीच गायन की प्रतिस्पर्धा होगी। इस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह हैआयोजकों के अनुसार, 25 अक्टूबर, रविवार को होने वाले पूजन समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बैठक में आयोजन को सफल बनाने तथा कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

रैयती भूमि के क्रय से संबंधित 63 प्रस्तावों की समीक्षा

छपरा। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज रैयती भूमि के सरकार द्वारा क्रय किए जाने से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न अंचलों से प्राप्त कुल 63 प्रस्तावों की समीक्षा की गई तथा भूमि से संबंधित अभिलेखों की शुद्धता, विवादरहित स्थिति एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। बैठक में प्राप्त प्रस्तावों का अंचलवार विवरण निम्नवत है छपरा सदर से 26, सोनपुर से 16, दरियापुर से 14, गड़खा से 4, नगर अंचल से 2 तथा दिघवारा से 1 प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। भूमि क्रय की प्रक्रिया एवं अभिलेखों की समीक्षा बैठक में रैयती भूमि के क्रय से संबंधित निर्धारित प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर चर्चा की गई। इसके तहत जिला पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित प्रस्ताव में संबंधित अंचलाधिकारी द्वारा खाता, खेसरा, खतियान, भूमि की स्थिति, एलपीसी तथा स्थल जांच से संबंधित प्रतिवेदन सहित सभी आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन प्रतिवेदन शामिल रहता है।

कोलिन्स किड्स स्कूल के प्री-नर्सरी और नर्सरी में हर्षोल्लास के साथ नवरात्रि उत्सव



नवरात्रि उत्सव मनाते स्कूली बच्चे।

जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)। कोलिन्स किड्स स्कूल के प्री-नर्सरी एवं प्री- नर्सरी और नर्सरी सेक्शन में नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा,भक्ति और उत्साह के साथ नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को भारतीय संस्ति,धार्मिक परंपराओं तथा अच्छाई की बुराई पर विजय के महत्व से परिचित कराना था।विद्यालय के संस्थापक उमेश प्रसाद सिंह, उप-प्राचार्य सूरज जायसवाल, प्रशासक प्रणव कुमार एवं अकादमिक इंचार्ज चांदनी मिस द्वारा दीप प्रज्वलित करने तथा पुष्प अर्पित करने के साथ हुआ। इस दौरान माँ दुर्गा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए सभी ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर उप-प्राचार्य सूरज जायसवाल ने अपने संबोधन में नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को बताया कि नवरात्रि हमें अच्छाई की बुराई पर विजय, सत्य की शक्ति और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती है। उन्होंने समझाया कि माँ दुर्गा शक्ति, साहस और नारी सम्मान की प्रतीक हैं। दुर्गा पूजा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जीवन में सदाचार, अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश भी देती है।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक कविताएँ एवं रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियाँ रहीं। लगभग 45 विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्तिक प्रस्तुतियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। अयि गिरि नंदिनी और लाल लाल चुनरी सितारों वाली जैसे भक्तिमय गीतों पर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नन्हे कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में आरव, आयांश राज, अक्षत सिंह, आरुषि, अश्विक, हृदय करण, जयेश, केशव राज, तिका, नव्या श्री, प्रव्या रय, पृथ्वी राज, रागि, रिहिका, सक्षम राज, शिवंश शाही, श्रेयांश तेज, सुहास मोदी, सूर्यांश एवं त्रिशांत आदित्य सहित अन्य विद्यार्थी शामिल रहे। सभी बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं।इस सफल आयोजन को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने में अदिति मिस, अनिशा मिस, प्रीति मिस, रंजीता मिस, मुस्कान मिस, दीक्षा मिस सहित अन्य शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन एवं सहयोग से बच्चों ने अपनी कला, रचनात्मकता और सांस्तिक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।अंत में कार्यक्रम ने बच्चों के मन में भारतीय संस्ति एवं त्योहारों के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया। नवरात्रि उत्सव ने सभी को यह संदेश दिया कि जीवन में सदैव सत्य, प्रेम, साहस और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए।कोलिन्स किड्स स्कूल का यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास, सांस्तिक शिक्षा और नैतिक मूल्यों के संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

कबाड़ से कला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया गया प्रोत्साहित

अपशिष्ट के पुनः उपयोग और स्वच्छता के प्रति जागरूकता पर जोर

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत नगर परिषद जमालपुर के सभागार में कबाड़ से कला एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्प्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। 'स्वच्छ पाठशाला और स्वच्छता में युवाओं की भागीदारी' कार्यक्रम के तहत आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी विजय शील गौतम ने की। मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया।प्रतियोगिता में आरबी उच्च विद्यालय की सिमरन कुमारी, एनसी घोष बालिका उच्च विद्यालय की प्रिया राज तथा टोरिल मंडल बालिका उच्च विद्यालय की चांदनी परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर आरबी उच्च विद्यालय की प्रियांशी कुमारी, एनसी घोष बालिका उच्च विद्यालय की निशा कुमारी तथा टोरिल मंडल बालिका उच्च विद्यालय की निशा कुमारी रहीं।वहीं तृतीय स्थान पर आरबी उच्च विद्यालय के मो.अकबर एवं सुप्रिया कुमारी, एनसी घोष बालिका उच्च विद्यालय की साक्षी कुमारी एवं निशा परवीन तथा टोरिल मंडल बालिका उच्च विद्यालय की सृष्टि प्रिया एवं नंदनी कुमारी ने स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर स्वच्छता पदाधिकारी सोनम राज,शशिकांत कुमार, नगर परिषद के स्वच्छता साथी तथा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ाने के साथ कबाड़ एवं अनुपयोगी वस्तुओं के पुनः उपयोग के प्रति जागरूकता पैदा करना था। नगर परिषद ने स्वच्छ एवं सुंदर जमालपुर के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।



छात्र को पुरस्त करते मुख्य पार्षद।

जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर तीसरी लाइन निर्माण की कवायद तेज

दो घंटे का ब्लक लेकर हुआ निरीक्षण, मुंगेर जिले में 60.32 एकड़ और जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर कुल 155.5984 एकड़ जमीन होगा अधिग्रहण

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। मालदा मंडल अंतर्गत जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर तीसरी रेल लाइन निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। बुधवार को जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर करीब दो घंटे का ट्रैफिक ब्लक लेकर तीसरी लाइन के लिए प्रस्तावित भूमि का ट्रली निरीक्षण किया गया। मुंगेर के जिलाधिकारी निखिल धनराज,डीसीएलआर रवि शंकर उड़ाओ, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी पंकज कुमार गुप्ता, जिला अवर निबंधक अश्विनी कुमार तथा मालदा मंडल के उप मुख्य अभियंता निर्माण-2 भागलपुर गोपाल कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारियों ने जमालपुर से खड़ियापीपरा हल्ट तक रेलवे मोटर ट्रली से निरीक्षण किया। मौके पर जिलाधिकारी निखिल धनराज ने बताया कि तीसरी रेल लाइन परियोजना के लिए मुंगेर जिले में करीब 6032 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। वहीं, जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर इस परियोजना के लिए कुल 1555984 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीसरी रेल लाइन के निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रेल लाइन के लिए चिति भूमि का अवलोकन किया तथा परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित तीसरी लाइन वर्तमान रेल लाइन के दक्षिण दिशा में ट्रैक सेंटर से लगभग 61 मीटर की दूरी पर बनाई जाएगी। यह परियोजना रेलवे बोर्ड से विशेष परियोजना के रूप में स्वीत है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की योजना संबंधित विभाग को भेजी जा चुकी है।



ट्रली से निरीक्षण करने जाते मुंगेर डीएम व रेलवे अधिकारी।

दुर्गा पूजा में डांडिया और हजारों दीपों की आरती होगी आकर्षण का केंद्र

69 वर्षो से स्थापित दुर्गा महारानी के प्रति श्रद्धालुओं की बढ़ रही आस्था, पूजा समिति ने भव्य आयोजन को लेकर की बैठक, पुलिस-प्रशासन से सहयोग की अपील

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गा पूजा मेला एवं प्रतिमा विसर्जन को भव्य, आकर्षक और व्यवस्थित बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर बड़ी आशिकपुर, जमालपुर में पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुमन कुमार ताती ने की। मौके पर महामंत्री विकास कुमार सहित अन्य सदस्यों ने पूजा के दौरान होने वाले विभिन्न धार्मिक एवं सांस्तिक कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से संपन्न कराने पर चर्चा की।समिति के अध्यक्ष सुमन कुमार ताती एवं महामंत्री विकास कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि बड़ी आशिकपुर में दुर्गा महारानी की स्थापना के लगभग 69 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इतने लंबे समय के बाद भी माता के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था लगातार बढ़ रही है। प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षो से यहां आयोजित डांडिया कार्यक्रम और माता-बहनों द्वारा हजारों दीप जलाकर की जाने वाली भव्य आरती श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही है। इस वर्ष भी इन आयोजनों को और अधिक आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पूजा समिति के पदाधिकारी और सदस्य गंभीरता से जुटे हैं। समिति ने स्थानीय पुलिस-प्रशासन के साथ धर्मप्रेमियों और आम नागरिकों से सहयोग की अपील की, ताकि पूजा, मेला और विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। बैठक में उपाध्यक्ष सुनील राम, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, किरण कुमार और आचार्य मुकेश कुमार ताती सहित कई सदस्य मौजूद थे।



बैठक करते पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य।

संक्षिप्त खबरें

गश्ती के दौरान अंग्रेजी शराब बरामद

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने गश्ती के दौरान बड़ी पुल के नीचे से 5625 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से अफिसर्स चइस ब्रांड की 375 एमएल की 15 बोतल शराब जब्त की। गश्ती के दौरान पीटीसी बिंदु कुमारी ने कार्रवाई करते हुए अमित कुमार नयागांव सिकंदरपुर निवासी के नाम से संबंधित जानकारी दी। पुलिस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की बात कही है।

नोट्रेडेम अकादमी में 'परंपरा : द प्राइड ऑफ इंडिया' की धूम

जूनियर वार्षिक समारोह में भारतीय संस्ति और लोक परंपराओं की दिखी अनुपम छटा, नन्हे कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। भारतीय संस्ति की समृद्ध विरासत, लोक परंपराओं और विविधता में एकता के संदेश से सराबोर नोट्रेडेम अकादमी, जमालपुर का परिसर दो दिनों तक उत्सव के रंगों में डूबा रहा। विद्यालय में दो दिवसीय जूनियर वार्षिक समारोह-2026 का आयोजन 'परंपरा रू द प्राइड अफ इंडिया' विषय पर किया गया। समारोह में नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्ति की विविधता, परंपराओं की जीवंतता और देश की सांस्तिक एकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, प्रार्थना और स्वागत नृत्य के साथ हुआ। इसके बाद प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने एक्शन सन्ग, सामूहिक गायन, विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य और आकर्षक नाट्य प्रस्तुतियों से समारोह में चार चांद लगा दिए। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्ति के विविध रंगों को मंच पर जीवंत कर दिया। उनकी शानदार प्रस्तुति पर उपस्थित दर्शकों ने तालियों के साथ उत्साह वाधाना किया।पहले दिन डीडीसी, दूसरे दिन नगर आयुक्त रहे मुख्य अतिथि समारोह के प्रथम दिवस पर मुंगेर के उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि ड़ आशुतोष कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।वहीं दूसरे दिन मुंगेर के नगर आयुक्त एवं आईएएस अधिकारी पार्थ गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। एसपी कार्यालय की सब-इंस्पेक्टर मधु मालती आजाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।दो दिवसीय समारोह ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही देश की सांस्तिक विरासत को समझने और उससे जुड़ने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि भारत की असली पहचान उसकी समृद्ध परंपराओं, सांस्तिक विविधता और एकता में निहित है।



उद्घाटन करते अतिथि।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्कूली बच्चे।

विगत् 24 घंटे में 36 अभियुक्त किये गये गिरफ्तार, अवैध शराब भी किये गये जप्त

छपरा सदर। सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण और परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को ष्टिगत रखते हुए 13 सितंबर को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-36 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें वारंट में 7, शराब कारोबारी में 7,शराब सेवन में 6, पोक्सो एक्ट में 2, हत्या के प्रयास में 2,अपहरण में 1,आर्म्स एक्ट में 1,दहेज हत्या में 1 तथा अन्य कांडो में 9 अभियुक्त शामिल है। वही अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के ष्टिकोण से कुल 13 वाहनों से 26,500 रूपए जुर्माना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत कुल शराब-77528 लीटर (देशी शराब-740 ली एवं विदेशी शराब-3528 ली) बोलेरो-01, मोटरसाईकिल-01 एवं अपहृता-02 बरामद किए गए।

सारण शिक्षक निर्वाचन2026 के मतदान एवं मतगणना की तैयारियों की समीक्षा विधि-व्यवस्था संधारण पर विशेष जोर

छपरा। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी-सह-आयुक्त, सारण प्रमंडल, छपरा श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर 2026 को आयुक्त कार्यालय के सभागार में मतदान एवं मतगणना की तैयारियों तथा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान एवं सारण के सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी तथा सभी पांचों जिलों के पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। संबंधित पदाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में निर्वाचन की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। बैठक में मतदान केंद्रों पर दीवार लेखन, मतदान कर्मियों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, मतदान सामग्री की उपलब्धता एवं वितरण, परिवहन व्यवस्था, मतपेटियों की सुरक्षा, पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, नियंत्रण कक्ष के संचालन तथा मतगणना केंद्र की तैयारियों की क्रमवार समीक्षा की गई। सभी जिलों को निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आपसी समन्वय के साथ विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को मतपत्र के माध्यम से होने वाले निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी गई। बताया गया कि मतदाता अपनी पसंद के अभ्यर्थियों के लिए अधिमानता क्रम में अंक अंकित कर सकते हैं, लेकिन प्रथम अधिमानता का अंक अंकित करना अनिवार्य है। प्रथम अधिमानता अंकित नहीं होने की स्थिति में मतपत्र अवैध हो जाएगा। साथ ही, अधिमानता अंकित करने के लिए केवल अंतरराष्ट्रीय अंक अथवा रोमन अंक का प्रयोग ही मान्य होगा। इनके अतिरिक्तकिसी अन्य अंकन पद्धति का प्रयोग किए जाने पर मतपत्र अवैध हो सकता है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए मतदान प्रक्रिया के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने पर बल दिया गया। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान 23 अक्टूबर 2026 को प्रातः 8 बजे से अपरा 4 बजे तक तथा मतगणना 27 अक्टूबर 2026 को प्रातः 8 बजे से निर्धारित मतगणना केंद्र पर होगी। निर्वाचन क्षेत्र में कुल 98 मतदान केंद्रों पर 10,748 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बैठक में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में सतर्कता एवं समन्वय बनाए रखने पर बल दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

माले नेता ने लगाया डीएपी की कालाबाजारी का आरोप, दशहरा बाद होगी गोदामों की जांच

पूसा/एनएसबी। प्रखंड परिसर स्थित ई-किसान भवन सभागार में बुधवार को प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक हुई। इसमें किसानों ने निर्धारित दर से अधिक कीमत पर डीएपी बेचे जाने का मुद्दा उठाया। वहीं, उर्वरक विक्रेताओं ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। बैठक में भाकपा-माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार ने आरोप लगाया कि 50 किलोग्राम डीएपी के एक बैग की निर्धारित कीमत 1,350 रुपये है, जबकि दुकानदार इसे दो हजार रुपये तक में बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ दुकानदार खाद को दुकान या आसपास के गोदाम में रखने के बजाय दूसरे स्थानों पर जमा कर कालाबाजारी करते हैं। अपने संबोधन में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शेखर कुमार मधुकर ने कहा कि किसानों को उर्वरक की कमी नहीं होने दी जाएगी। सरकार के नियमानुसार खाद की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ छापेमारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि दशहरा के बाद उर्वरक दुकानदारों के गोदामों की जांच होगी। अनियमितता मिलने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष पूसा प्रेम कुमार झा, राजेश कुमार, मनोज राय सहित अन्य पैक्स अध्यक्ष और उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे।

बाल स्वास्थ्य शिविर में बच्चों की हुई जांच, एनीमिया के प्रति किया गया जागरूक

समस्तीपुर कार्यालय/एनएसबी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत बुधवार को मध्य विद्यालय बेला पचरुखी में बाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग एवं राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के सहयोग से आयोजित इस शिविर में पीएचसी समस्तीपुर के डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने बताया कि शिविर में छह से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान जन्मजात दोष, विभिन्न बीमारियों, बाल क्षय रोग, एनीमिया तथा किशोरावस्था से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान के लिए जांच की गई। जांच के आधार पर बच्चों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। शिविर में इच्छुक छात्र-छात्राओं के रक्त के नमूने भी लिए गए। इसके माध्यम से हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच कर एनीमिया की स्थिति का पता लगाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान करना, उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मार्गदर्शन देना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मौके पर मेडिकल टीम में फार्मासिस्ट निरंजन कुमार एवं एएनएम पूजा कुमारी ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के सफल आयोजन में विद्यालय की शिक्षिका विमला कुमारी, खुशबू राय, शिक्षक विनय सिंह सहित अन्य कर्मियों ने सहयोग किया।

सात मामलों का मौके पर निष्पादन, पांच में अगली सुनवाई की तिथि तय

समस्तीपुर कार्यालय /एनएसबी। भूमि विवादों के मामलों के त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान को लेकर बुधवार को अनुमंडल कार्यालय के प्रकोष्ठ में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में सुनवाई की गई। इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित कुल 12 मामलों को सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित दोनों पक्षों की दलीलों को ध्यानपूर्वक सुना तथा मामलों की गंभीरता से समीक्षा की। इनमें से सात मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि शेष पांच मामलों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के लिए अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई। अनुमंडल प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य भूमि विवादों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करना है, ताकि आम लोगों को विवादों के कारण होने वाली अनावश्यक परेशानी से राहत मिल सके। भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान होने से संबंधित पक्षों को प्रशासनिक स्तर पर न्याय पाने में मदद मिलती है। अनुमंडल प्रशासन भूमि विवादों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए उनके त्वरित निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध है। नियमित सुनवाई के माध्यम से लंबित मामलों को कम करने और आम जनता को राहत पहुंचाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

मिलन समारोह समितिं ने एसडीओ ने दिया ज्ञापन

पटना सिटी/एनएसबी। श्री श्री बड़ी देवी जी मिलन समारोह समिति का शिष्टमंडल सचिव दिव्य राज विनायक अध्यक्षता में एसडीओ कशिश बक्शी से मिला.इस दौरान मिलन स्थल पुरानी सिटी कोर्ट के समीप में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गयी. शिष्टमंडल ने एसडीओ को बताया कि श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज और महाराजगंज की मिलन और खोइछा की अदला बदली के अनुष्ठान में भक्तों की भीड़ जुटती है. शिष्टमंडल में सदस्य अंकित राज व सर्वेस हंसराज के साथ अन्य सदस्य थे. एसडीओ ने कहा कि दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती भी रहेगी.इसके साथ ही लाइटिंग होगा.

नारी युवा मंच ने आयोजित की डांडिया

पटना सिटी/एनएसबी। नारी युवा मंच की ओर से डांडिया का आयोजन मदरसा गली में प्रियंका चौधरी के संचालन में हुई. जिसका उद्घाटन मंच की प्रदेश अध्यक्ष पूनम मेहता ने की. आयोजन में ,उपासना कुमारी, सृष्टि कुमारी ,रीना देवी, रेखा कुमारी, नेहा कुमारी, रिंकू देवी ,रूमा कुमारी जुली देवी प्राची कुमारी समेत अन्य उपस्थित थी. मां दुर्गा की अराधना के साथ डांडिया नृत्य कर भगवती की अराधना की.

कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

पटना सिटी/एनएसबी। केंद्र सरकार के खिलाफ व चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा की मांग को लेकर पटना महानगर कांग्रेस कमेटी पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में कांग्रेसी नेताओं ने प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में शामिल उमेश गुप्ता, राम जी प्रसाद यादव, दिवाली राय, टुनटुन यादव, राजेश यादव ,मंजू साहनी, शंकर पासवान समेत अन्य लोग शामिल थे. इन लोगों ने भी मतदाता सूची में काटे गये मतदाताओं के नाम जोड़ने की मांग की.

राष्ट्रीय मंत्री ने की पूजा अर्चना,तख्त साहिब में लगायी हाजिरी

पटना सिटी/एनएसबी। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह प्रदेश भाजपा प्रभारी रोहन गुप्ता ने शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी पहुंचे. जहां पर महंत विजय शंकर गिरि ने पूजा अर्चना का अनुष्ठान कराया. इसके बाद माता की चुनरी आशीष के तौर पर दी. इसके बाद वो श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में में हाजिरी लगायी. जहां पर तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह की ओर से गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया गया. वहीं प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही व वरीय उपाध्यक्ष सह राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह लख्खा ने प्रतीक चिह्न,श्री साहिब व गुरु महाराज के जीवन दर्शन से जुड़े पुस्तके भेंट की. राष्ट्रीय मंत्री का स्वागत नितिन अभिषेक,प्रदीप काश,अर्पण गुप्ता,प्रवीण पटेल,अनमोल शोभित, तख्त साहिब के अधीक्षक दलजीत सिंह व प्रबंधक हरदीप सिंह ने की.

एसडीएम ने किया स्थल निरीक्षण, सर्विस रोड की मरम्मत कर जल्द आवागमन बहाल करने का निर्देश

समस्तीपुर कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। दलसिंहसराय शहर में 32 नंबर रेलवे गुमटी पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण लंबे समय से जारी यातायात संकट से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। पिछले दो वर्षों से ओवरब्रिज निर्माण का काम चल रहा है, जबकि कई महीनों से निर्माण कार्य ठप पड़ा है। दूसरी ओर, महावीर चौक से 32 नंबर रेलवे गुमटी तक मुख्य सड़क बंद रहने और वैकल्पिक सर्विस रोड की बदहाली के कारण शहरवासियों को प्रतिदिन जाम और आवागमन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गापूजा, दीपावली और छठ जैसे प्रमुख त्योहारों से पहले इस गंभीर समस्या को देखते हुए प्रशासन सक्रिय हुआ है। अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार ने स्थल का निरीक्षण कर पुल निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर को सर्विस रोड की अविलंब मरम्मत कराने और उसे जल्द चालू करने का निर्देश दिया।

पूसा कृषि विश्वविद्यालय में उन्नत डीप लर्निंग पर पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू

अनुसंधान की गुणवत्ता सुधारने और जटिल समस्याओं के समाधान में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर

पूसा (समस्तीपुर), ठग्इ। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में अनुसंधान कार्यों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और शोधार्थियों की विश्लेषणात्मक क्षमता को विकसित करने की दिशा में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। विश्वविद्यालय के आधार विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सांख्यिकी एवं संगणक अनुप्रयोग विभाग की ओर से ह्यउन्नत डीप लर्निंगह्ल विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। 13 से 17 अक्टूबर तक आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को डीप लर्निंग की उन्नत तकनीकों, उनके व्यावहारिक उपयोग तथा वैज्ञानिक अनुसंधान में उनकी भूमिका से अवगत कराया जाएगा।उद्घाटन सत्र में विभागाध्यक्ष डॉ. महेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में अनुसंधान के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीप लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीकों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। इन तकनीकों के माध्यम से जटिल आंकड़ों का विश्लेषण करने, शोध से संबंधित समस्याओं को समझने और अधिक सटीक निष्कर्ष तक पहुंचने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीकों का ज्ञान शोधार्थियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ वैज्ञानिक शोध-पत्रों की गुणवत्ता सुधारने में भी सहायक है। उन्होंने प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण को प्रोत्साहित करने में विश्वविद्यालय के कुलपति के नेतृत्व और महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अमरेश चंद्रा के मार्गदर्शन की सराहना की।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अमरेश चंद्रा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के आयोजन से जुड़ी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक अनुसंधान के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि शोधकर्ताओं को नवीन विश्लेषणात्मक उपकरणों और समकालीन शोध पद्धतियों की व्यावहारिक जानकारी भी होनी चाहिए। ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नई तकनीकों से परिचित कराने के साथ उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाती हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यशाला के दौरान प्राप्त ज्ञान और कौशल का उपयोग अपने शोध कार्यों में करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को अपनाकर अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है तथा कृषि विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों की जटिल चुनौतियों के समाधान तलाशने में सहायता मिल सकती है।

कार्यशाला में पीएचडी एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ कुल 15 शिक्षक और शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रतिभागियों को डीप लर्निंग की अवधारणाओं की व्यावहारिक समझ प्रदान करना और अनुसंधान में इसके संभावित अनुप्रयोगों से परिचित कराना है। पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को आधुनिक डेटा विश्लेषण और शोध तकनीकों के इस्तेमाल की जानकारी मिलने की उम्मीद है।कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजुबाला एम. ने किया। मौके पर डॉ. आरके चौधरी, डॉ. निधि, डॉ. सुधीर पासवान, डॉ. मौमिता बैश्य, डॉ. परिणीता दास, डॉ. साइस्ता तबस्सुम, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. पुनीत धीर तथा तकनीकी कर्मी सूरज बहादुर उपस्थित थे। अंत में सह-पाठ्यक्रम समन्वयक ई. तुषार कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यशाला को शोधार्थियों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने और अनुसंधान को आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।या गया।

जीर्णोद्धार और विकास पर खर्च हुए 3.71 लाख रुपये से अधिक

बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, पिछले चार महीनों के दौरान मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों पर 3.71 लाख रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। इसमें बकाया बिजली बिल का भुगतान, मंदिर परिसर के विकास कार्य, श्रावणी मेले के दौरान सजावट तथा पुलिस बल के भोजन की व्यवस्था से जुड़े खर्च शामिल हैं। इन कार्यों का उद्देश्य मंदिर परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाना है।

समिति की बैठक में मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट, पूजा सामग्री, कर्मचारियों के वेतन तथा बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं पर होने वाले खर्च की भी समीक्षा की गई। सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी तरह की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए परिसर की नियमित साफ-सफाई, समुचित प्रकाश व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाओं को बेहतर बनाए रखना आवश्यक है।

विकास के लिए मिले 20 लाख रुपये

बैठक में जानकारी दी गई कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद, पटना की ओर से विद्यापतिधाम मंदिर के विकास कार्यों के लिए 20 लाख रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। इस राशि से मंदिर परिसर में आवश्यक विकास और सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाएंगे। समिति की ओर से विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने तथा उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग करने पर चर्चा की गई।

विद्यापतिधाम मंदिर क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है, जहां विभिन्न पर्व-त्योहारों और श्रावणी मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर में सुविधाओं का विस्तार, सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करना और स्वच्छ वातावरण बनाए रखना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

विद्यापति राजकीय महोत्सव की तैयारियों पर भी चर्चा

बैठक में आगामी विद्यापति राजकीय महोत्सव को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं और आगंतुकों की संभावित भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर की व्यवस्था दुरुस्त रखने, साफ-सफाई, सजावट, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा संबंधी इंतजामों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई गई। समिति के सदस्यों ने आपसी समन्वय के साथ तैयारियों को समय पर पूरा करने पर बल दिया। एसडीओ सह न्यास समिति के अध्यक्ष किशन कुमार ने कहा कि मंदिर न्यास समिति की आय-व्यय व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना जरूरी है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और परिसर की व्यवस्था को सुचारु रखना समिति की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सदस्यों से विकास योजनाओं को आपसी समन्वय के साथ आगे बढ़ाने तथा बैठक में लिए गए प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से लागू करने की अपील की।

उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर की आय का उपयोग आवश्यक विकास कार्यों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाना चाहिए। इसके लिए खर्चों की नियमित समीक्षा और व्यवस्थाओं की निगरानी आवश्यक है। बैठक में न्यास समिति के उपाध्यक्ष मणिकांत सिंह, सचिव नवीन कुमार गिरि, कोषाध्यक्ष रत्न शंकर भारद्वाज, धर्मराज चैतन्य, हरिओम गिरि, संजय कुमार ठाकुर, दीनदयाल गिरि, प्रवीण गिरि, कैलाश पासवान, रजनीश कुमार सहित प्रधान लिपिक मनोरंजन कुमार उपस्थित थे। मंदिर न्यास समिति की इस बैठक को विद्यापतिधाम मंदिर की वित्तीय व्यवस्था को व्यवस्थित रखने, विकास कार्यों को गति देने और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष कैंप आज से

15 और 16 अक्टूबर को जिले के सभी 10 विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर लगेंगे शिविर, बीएलओ प्रपत्र 6, 7 और 8 के साथ रहेंगे उपस्थित

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। विशेष गहन पुनरीक्षण के उपरांत मतदाता सूची में छूटे हुए निर्वाचकों के नाम जोड़ने, नाम हटाने और मतदाता विवरण में संशोधन कराने के लिए समस्तीपुर जिले में गुरुवार से दो दिवसीय विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में 15 और 16 अक्टूबर 2026 को जिले के सभी दस विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रों पर इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन करना तथा पात्र मतदाताओं को सूची में अपना नाम दर्ज कराने और आवश्यक सुधार कराने का अवसर उपलब्ध कराना है। इसके तहत जिन पात्र नागरिकों का नाम विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है, वे निर्धारित शिविर में पहुंचकर नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा मतदाता सूची से नाम विलोपित कराने तथा नाम, पता सहित अन्य विवरणों में त्रुटि सुधार के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे।

प्रपत्र 6, 7 और 8 के साथ मौजूद रहेंगे बीएलओ

प्रशासन की ओर से सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को आवश्यक प्रपत्रों के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। बीएलओ के पास प्रपत्र 6, 7 और 8 उपलब्ध रहेंगे। मतदाता नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6, नाम विलोपन के लिए प्रपत्र 7 तथा मतदाता विवरण में संशोधन और नियमानुसार अन्य सुधार के लिए प्रपत्र 8 के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

अधिकारियों को सौंपी गई निगरानी की जिम्मेदारी

विशेष कैंप के सफल संचालन और पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कार्य का अनुश्रवण सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्तर पर उप विकास आयुक्त, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और भूमि सुधार उप समाहर्ता करेंगे। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं। पात्र नागरिक अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन या संशोधन से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराएं, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाया जा सके।

दस में पांच लाइट एक दिन भी नहीं जल

समस्तीपुर (दैनिक नवसंदेश)। विद्यापतिनगर प्रखंड की सिमरी पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइटों की खराब स्थिति को लेकर पंचायत की मुखिया देवंती देवी ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पंचायत में लगाई गई सोलर स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्ता की जांच कराने, खराब लाइटों की मरम्मत करवाने और उन्हें जल्द चालू कराने का अनुरोध किया है। मुखिया की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पंचायत स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों में रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुल दस सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं।

मुखिया देवंती देवी के दरवाजे पर राबिश और ईंट के टुकड़े गिराकर रास्ता अवरुद्ध करने का मामला

विद्यापतिनगर एनएसबी । प्रखंड के सिमरी पंचायत की मुखिया देवंती देवी के दरवाजे पर राबिश और ईंट के टुकड़े गिराकर रास्ता अवरुद्ध करने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार की रात की बताई जा रही है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। बाद में आपसी विवाद से जुड़े पक्ष के लोगों ने ही मलबा हटाने की बात कही, जिसके बाद चौकीदार की देखरेख में रास्ते से राबिश और ईंट के टुकड़े हटाए गए। जानकारी के अनुसार, मुखिया देवंती देवी के दरवाजे के गेट के सामने रात में कथित तौर पर चार-पांच ट्रैक्टर चिमनी का राबिश और ईंट के टुकड़े गिरा दिए गए। इससे रास्ता अवरुद्ध हो गया। बुधवार सुबह जब परिवार के लोगों ने रास्ते पर मलबा जमा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई और कार्रवाई की मांग की गई। इस संबंध में मुखिया के पुत्र एवं जदयू नेता विजय कुमार ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सूरज कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने रास्ता अवरुद्ध किए जाने की परिस्थितियों की जानकारी ली तथा संबंधित लोगों से पूछताछ की। बताया जाता है कि मामले की जांच के दौरान संबंधित पक्ष के लोगों ने रास्ते पर गिराए गए राबिश और ईंट के टुकड़ों को हटाने की बात कही। इसके बाद चौकीदार संतोष कुमार उर्फ बबलू की देखरेख में मलबा हटाया गया और रास्ता साफ कराया गया। घटना को लेकर पंचायत में दिनभर चर्चा होती रही। हालांकि, रास्ता अवरुद्ध करने के पीछे का वास्तविक कारण और इसमें शामिल लोगों की भूमिका जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

विद्यापतिनगर/एनएसबी। थाना क्षेत्र में सशस्त्र बल के साथ वाहन जांच के दौरान पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल पर गलत नंबर प्लेट लगाकर चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, 13 अक्टूबर 2026 को करीब 10:20 बजे विद्यापतिनगर थाना में पदस्थापित पीटीसी रविंद्र सिंह सशस्त्र बल के साथ दिवा गश्ती पर निकले थे। गश्ती के दौरान शाम करीब चार बजे शेरपुर बिहारी स्थान के समीप एनएच-122 (बी) पर वाहन जांच की जा रही थी। इसी क्रम में काला-लाल रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक को रोककर पूछताछ की गई।

शारदीय नवरात्र के आराधना में डूबा समस्तीपुर, चहुंओर गूंज रहे जयकारे

मंदिरों से लेकर पूजा-पंडालों तक भक्तिमय माहौल, सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु

घंटा-घड़ियाल, शंखनाद और दुर्गा सप्तशती के पाठ से आध्यात्मिक हुआ वातावरण, घरों में भी हो रहे धार्मिक अनुष्ठान

समस्तीपुर कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन बुधवार को पूरा समस्तीपुर जिला मां दुर्गा की भक्ति और आराधना में डूबा रहा। मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों और विभिन्न पूजा स्थलों पर भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई। मां के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव के साथ पहुंचे। मंदिरों में घंटा-घड़ियाल की गूंज, शंखनाद, मंत्रोच्चार और मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक नवरात्र की उमंग और धार्मिक उत्साह दिखाई दिया।

नवरात्र के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। भक्तों ने मां को पुष्प, अक्षत, रोली, चंदन, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित कर विधि-विधान से पूजा की। कई घरों में सुबह से ही पूजा-पाठ, दुर्गा सप्तशती का पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश झुकाकर जीवन की परेशानियों को दूर करने और परिवार पर सुख-समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

मां कुष्मांडा की पूजा का विशेष महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की आराधना की जाती है। मां चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित रहता है, इसी कारण उन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। उनका स्वरूप शक्ति, साहस, पराक्रम और निर्भयता का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि मां चंद्रघंटा की आराधना से भक्तों के मन में साहस और आत्मविश्वास का संचार होता है तथा नकारात्मक विचारों से मुक्ति मिलती है।

धार्मिक आस्था के अनुसार, मां चंद्रघंटा अपने भक्तों की रक्षा करती हैं और उन्हें विपरीत परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करती हैं। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालु नवरात्र के तीसरे दिन विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। पूजा के दौरान भक्तों ने मां से परिवार, समाज और देश में शांति, सद्भाव तथा खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की।

मंदिरों और पूजा स्थलों पर बढ़ी चहल-पहल

शारदीय नवरात्र को लेकर जिले के विभिन्न मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सुबह और शाम के समय पूजा-अर्चना तथा आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आरती के दौरान सामूहिक रूप से मां दुर्गा की स्तुति की जा रही है। मंदिर परिसरों में धार्मिक गतिविधियों के कारण माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक बना हुआ है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवरात्र का उत्साह कम नहीं है। गांवों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं और पूजा स्थलों पर स्थानीय श्रद्धालु एकत्र होकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। पूजा समितियों के सदस्य धार्मिक आयोजनों की तैयारी में जुटे हैं। कई स्थानों पर पंडालों को आकर्षक रूप देने के लिए सजावट और रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। नवरात्र के आगामी दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

पूजा-पंडालों की सजावट बढ़ा रही आकर्षण

जिले में शारदीय नवरात्र के साथ ही दुर्गा पूजा की रौनक बढ़ने लगी है। विभिन्न पूजा समितियां पंडालों की सजावट, रोशनी और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में जुटी हैं। आकर्षक सजावट और धार्मिक वातावरण लोगों के बीच उत्सुकता बढ़ा रहा है। पूजा स्थलों पर मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां भी की जा रही हैं।

पूजा समितियों के लिए नवरात्र केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता और आपसी सद्भाव का अवसर भी है। स्थानीय लोग मिलकर पूजा की व्यवस्था में सहयोग कर रहे हैं। इससे गांवों और मोहल्लों में सामूहिकता तथा उत्सव का माहौल बन रहा है।

बाजारों में भी दिख रहा नवरात्र का असर

नवरात्र के कारण बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। पूजा सामग्री, फल-फूल, नारियल, चुनरी, अगरबत्ती, धूप और प्रसाद की दुकानों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही देखी जा रही है। लोग अपनी श्रद्धा और परंपरा के अनुसार पूजा की सामग्री खरीद रहे हैं। पूजा-पाठ के लिए आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी के कारण बाजारों में धार्मिक उत्सव का रंग दिखाई दे रहा है।

घरों में भी नवरात्र को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालु नियमित रूप से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। व्रत रखने वाले भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना में लीन हैं। सुबह-शाम दीप जलाकर मां की आरती की जा रही है। परिवार के सदस्य एक साथ पूजा में शामिल होकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

आस्था, शक्ति और भक्ति का पर्व है नवरात्र

शारदीय नवरात्र भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व शक्ति की उपासना, बुराई पर अच्छाई की विजय और आत्मिक शुद्धि का संदेश देता है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाती है। प्रत्येक दिन मां के एक विशेष स्वरूप की आराधना का विधान है। नवरात्र के दौरान श्रद्धालु संयम, साधना, सेवा और भक्ति के माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।

समस्तीपुर में भी नवरात्र के तीसरे दिन यही धार्मिक उत्साह देखने को मिला। मां चंद्रघंटा की आराधना के साथ श्रद्धालुओं ने अपने जीवन में सुख, शांति और सकारात्मकता की कामना की। मंदिरों से लेकर घरों तक पूजा-पाठ का सिलसिला जारी रहा। मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा और पूरा जिला भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

नवरात्र के आगामी दिनों में पूजा-पंडालों की रौनक और बढ़ने के साथ ही दुर्गा पूजा का उत्साह भी चरम पर पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालु मां दुर्गा के अगले स्वरूपों की पूजा-अर्चना के लिए उत्साहित हैं। चारों ओर गूंज रहे जयकारे और धार्मिक अनुष्ठान इस बात का एहसास करा रहे हैं कि समस्तीपुर में शारदीय नवरात्र का पर्व पूरी श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

राज्य स्तरीय अंडर 14 बालक बालिका रग्बी खेल खेल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

अरवल (एनएसबी)। राज्यस्तरीय अंडर-14 बालक-बालिका रग्बी खेल प्रतियोगिता का गांधी मैदान में भव्य उद्घाटन किया गया।गांधी मैदान में राज्यस्तरीय अंडर-14 बालक एवं बालिका रग्बी खेल प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य उ द्घाटन जिलाधिकारी उप विकास आयुक्त एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। तीन दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता में बिहार राज्य के सभी नौ प्रमंडलों की अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें तथा एकलव्य केंद्र के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य में रग्बी खेल को बढ़ावा देना, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना तथा राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान करना है। उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों, तकनीकी पदाधिकारियों एवं उपस्थित अतिथियों ने खेल भावना, अनुशासन, आपसी सहयोग तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा खेल मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पूरे मनोयोग, आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा नियुक्त संबंधित पदाधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों की देखरेख में निर्धारित नियमों के अनुसार मैचों का संचालन किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन, खेल कौशल, तकनीकी दक्षता, अनुशासन एवं टीम भावना का आकलन किया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं टीमों को निर्धारित चयन प्रक्रिया के अनुरूप चयनित किया जाएगा, ताकि वे राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व कर सकें। इस आयोजन के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों से आए युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, अन्य खिलाड़ियों से सीखने तथा प्रतिस्पर्धात्मक खेल का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं कम उम्र में खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचानने, उनमें आत्मविश्वास विकसित करने तथा भविष्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जिला प्रशासन, अरवल द्वारा प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भोजन एवं जलपान, स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सहायता सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया गया है। खिलाड़ियों एवं उनके साथ आए दल के सदस्यों से निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने, अनुशासन बनाए रखने तथा संबंधित अधिकारियों के निदेशों के अनुरूप गतिविधियों में भाग लेने की अपील की गई है। उद्घाटन एवं आयोजन समारोह में विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी, टीम प्रभारी, प्रशिक्षक, रग्बी खेल के तकनीकी पदाधिकारी, खेल विभाग के प्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति तथा मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला प्रशासन, अरवल को विश्वास है कि यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने, बिहार में रग्बी खेल के विकास को गति देने तथा राष्ट्रीय स्तर पर राज्य की खेल उपलब्धियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।



उद्घाटन करते डीएम।

संक्षिप्त खबरें

डोभी में पॉक्सो एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

डोभी (एनएसबी)। डोभी थाना क्षेत्र में पॉक्सो एक्ट के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान करमौनी पंचायत के पड़री गांव निवासी अमर साव और उदय यादव के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ डोभी थाना कांड संख्या 146/26 दर्ज है। इस मामले में डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पॉक्सो एक्ट के मामले में दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेज दिया गया है।

टिकारी में 18 वर्षीय युवक ने आत्महत्या किया

टिकारी (एनएसबी)। पंचानपुर थाना क्षेत्र शोहरबिगहा गांव में बबलू यादव के अठारह वर्षीय पुत्र गौरव कुमार उर्फ मुस्कान ने आत्म कर लिया। पंचानपुर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया किपेड़ में लटका हुआ था आत्म हत्या का कारण कुछ पता नहीं चल रहा है ऐसे पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी भेजा गया है और जांच जारी है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि आपसी विवाद के कारण मुस्कान फांसी पर चढ़ गया।

नगर पुलिस अधीक्षक में आमजनों की शिकायतें सुनी

गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो) दिनांक 14.10.2026 को नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई। जिसमें फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। नगर पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

गया पुलिस ने राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली का किया स्वागत

गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो) । बुधवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2026 के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली के त्रिपुरा से प्रस्थान कर असम, पश्चिम बंगाल एवं झारखंड होते हुए गया जिला पहुँचने पर गया पुलिस द्वारा रैली में शामिल प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, गया स्वयं उपस्थित रहे तथा रैली में शामिल प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उनके सुरक्षित एवं सुगम आवागमन को सुनिश्चित किया। साथ ही, रैली के सुचारु संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। रैली के निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विभिन्न स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। गया पुलिस द्वारा रैली के सुरक्षित आवागमन एवं प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। यह रैली राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने तथा देशवासियों में एकता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

टिकारी में दुर्गा पूजा पंडालों का अग्निशमन विभाग ने लिया जायेजा



टिकारी। शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर टिकारी अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड में है। अग्निशाम पदाधिकारी संजय प्रसाद सिंह के नेतृत्व में विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया जा रहा है। अग्निशाम पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह, संजय प्रसाद सिंह ने बताया कि पूजा पंडालों में आग से बचाव को लेकर जांच की जा रही है। पंडालों में अग्निशमन यंत्र, बिजली के तारों की व्यवस्था और निकास द्वार की जांच की जा रही है। इस दौरान कुनील कुमार के द्वारा प्रोजेक्टर और पम्पलेट-पत्र के माध्यम से लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। उन्होंने पंडाल आयोजकों से अपील की है कि पंडाल में अग्निशमन के मानकों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित करें।

डीएम के निर्देश पर टेरी पंचायत में विशेष राजस्व शिविर

मेहंदिया (एनएसबी) जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के टेरी पंचायत सरकार भवन पर विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की राजस्व से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करना, लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाना तथा राजस्व प्रशासन से संबंधित सेवाओं को आम जनता के लिए सुलभ बनाना था।विशेष राजस्व शिविर में ग्रामीणों से विभिन्न प्रकार के राजस्व मामलों से संबंधित आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त की गईं। इसमें मुख्य रूप से दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदन, लंबित परिमार्जन, राजस्व अभिलेखों में दर्ज त्रुटियों के सुधार, भूमि विवाद एवं जमाबंदी से संबंधित शिकायतें, लगान एवं राजस्व भुगतान में आ रही समस्याएं, भूमि सीमांकन से संबंधित आवेदन तथा अन्य राजस्व संबंधी मामले शामिल थे।शिविर के दौरान कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 19 आवेदनों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जबकि 96 आवेदनों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित रखा गया है। प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की समीक्षा करते हुए निष्पादन योग्य मामलों का तुरंत निष्पादन किया गया। अंचलाधिकारी उत्तम राहुल ने बताया कि जिन मामलों में अतिरिक्त जांच, अभिलेखों के सत्यापन अथवा अन्य प्रक्रियात्मक कार्रवाई की आवश्यकता थी, उनका नियमानुसार निष्पादन किया जाएगा।अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान घर के करीब हो रहा है और मामलों का पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है।



हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

मेहंदिया (एनएसबी) सूखे नशे के बढ़ते चलन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में परासी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम बल्लोपुर स्थित एक बगीचे में छापेमारी कर 4.5 ग्राम हेरोइन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में मादक पदार्थों के कारोबार को लेकर चर्चा तेज हो गई है। एक ही गांव के तीन युवकों की गिरफ्तारी को लेकर भी स्थानीय स्तर पर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, परासी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बल्लोपुर गांव स्थित एक बगीचे में कुछ लोग मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 4.5 ग्राम हेरोइन बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई को सूखे नशे के खिलाफ अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। वलिदाद गांव के रहने वाले हैं तीनों गिरफ्तार युवक गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मेहंदिया थाना क्षेत्र के वलिदाद गांव निवासी सुनील कुमार (26 वर्ष), , शशि भूषण (33 वर्ष),तथा अमन कुमार (23 वर्ष), के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों को विधिवत गिरफ्तार किया है। बल्लोपुर के एक बगीचे से हेरोइन की बरामदगी और तीन लोगों की गिरफ्तारी के बाद इस मामले को लेकर इलाके में चर्चा हो रही है। सूखे नशे के खिलाफ लगातार जारी है कार्रवाई इस संबंध में परासी थानाध्यक्ष मोहम्मद सेराज ने बताया कि सूखे नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि बल्लोपुर गांव स्थित एक बगीचे में छापेमारी के दौरान 4.5 ग्राम हेरोइन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के तत्वावधान में संयुक्त श्रम भवन, गया में चार नए श्रम संहिताओं 1- वेतन संहिता, 2019, 2- औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, 3- सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 एवं 4- व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता, 2020 पर दिनांक- 14-10-2026 को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन अपर समाहर्ता कुमार पंकज, रीजनल प्रॉविडेंट कमिश्नर कृष्ण कुमार राय, श्रीमती पूनम कुमारी, उप श्रमायुक्त, गया, श्री ऋतुराज, सहायक श्रमायुक्त, गया, मोहम्मद हनीस, फैक्ट्री इंस्पेक्टर, गया, ईएसआई कार्यालय से ओम प्रकाश, मनोज कुमार तथा ईपीएफओ कार्यालय से प्रभात कुमार, श्री नेहल अख्तर द्वारा दीप प्रज्वलित संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों, नियोजकों अधिकारियों को नई श्रम संहिताओं के प्रावधानों, उद्देश्यों तथा उनके प्रभावों से अवगत कराना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा नई श्रम संहिताओं के प्रमुख प्रावधानों, श्रमिकों के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा, वेतन संबंधी नियमों, औद्योगिक संबंधों तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को श्रम कानूनों के प्रभाव, क्रियान्वयन तथा संबंधित नियमों के अनुपालन के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया तथा श्रम कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर समाहर्ता श्री कुमार पंकज ने किया। उन्होंने सभी नियोजकों से अपील किया कि नए लेबर कोड के प्रावधानों से वो अपने कर्मीध्श्रमिक को अवगत कराएं। तदोपरांत इसकी जानकारी श्रम विभाग के पदाधिकारी को भी देना सुनिश्चित करें। इसके लिए श्रम विभाग के पदाधिकारी निरीक्षण का भी कार्य करेंगे। सहायक श्रमायुक्त, गया द्वारा कोड ऑन-वेज पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस आयोजन में श्रम विभाग के सभी प्रखंड से श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों, मजदूर संघ के प्रतिनिधियों, एंजिओ के प्रतिनिधियों एवं शहर के प्रमुख नियोजक यथा प्रमोद लड्डू भंडार के मैनेजर, शाकंभरी के नियोजक एवं श्रमिक, रिलायंस के नियोजक एवं श्रमिक, सुधा डेयरी के प्रतिनिधि, पोलदार संघ के सदस्यगण एवं दया इंजीनियरिंग से प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

नगर निगम, गयाजी ने प्रसिद्ध पितृपक्ष महासंगम 2026 के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में किया सम्मान समारोह सह भोज का आयोजन



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। दिनांक 14.10.2026 को नगर निगम, गयाजी द्वारा पितृपक्ष महासंगम-2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के उपलक्ष्य में हरिदास सेमिनरी स्कूल के प्रेक्षा गृह में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा मेले के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह में नगर पुलिस अधीक्षक, गया सहित नगर निगम, गया के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पितृपक्ष महासंगम-2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा मेले के सुचारु संचालन में सभी संबंधित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं सहयोगियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गई। सभी के आपसी समन्वय, सहयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा से पितृपक्ष महासंगम-2026 का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर गणेश पासवान, पूर्व उपमहापौर सह नगर निगम गयाजी के स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य अखोरी ओंकार उर्फ मोहन श्रीवास्तव, नगर आयुक्त डा. गगन ने इस मेले में नगर निगम गयाजी के अधिकारियों, कर्मियों तथा एनजीओ के प्रतिनिधियो जिन्होंने इस मेले में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और

जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की हुई बैठक

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित सभा कक्ष में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में भूमि की विभिन्न श्रेणियों के वर्गीकरण, न्यूनतम मूल्यांकन दर (एमवीआर) के निर्धारण तथा संबंधित विभागीय अधिसूचनाओं के आलोक में आवश्यक निर्णयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए जिला अवर निबंधक, राजस्व पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिला अवर निबंधक द्वारा बिहार स्टाम्प (लिखत का न्यून मूल्यांकन निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2026 से संबंधित मध निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की अधिसूचना संख्या के प्रावधानों से समिति को अवगत कराया गया। इसके साथ ही विभागीय अधिसूचनाओं के आलोक में जिले की वर्तमान न्यूनतम मूल्यांकन मार्गदर्शक पंजी (एमवीआर) की समीक्षा की गई। बैठक में भूमि का वर्गीकरण ग्रामीण एवं परिफेरल क्षेत्र तथा शहरी एवं महानगरीय क्षेत्र के लिए निर्धारित श्रेणियों के अनुरूप करने पर विचार-विमर्श किया गया। ग्रामीण एवं परिफेरल क्षेत्र में व्यावसायिक, औद्योगिक, आवासीय भूमि तथा उच्च मार्ग एवं मुख्य सड़कों के दोनों तरफ की भूमि जैसी श्रेणियों पर चर्चा की गई। वहीं शहरी एवं महानगरीय क्षेत्रों में प्रधान सड़क, मुख्य सड़क एवं शाखा सड़क से संबंधित व्यावसायिक या आवासीय भूमि, औद्योगिक भूमि तथा अन्य निर्धारित श्रेणियों के वर्गीकरण पर विचार किया गया। समिति ने वर्तमान एमवीआर पंजी में विभिन्न क्षेत्रों एवं भूमि की श्रेणियों के लिए निर्धारित दरों की समीक्षा करते हुए राजस्व हितों को ध्यान में रखकर आवश्यक निर्णय लिए। बैठक में ग्रामीण एवं परिफेरल क्षेत्रों में व्यावसायिक भूमि की वर्तमान निर्धारित दर को यथावत रखने तथा औद्योगिक भूमि की श्रेणी को वर्तमान में प्रभावी व्यावसायिक श्रेणी की दर के समतुल्य मानते हुए प्रस्तावित प्राक्कलित न्यूनतम मूल्यांकन मार्गदर्शक पंजी में सम्मिलित करने संबंधी निर्णय पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त आवासीय भूमि, सिंचित एवं असिंचित भूमि, अनुपजाऊ भूमि तथा अन्य सड़क एवं कृषि/गैर-आवासीय भूमि की श्रेणियों के निर्धारण से संबंधित प्रावधानों की भी समीक्षा की गई।


बैठक करते डीएम।

बोधगया में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए डॉ. प्रेम कुमार ने की प्रशासनिक बैठक


नरीक्षण करते सिविल सर्जन

बोधगया (एनएसबी)। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को बोधगया अतिथि गृह में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की जनसुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं पर्यटन विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की। बैठक में एडीएम, डीएसपी, थानाध्यक्ष, बीडीओ, ट्रैफिक थानाध्यक्ष, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बोधगया ज्ञान, शांति और आध्यात्मिकता की अंतरराष्ट्रीय पहचान रखने वाली पावन भूमि है। यहां सालों भर देश-विदेश से पर्यटकों और श्रद्धालुओं का आगमन होता है। ऐसे में बोधगया में सड़क, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा, यातायात, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी जनसुविधाओं का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम नागरिकों के साथ-साथ पर्यटकों और श्रद्धालुओं को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्परता से कार्य करें। बैठक के दौरान बोधगया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक ने अस्पताल की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि वर्तमान में प्रखंड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त भवन, ओपीडी के लिए अलग कमरों, महिला चिकित्सक और अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन हेतु ऑपरेटर की आवश्यकता है। नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शहर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ पुरानी लाइटों का रखरखाव एवं मरम्मत कराई जाए। वर्तमान में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए, ताकि शहर में रोशनी की समुचित व्यवस्था बनी रहे। बोधगया कॉरिडोर परियोजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने पर्यटन विभाग के प्रबंध निदेशक से फोन पर बातचीत कर अद्यतन जानकारी प्राप्त की। प्रबंध निदेशक ने बताया कि कॉरिडोर का प्री-प्रीपरेशन रिपोर्ट (पीपीआर) सरकार को सौंप दिया गया है। विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) सौंपे जाने के बाद परियोजना को कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने बोधगया में भूमिगत केबलिंग की व्यवस्था विकसित करने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने एयरपोर्ट से राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए महाबोधि मंदिर तक हरियाली विकसित करने की दिशा में भी आवश्यक पहल करने की बात कही, ताकि बोधगया को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

नोडवन की क्षतिग्रस्त सड़कों का किया निरीक्षण : बैठक के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने बोधगया प्रखंड के नोडवन क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों का स्थल निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया, ताकि स्थानीय लोगों के आवागमन में होने वाली परेशानी दूर हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने दोमुहान से बोधगया मंदिर तक के मार्ग में वेंडिंग जोन और पार्किंग स्थलों की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपयुक्त स्थानों को चिह्नित कर व्यवस्थित वेंडिंग जोन एवं पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे सड़क पर अतिक्रमण और यातायात संबंधी समस्याओं को कम किया जा सके।

कोंच में मोबाइल छीनकर भाग रहे दो झपटमार धराए

टिकारी। कोंच थाना क्षेत्र के रौना-सोनडीहा मार्ग पर मोबाइल छीनकर भाग रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवकों के पास से तीन मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी अनिल मांझी (35) ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर बताया है कि वह घर से रौना बाजार जा रहे थे। रास्ते में मोबाइल पर बात करते हुए वह सूर्य मंदिर के पास पहुंचे, तभी पीछे से काली मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उनका पोको कंपनी का मोबाइल झपट लिया और रौना की ओर भाग गए। पीड़ित के शोर मचाने पर रौना मोड़ पर लोगों ने बताया कि बाइक सवार अहियापुर की ओर गए हैं। अनिल ने अपने परिचितों को फोन किया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अहियापुर में दोनों को घेरकर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी ली तो तीन मोबाइल बरामद हुए, जिसमें एक अनिल का था

नाव हादसे में मृत 13 बच्चों के परिजनों से मिले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, घायलों का भी जाना हाल

पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का भरोसा, बोले—हृदयविदारक घटना ने झकझोर कर रख दिया

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत राघोपुर प्रखंड के रामपुर श्यामचंद गांव में हुए दर्दनाक नाव हादसे में जान गंवाने वाले 13 बच्चों के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और इस असहनीय दुख की घड़ी में हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

मंगलवार देर रात रामपुर श्यामचंद गांव के 16 लोग नाव पर सवार होकर भोज खाने जा रहे थे। इसी दौरान नाव डूबने से बड़ा हादसा हो गया, जिसमें 13 मासूम बच्चों एवं बच्चियों की दुखद मृत्यु हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए एनएमसीएच में भर्ती कराया गया था। एक ही गांव के इतने बच्चों की असमय मृत्यु से पूरे इलाके में शोक की लहर व्याप्त है। गांव में मातम पसरा हुआ है और मृत बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



हादसे की खबर मिलने के बाद से ही केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान लगातार दूरभाष के माध्यम से घटनास्थल की स्थिति एवं राहत-बचाव कार्यों की जानकारी लेते रहे। आज कैबिनेट की बैठक छोड़कर केंद्रीय मंत्री स्वयं रामपुर श्यामचंद गांव पहुंचे और हादसे में जान गंवाने वाले सभी बच्चों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि अपने मासूम बच्चों को खोने का दुख शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह घटना अत्यंत हृदयविदारक है और इसने सभी को भीतर तक झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में वे और उनकी पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। केंद्रीय मंत्री ने पार्टी की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं को पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहकर उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया।

रामपुर श्यामचंद गांव में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने के बाद केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान एनएमसीएच पहुंचे, जहां उन्होंने हादसे में घायल लोगों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से घायलों के इलाज की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान बिहार सरकार के माननीय गन्ना उद्योग मंत्री श्री संजय पासवान, माननीय लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री संजय सिंह एवं विधान पार्षद जनाब अशरफ अंसारी भी मौजूद रहे।

राघोपुर में नाव दुर्घटना पर लापरवाही के मामले में दो अधिकारियों का वेतन रोक मांगा गया स्पष्टीकरण

जर्जर नौका पलटने से 13 बच्चों की हुई मौत



हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। गत रात्रि वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र में एक नौका के डूब जाने कुल 13 बच्चे की डूबने से मौत हो गई,जिनमें 9 बच्चियां एवं 4 बच्चे शामिल हैं। दुर्घटना के बाद 6 लोगों को रेस्क्यू कर बेहतर इलाज के लिए एनएमसीएच, पटना भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना के संबंध में जिला पदाधिकारी ने रात्रि के समय निजीनाव के परिचालन को गंभीरता से लेते हुए राघोपुर के अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण की मांग की है। साथ ही, अगले आदेश तक दोनों अधिकारियों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह और एसएसपी शुभांक मिश्रा, एसडीपीओ सुबोध कुमार सहित अन्य घटनास्थल पर पहुंचे। जिला प्रशासन द्वारा मृतकों के आश्रित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार को आपदा के तहत अनुग्रह अनुदान के रूप में 4-4 लाख रुपये तथा कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत 3-3 हजार रुपये की राशि उपलब्ध करा दी गई । इसके अतिरिक्त सभी मृतकों के अभिभावकों को 20-20 हजार रुपए की राशि" मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना " के अंतर्गत प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रत्येक मृतक के परिवार जनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए तथा इलाजरत प्रत्येक व्यक्ति को 50-50 हजार रूपए की राशि देने की घोषणा की गई है।

राघोपुर नाव हादसा में 13 मासूमों की मौत पर जिम्मेदारी तय हो, दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा न जाए : पप्पू यादव



हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। राघोपुर में नाव हादसे में 13 बच्चों की दर्दनाक मौत की हृदयविदारक घटना के बाद पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव राघोपुर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द साझा किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी और अपनी ओर से प्रत्येक पीड़ित परिवार को ₹10 हजार की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की। इस घटना को लेकर पप्पू यादव ने बिहार सरकार और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मासूम बच्चों की मौत के बाद केवल शोक व्यक्त कर देने से सरकार की जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती। सवाल यह है कि आखिर ऐसी परिस्थितियां क्यों बनीं, सुरक्षा व्यवस्था कहां थी और इस दर्दनाक हादसे के लिए जवाबदेही किसकी है?

उन्होंने राज्य सरकार से प्रत्येक मृतक बच्चे के परिजन को ₹20-20 लाख रुपये का मुआवजा देने तथा पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने की मांग की। पप्पू यादव ने राज्यपाल से मुलाकात कर राघोपुर नाव हादसे की पूरी जानकारी दी और मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि 13 बच्चों की मौत कोई सामान्य घटना नहीं है। इस त्रासदी के हर पहलू की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि हादसे के पीछे संभावित प्रशासनिक लापरवाही, सुरक्षा व्यवस्था में चूक और आपदा प्रबंधन की तैयारियों की जांच कराई जाए। यदि किसी अधिकारी या पदाधिकारी की लापरवाही प्रमाणित होती है, तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की । पप्पू यादव ने पीड़ित परिवारों के प्रति मानवीय पहल करते हुए घोषणा की कि हादसे से प्रभावित परिवारों की बच्चियों की शादी का पूरा खर्च वह स्वयं उठाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवारों को न्याय और सहायता दिलाने के लिए उनकी आवाज लगातार उठाई जाती रहेगी।

पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता, प्रभावित परिवारों की बच्चियों की शादी का पूरा खर्च उठाने का ऐलान।

पप्पू यादव ने कहा कि 13 मासूम बच्चों की मौत को केवल एक हादसा मानकर भुलाया नहीं जा सकता। सरकार को जवाब देना होगा कि सुरक्षा व्यवस्था में कहां चूक हुई और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे।इस दौरान पिंटू यादव, रवि यादव, राजाराम राय, दिलीप कुमार, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, मनीष कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



घटनास्थल पर उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र यादव के साथ रामकृपाल यादव व अन्य।



पीड़ित परिजनों से मिलते केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय।

रामपुर श्यामचंद गांव में तीन परिवार से 13 बच्चों की मौत पर पसरा मातम

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। वैशाली के राघोपुर में गत रात बड़ा नाव हादसा हुआ जिसमे 13 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई ।राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के रामपुर श्यामचंद गांव के पास नाव पलट जाने से यह हादसा हुआ। सभी बच्चे एक ही गांव के है जो नाव से भोज खाने जा रहे थे।सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि एक ही परिवार के 7 बच्चों की मौत हो गई है।रामपुर श्यामचंद गांव के रामप्रवेश राय उर्फ राजा के परिवार के 7 बच्चे इस हादसे का शिकार हुए है।घटना की सूचना मिलते ही डीएम एसपी सहित तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन घटना को लेकर लोगो मे आक्रोश था और आक्रोशित लोगों ने डीएम का जमकर विरोध किया।लोगो का आरोप है कि नाव पुराना और जर्जर था जिसे बदलने के लिए ग्रामीणों ने बार बार आवेदन दिया लेकिन नाव नहीं बदली गई जिसका नतीजा है कि इस तरह का हादसा हुआ है।ग्रामीणों की मांग है कि सीओ पर हत्या का केस दर्ज होना चाहिए।साथ ही लोगो ने बताया कि अस्पताल में एक ही डॉक्टर मौजूद थे और एम्बुलेंस भी नहीं था।इतना ही नहीं अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर और वेंटिलेटर की भी सुविधा नहीं थी जिस कारण लोगो ने डीएम का जमकर विरोध किया और डीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नाव हादसे के बाद सुबह सभी मृत बच्चों के शव को प्रशासन ने परिजनों के हवाले कर दिया जिसके बाद बच्चों के अंतिम संस्कार किया गय। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को चार चार लाख का चेक और कबीर अंत्येष्टि योजना से तीन तीन हजार रुपया दिया जिसके बाद परिजन शव ले गए। राघोपुर प्रखंड क्षेत्र का रामपुर श्यामचंद गांव में कोहराम मच गया क्योंकि इस गांव तीन घर के 13

जर्जर नौका के परिचालन पर उठे कई अनुत्तरित सवाल



बच्चों की मौत इस हादसे में हो गई है।सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि सभी बच्चे एक ही परिवार से है। तीनों परिवार आपस मे गोतिया है और जहाँ सभी बच्चे श्राद्ध कर्म का भोज खाने नाव से जा रहे थे वह भी गोतिया ही है।बता दे कि रामप्रवेश राय के घर मे 7 जबकि राजकिशोर राय के घर से 5 और डोमन राय के घर की एक बच्ची की मौत हुई है।दो बच्ची की उम्र 18 साल के आस पास है जबकि बाकी बच्चों की उम्र 15 साल के नीचे है और मृतकों में लड़कियों की संख्या अधिक है। सिदाहिन राय के दिव्यांग बेटी की मौत हुई थी जिसके श्राद्ध का भोज खाने के लिए ही बच्चे नाव से निकले थे।भोज खाकर लौट के दौरान यह हादसा हुआ ।बताया जाता है कि लगभग 3 वर्ष पुरानी छोटी नौका काफी जर्जर अवस्था में थी और उसमें कई छेद थे। मिट्टी से उन छेदो को बंद किया गया था। छोटी नौका पर बम उसकी चार-पांच लोगों के ही सवार होने की क्षमता थी लेकिन उसे पर 20 से अधिक लोग सवार हो गए जिस कारण नौका में पानी भर गया और नौका पलट गई। बताया जाता है कि चिमनी संचालकों द्वारा बीच में मिट्टी कटाई के कारण काफी गहरा गड्ढा हो गया था जिसका सभी बच्चे डूब कर दम तोड़ दिए।

प्रशासनिक लापरवाही से नौका दुर्घटना : संजय वर्मा

दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। सर्वजन समाज मंच, बिहार के संयोजक श्री संजय वर्मा ने राघोपुर प्रखंड के रामपुर श्यामचंद पंचायत में नाव डूबने से 13 बच्चों और बुजुर्गों के दर्दनाक मौत पर गहरा दुःख और संवेदना व्यक्त किया है। श्री वर्मा ने मृतकों के परिजनों से अनुरोध किया है कि इस दुःख के घड़ी में संयत होकर धैर्य बनाए रखें,खासकर रामप्रवेश राय उर्फ राजा के परिवार के 7 बच्चों का एक साथ दर्दनाक मौत ने परिवार को झकझोर दिया है जो अत्यंत दुःखद है। श्री वर्मा ने स्थानीय प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस नाव पर बच्चे और बुजुर्ग सवार थे उस नाव को टूटा हुआ और खराब घोषित कर दिया गया था तो फिर लोग उस नाव पर सवार कैसे हुए? यदि नाव खराब था तो स्थानीय प्रशासन ने उसे नौका परिचालन स्थान (ढाब)से हटाया क्यूं नहीं था ? उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन के लापरवाही और अदूरदर्शिता का परिणाम है राघोपुर के रामपुर श्यामचंद पंचायत में नाव दुर्घटना । श्री वर्मा ने दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

वीर गाथा प्रोजेक्ट के तहत बच्चों ने कविता लेखन और चित्रांकन से दिखाई प्रतिभा

गोरौल(दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर कोरीगांव में वीर गाथा प्रोजेक्ट के तहत कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों ने भारत के वीर सपूतों,सैन्य रणनीतियों और वीरता पुरस्कार विजेताओं की जीवन गाथाओं पर आधारित कविता लेखन एवं चित्रांकन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कविता लेखन प्रतियोगिता में आदित्य राज, सुनीता कुमारी, मनीष कुमार, रागिनी कुमारी सहित अन्य बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं चित्रांकन में लाडली कुमारी और राजकुमार ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।मालूम हो कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल पर प्रत्येक वर्ष विद्यालयों में वीर गाथा प्रोजेक्ट का आयोजन किया जाता है।इसमें कक्षा तीन से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग लेते हैं।इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के वीर सैनिकों वीर सपूतों और वीरता पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों के जीवन, साहस एवं बलिदान से परिचित कराना तथा उनकी प्रेरणादायी गाथाओं का प्रचार-प्रसार करना है।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने कविता लेखन में चयनित आदित्य राज एवं मनीष कुमार तथा चित्रांकन में चयनित राजकुमार एवं लाडली कुमारी को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।विद्यालय में आयोजित इस गतिविधि से बच्चों में देशभक्ति,राष्ट्रीय गौरव और वीर सपूतों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया।



भक्तों ने की कुष्मांडा उपासना, शक्तिपीठ मंदिरों में पूजा अर्चना

तख्त साहिब में चंडी पाठ,मंदिरों में जुट रहे भक्त

पटना सिटी/एनएसबी। शारदीय नवरात्रि में बुधवार को भक्तों ने देवी के चौथे स्वरूप कुष्मांडा की उपासना की. भक्तों की भीड़ शक्तिपीठ बड़ी व छोटी पटनदेवी,अगमकुआं शीतला माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में जुटी. शक्तिपीठ के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि मंगला आरती से ब्रह्म मुहूर्त में भगवती की उपासना हुई. छोटी पटनदेवी के महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी गड़हा पटनदेवी मंदिर, अगमकुआं शीतला माता मदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, सुनील कुमार व जयप्रकाश पुजारी,गड़हा स्थित बड़ी पटनदेवी मंदिर में पुजारी बबलू पांडे की देखरेख में अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से किया . सर्व मंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, काली मंदिर खाजेकलां व मंगल तालाब, पीताम्बरा मंदिर के साथ काले हनुमान मंदिर में पुजारी राजेश मिश्र के साथ अन्य देवी मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान हुई.

गांजा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई, 10 किलो 228 ग्राम गांजा बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। वैशाली पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ के सेवन एवं बिक्री पर रोकथाम तथा तस्करों की गिरफ्तारी हेतु ऑपरेशन नीलकंठ चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सदर थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 10 किलो 228 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। इस मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी शुभांक मिश्रा ने जानकारी दिया कि सदर थाना को मोबाईल के माध्यम से गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के दिग्घी कला पूर्वी स्थित सिद्धि विनायक कॉलोनी, वार्ड संख्या-24 निवासी गुल्लू राय अपने किराये के मकान में गांजा का अवैध कारोबार करता है तथा गांजा छिपाकर रखता है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए दंडाधिकारी की उपस्थिति में गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर छापेमारी की गई। तलाशी के क्रम में अभियुक्त गुल्लू राय के किराये के मकान से लाल रंग के प्लास्टिक में लपेटा हुआ गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ का विधिवत वजन करने पर कुल 10 किलो 228 ग्राम गांजा" पाया गया।इस संबंध में विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए बरामद मादक पदार्थ को जब्त किया गया तथा मौके से गुल्लू राय, उम्र लगभग 36 वर्ष, पिता स्वर्गीय शीतल राय, निवासी ग्राम दिग्घी कला पूर्वी, सिद्धि विनायक कॉलोनी, वार्ड संख्या-24, थाना सदर, जिला वैशाली को गिरफ्तार किया गया एवं पूरे मामले में अभियुक्त की बहन भी मादक पदार्थ तस्करी में गुल्लू राय का सहयोग करती थी। जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है।मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों एवं गांजा के अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क के संबंध में भी जांच की जा रही है।



संक्षिप्त खबरें

दिव्यांग महिला से मारपीट मामले में चार के विरुद्ध प्राथमिकी

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर थाना क्षेत्र के किशनपुरा टोला बगवारी गांव में एक दिव्यांग महिला को मारपीट कर घायल कर दिया और गले से मंगलसूत्र तथा हाथ का कंगन खिंच लिया। घायल महिला मुन्नी राय ने अपने ही बुआ के लड़के सत्यम राय, गुड्डी देवी सहित चार के विरुद्ध स्थानीय थाने में मारपीट एवं चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहीं है कि शाम को अपने खेत देखने गयी थी कि उसी समय उपरोक्त सभी लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और गले से मंगलसूत्र तथा हाथ में पहने कंगन खिंच लिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

धर्मचक में दो पक्षों के बीच मारपीट में तीन घायल

बीडीसी पुत्र सहित 15 के विरुद्ध प्राथमिकी

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के धर्मचक गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। मामले में एक पक्ष की घायल रेहाना खातून और उनके बेटे दिलशाद आलम वहीं दूसरे पक्ष की घायल यासमीन खातून का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में कराया गया। घटना 11 अक्टूबर के दिन की है। मामले में एक पक्ष की घायल रेहाना खातून के आवेदन पर जसीम आलम, यासमीन खातून, अरबाज आलम, चंदा खातून, नौशाद आलम और दो-तीन अज्ञात के विरुद्ध 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वही नहीं देने पर मारपीट करने, केस करने पर जान से मारने की धमकी व नशीली दवाओं की बिक्री करने का आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की घायल यासमीन खातून के आवेदन पर हरपुर पंचायत के बीडीसी के बेटे इजहारुल, एकरामुल, परवेज, रेयाज, रामनवाज सहित सात लोगों के विरुद्ध मारपीट की प्राथमिकी कराई गई है। दोनों पक्षों के आवेदन पर प्राथमिकी करने के बाद पुलिस मामले में जांच कर रही है।

खेत जोतने का विरोध करने पर महिला को पीट कर किया घायल

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के हरपुर बाजार में खेत जोतने का विरोध करने पर गांव के कुछ लोगों ने घर पर अकेली रह रही महिला कलावती देवी को लाठी-डंडे से पीट कर बुरी तरीके से घायल कर दिया। वही उनके गले में पहने मंगलसूत्र को छीन लिया गया। घटना 11 अक्टूबर के दिन की है। घायल महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में कराया गया। मामले में घायल महिला कलावती देवी के आवेदन पर गांव के ध्रुपदेव प्रसाद, उनके बेटा शशिकांत, नीतेश कुमार, पत्नी कमला देवी के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

बैंक से रुपये निकालकर बाइक से घर लौट रहे युवक को दूसरे बाइक सवार ने मारी टक्कर

भोरे (दैनिक नवसंदेश) भोरे स्थित बैंक से रुपये निकालकर अपनी बाइक से मां के साथ घर लौट रहे एक युवक को अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी मां भी सड़क पर गिर पड़ीं। घटना के बाद टक्कर मारने वाला चालक अपनी बाइक सहित मौके से फरार हो गया। घायल युवक की पहचान भोरे थाना क्षेत्र के नोनियाछापर निवासी दीपक शर्मा के रूप में हुई है। घटना भोरे के समीप की है। सूचना मिलते ही 112 नंबर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल दीपक को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भोरे में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस फरार बाइक सवार की तलाश कर रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष और जिला परिषद प्रतिनिधि पहुंचे

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गिरी और जिला परिषद प्रतिनिधि ओम प्रकाश राय भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और परिजनों को सांत्वना दी। इस हृदयविदारक घटना से गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सदर एसडीपीओ चंदन कुमार के अनुसार, मामले में अब तक दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया है। पुलिस की कई टीमें मामले के खुलासे और अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटी हैं। फिलहाल, संजना की मौत के पीछे की वास्तविक वजह और घटना में किसकी भूमिका है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। एक मासूम बच्ची की मौत ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है। मां की सूनी आंखें, परिवार का विलाप और ग्रामीणों का आक्रोश इस घटना की भयावहता बयां कर रहे हैं। अब सबकी निगाहें पुलिस की जांच पर टिकी हैं, ताकि संजना को न्याय मिल सके और उसके परिवार को इस असहनीय दुख के बीच इंसाफ की उम्मीद मिल पाए।

ईमिलिया मांझा से महिला की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

रेलवे ट्रैक पर बरामद हुआ था शव

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के इटवा गांव की बेटी की हत्या कर उसकी पहचान छुपाने के लिए उसका सर, एक हाथ व एक पैर गायब करने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपितों को पुलिस ने जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र के ईमिलिया मांझा गांव में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान ईमिलिया मांझा गांव के मनौवर अंसारी, उनकी बहन अजमेरी खातून व सलमा खातून के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि 11 दिसंबर 2025 को हथुआ-थावे रेल खंड पर उचकागांव थाना क्षेत्र के सलेमपट्टी गांव के समीप एक महिला का शव पुलिस ने बरामद किया था। जिसका सर के अलावा एक हाथ व एक पैर गायब कर दिया गया था। मृतक महिला की पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र के इटवा गांव निवासी मृतक महिला के भाई इनामुल हसन ने अपनी बहन गुलशन खातून के रूप में की थी। बताया जा रहा है कि मृतक महिला का विवाह 26 अगस्त 2021 को फुलवरिया थाना क्षेत्र के शमसुद्दीन अंसारी के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल वाले दुकान लेने के नाम तीन लाख रुपये दहेज की मांग कर रहे थे। वहीं नहीं देने पर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसके बाद महिला को उसके भाई बुलाकर अपने घर लेकर चले आए थे। इसी दौरान महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया था। जिसके बाद ससुराल वाले फिर उसे बुलाकर अपने घर लेते गए थे। इसके बाद फिर से महिला को प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसकी सूचना महिला द्वारा बराबर फोन पर देती थी। इसी क्रम में महिला के लापता होने की सूचना ससुराल वालों द्वारा दी गई थी। इसी दौरान महिला के कई गायब अंगों वाला शव पुलिस ने सलेमपट्टी गांव के समीप रेलखंड पर बरामद किया गया था। इसके बाद मामले में इनामुल हसन के आवेदन पर फुलवरिया थाना क्षेत्र के ईमिलिया मांझा गांव निवासी महिला के पति समसुद्दीन अंसारी सहित आधा दर्जन के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। तभी से सभी आरोपित फरार चल रहे थे। मामले में केस के अनुसंधानकर्ता दरोगा टिंकू कुमार ने आरोपितों के घर पर छापेमारी कर फरार चल रहे तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जिन्हें बुधवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

महिला की हत्या के मामले में छह आरोपितों को आजीवन कारावास

जिला जज-9 राकेश रंजन सिंह की अदालत ने चार साल पुराने मामले में दी सजा

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) महिला की हत्या के करीब चार साल पुराने मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश-नौ राकेश रंजन सिंह की अदालत ने छह आरोपितों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। सजा पाने वालों में उचकागांव थाना क्षेत्र के जमसड़ गांव निवासी विद्यानंद पटेल, मनू पटेल, राम अवध पटेल, विकास कुमार उर्फ विशाल, सनु पटेल और सुन्दरपति देवी शामिल हैं। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी रमेश कुमार सिंह तथा प्रवीण चंद्र सिंह उर्फ बब्लू बाबू ने पक्ष रखा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने छह आरोपितों को दोषी पाते हुए सजा सुनायी। घटना 18 अगस्त 2022 की शाम की है। जमसड़ गांव निवासी शंभू प्रसाद अपने दरवाजे पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग कथित तौर पर हर-वे-हथियार से लैस होकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर वे उग्र हो गये। शोर सुनकर शंभू प्रसाद की पत्नी टुन्नी देवी मौके पर पहुंचीं, तो उन्हें गोली मार दी गयी। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के दौरान परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गयी, जिसमें वे घायल हो गये थे। घटना को लेकर शंभू प्रसाद ने अपने गांव के विद्यानंद पटेल, मनू पटेल, राम अवध पटेल, विकास कुमार उर्फ विशाल, सनु पटेल और सुन्दरपति देवी के अलावा सूरज कुमार, विकास कुमार तथा 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य सेवाएं देने में गोपालगंज बिहार में अव्वल

जून और जुलाई में दूसरे स्थान पर रहा जिला, अगस्त की रैंकिंग में हासिल किया पहला स्थान ● 240 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के प्रदर्शन का मिला लाभ

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गांवों में रहने वाले लोगों को छोटी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मजबूत बनाया जा रहा है। इन केंद्रों पर नियमित जांच, दवा, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और टेली कंसल्टेंसी जैसी सुविधाएं लोगों को उनके घर के नजदीक उपलब्ध कराने पर जोर है। इसी दिशा में गोपालगंज जिले ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अगस्त माह की राज्यस्तरीय रैंकिंग में बिहार में पहला स्थान हासिल किया है। खास बात यह है कि जिला लगातार तीन महीनों से रैंकिंग में अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए है। जून और जुलाई में दूसरे स्थान पर रहने के बाद अगस्त में गोपालगंज ने पहला स्थान प्राप्त किया है।



(स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक)

जिले में कुल 240 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। इन केंद्रों पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों के आधार पर हर महीने राज्यस्तरीय रैंकिंग तैयार की जाती है। इसमें केवल केंद्रों की संख्या नहीं, बल्कि वहां मरीजों को मिल रही सेवाओं, स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और नियमित रिपोर्टिंग जैसे पहलुओं को भी महत्व दिया जाता है। जून में गोपालगंज को राज्य में दूसरा स्थान मिला था। जुलाई में भी जिला इसी स्थान पर रहा। अगस्त की रैंकिंग में प्रदर्शन में सुधार करते हुए जिला पहले पायदान पर पहुंच गया। लगातार तीन महीनों तक शीर्ष दो स्थानों में बने रहना जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन की निरंतरता को दशार्ता है। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी जयंत कुमार चैहान के अनुसार, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की रैंकिंग कई महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर की जाती है। इनमें प्रतिदिन की रिपोर्टिंग, निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ओपीडी सेवाएं, टेली कंसल्टेंसी, जन आरोग्य समिति की बैठकें, दवाओं की उपलब्धता और आयुष्मान आरोग्य शिविरों का संचालन शामिल हैं। इसके अलावा डायग्नोस्टिक जांच की सुविधा, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, परिवार नियोजन सेवाओं सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और उनके क्रियान्वयन को भी रैंकिंग में शामिल किया जाता है। इन सभी बिंदुओं पर जिले के केंद्रों के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ मोहम्मद इजराईल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। गोपालगंज की अगस्त माह की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल करना अच्छी बात है।

मां की आंखों में आंसू, उजड़ गई खुशियों की दुनिया

लापता 12 वर्षीय संजना का शव मिलने से गांव में मातम, दो दिनों से बेटी की तलाश में भटक रहे परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़, शव मिलने के बाद ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

आलोक कुमार गोपालगंज

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिस बेटी को मां पिछले दो दिनों से घर-आंगन और गांव की गलियों में तलाश रही थी, उसकी सलामती की दुआ मांग रही थी, आखिरकार उसी बेटी का शव मिलने की खबर ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। मां की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। घर में जिस बच्ची की हंसी गूंजती थी, वहां अब चीख-पुकार और मातम पसरा है। जिले के थावे थाना क्षेत्र के खानपुर अजमत गांव में 12 वर्षीय संजना कुमारी का शव मिलने के बाद हर आंख नम है। छठी कक्षा में पढ़ने वाली इस मासूम की मौत की खबर से गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजन अपहरण के बाद हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। संजना, पवन सिंह की बेटी थी। वह गांव के ही एक निजी विद्यालय में छठी कक्षा में पढ़ती थी। दो बहनों में छोटी संजना का एक भाई भी है। उसके पिता विदेश में रहते हैं। परिवार को उम्मीद थी कि उनकी बेटी सुरक्षित घर लौट आएगी, लेकिन तीसरे दिन उसका शव मिलने की खबर ने परिवार की सारी उम्मीदें तोड़ दीं। परिजनों के अनुसार, 12 अक्टूबर को संजना अपने बथान में पशुओं को चारा खिलाने गई थी। इसी दौरान उसके एक वृद्ध महिला पाटीदार ने उसे साबुन देकर अपने घर पहुंचाने को कहा। संजना साबुन देने चली गई, लेकिन



(मृतिका का फाईल फोटो)

इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। काफी देर तक बेटी के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों की चिंता बढ़ने लगी। परिवार के लोगों ने गांव और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की। रिश्तेदारों और परिचितों से भी पूछताछ की गई, लेकिन संजना का कोई सुराग नहीं मिला। बेटी की तलाश में परेशान परिजनों ने आखिरकार थावे थाने में गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई। परिवार को उम्मीद थी कि पुलिस की मदद से उनकी बच्ची जल्द मिल जाएगी। लेकिन दो दिनों तक तलाश के बाद जब उसके शव मिलने की खबर आई, तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बुधवार को संजना का शव घर के पास स्थित उसके एक पाटीदार के पुराने मकान के पीछे मिलने की सूचना सामने आई। शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घर की बच्ची की इस तरह मौत की खबर सुनकर लोग स्तब्ध रह गए। मां का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों के चेहरे पर बेटी को खोने का दर्द और घटना को लेकर गहरा आक्रोश साफ दिखाई दे रहा था। सूचना मिलने पर थावे थाना अध्यक्ष विभा कुमारी और सदर एसडीपीओ चंदन कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। हालांकि, परिजनों ने अपहरण के बाद हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है। आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। बेटी का शव मिलने के बाद मां की आंखों से आंसू थम नहीं रहे थे। जिस बच्ची को उसने बड़े अरमानों से पाला-पोसा था, उसके इस तरह दुनिया से चले जाने के सदमे से परिवार टूट चुका है। परिजनों का आरोप है कि यदि समय रहते बच्ची की तलाश में प्रभावी कार्रवाई होती, तो शायद उसे बचाया जा सकता था। इसी बात को लेकर ग्रामीणों में भी नाराजगी देखी गई। शव मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने पुलिस से मामले का जल्द खुलासा करने और सभी दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की। स्थिति तनावपूर्ण होने पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस अधिकारी परिजनों और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास करते रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत, जांच में जुटी पुलिस

घटना के कारणों का नहीं हुआ खुलासा, पोस्टमार्टम कराने से परिजनों ने किया इंकार

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया थाना क्षेत्र के बथुआ बाजार में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई जब संदिग्ध परिस्थिति में एक 18 वर्षीय युवती की मौत हो गईइस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान बथुआ बाजार निवासी स्वर्गीय ध्रुव प्रसाद की पुत्री अंजली कुमारी के रूप में हुई है। घटना से इलाके में लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं होने लगीं। युवती की मौत की खबर से स्वजन में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलने के बाद फुलवरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने कि प्रक्रिया में जुट गई। इस बीच स्वजन ने युवती के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को बिना पोस्टमार्टम कराए वहां से लौट गई। मिले जानकारी के अनुसार युवती अपने कमरे मे मौजूद थी । काफी देर युवती के कमरे से बाहर नहीं निकलने पर परिजन दरवाजा खटखटाए लेकिन कोई जबाब अंदर से नहीं मिला। जिसके बाद दरवाजा को तोड़कर परिजन अंदर घुसे तो अंदर का नजारा देख परिजनों के होश उड़ गए। युवती को बिस्तर पड़ पड़ा देख उसे जगाने कि कोशिश किए लेकिन युवती ने दम तोड़ दी थी। हांलांकि इस मामले में पुलिस आत्महत्या कि घटना से इंकार कर रही है। वहीं क्षेत्र में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की चर्चा लोगों के बीच हो रही है। फिल्हाल परिजनों ने आसपास के लोगों के सहयोग से युवती के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



(घटना स्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी)

सड़क हादसा में चार लोग घायल, एक की हालत गंभीर

पंचदेवरी (दैनिक नवसंदेश) पंचदेवरी समउर मुख्य मार्ग पर भागीपट्टी के समीप सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। घायलों में हररवा गांव निवासी विजय शर्मा जिसकी उम्र 31 वर्ष की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पंचदेवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए गोपालगंज रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान हररवा गांव निवासी रविंद्र शर्मा के पुत्र विजय शर्मा, रविंद्र शर्मा की पत्नी उर्मिला देवी (50 वर्ष) तथा बेलाडीह गांव निवासी रघुनाथ राय के पुत्र प्रिंस राय (40 वर्ष) और अमरेश राय के पुत्र निगम गोड (28 वर्ष) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विजय शर्मा अपनी मां उर्मिला देवी को लेकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान भागीपट्टी के समीप पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विजय शर्मा और उर्मिला देवी घायल हो गए। इसी दौरान समउर की ओर से बाइक पर आ रहे प्रिंस राय और निगम गोड भी अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गए और घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल विजय शर्मा की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गोपालगंज रेफर कर दिया।



(अस्पताल में लगा लोगो की भीड)

52 किलो से अधिक गांजा बरामद, कटेया के तीन युवक यूपी में गिरफ्तार

38 लाख रुपये आंकी गई गांजा और वाहन की कीमत

कटेया (दैनिक नवसंदेश) उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चोपन पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक वाहन से 52 किलो 745 ग्राम गांजा बरामद करते हुए कटेया थाना क्षेत्र के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बरामद गांजे की कीमत करीब 26 लाख रुपये, जबकि जब्त वाहन की कीमत लगभग 12 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गोपालगंज जिले के कटेया थाना क्षेत्र के बहेरवा गांव निवासी सत्येन्द्र यादव, हररवा गांव निवासी अनूप उपाध्याय और मोतीपुर गांव निवासी राजन यादव के रूप में हुई है। तीनों की गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, सोनभद्र जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इसी क्रम में बीती रात चोपन थाना क्षेत्र के प्रीत नगर कस्बे में चैकी के सामने पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान एक वाहन की जांच की गई, जिसमें से 52 किलो 745 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने वाहन सवार तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई चोपन के प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्त के नेतृत्व में की गई। संयुक्त टीम में एसओजी प्रभारी रामस्वरूप वर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह सहित चोपन थाना और एसओजी के पुलिसकर्मी शामिल थे।

जे.के. इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया समाजसेवी कमलदेव सिंह का 17वां स्मृति दिवस

प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि, अतिथियों ने उनके योगदान को किया याद

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) पहाड़पुर स्थित जे.के. इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को समाजसेवी स्वर्गीय कमलदेव सिंह का 17वां स्मृति दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, गणमान्य अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने स्वर्गीय कमलदेव सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय कमलदेव सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ हुई। विद्यालय में प्रत्येक वर्ष 14 अक्टूबर को उनके स्मृति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया जाता है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जे.के. इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक प्रमोद सिंह, संरक्षिका सरस्वती देवी, आचार्य भवानी पांडेय,हीरालाल यादव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक पुष्कल कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अंकित कुमार मिश्र, जितेंद्र राय, जनक राय, अभिमन्यु पांडेय, निलेश तिवारी, विनोद भगत तथा शिक्षिकाओं रमिता कुमारी, रागिनी कुमारी, पूनम सिंह, कुंदन कुमारी, प्रिया सिंह, प्रियांजलि सिंह, सुधा कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



(प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते मुख्य अतिथि)

खाद की कालाबाजारी और निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बिक्री का मुद्दा उठा

नियमित रूप से बैठक कराने और किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने पर दिया गया जोर

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने, किसानों को निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।बैठक के दौरान समिति सदस्य चंदन तिवारी ने उर्वरक निगरानी समिति की बैठक नियमित रूप से और निर्धारित समय पर कराने की मांग उठाई।उन्होंने खाद की कालाबाजारी तथा यूरिया निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बेचे जाने के मामले को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने और उर्वरक बिक्री व्यवस्था की निगरानी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।बैठक में किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने पर रोक लगाने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने पर बल दिया गया।सदस्यों ने कहा कि खाद वितरण व्यवस्था पारदर्शी रहने से किसानों को राहत मिलेगी और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी करण शर्मा, उपप्रमुख जितेंद्र चैबे, चंदन तिवारी, मोहम्मद तौहीद, अमोद पांडेय, चंद्रेश सिंह, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



(बैठक में मौजुद अधिकारी व अन्य)